

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in
Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112

■ रायपुर, गुरुवार 30 जुलाई 2026 ■ श्रावण कृष्ण पक्ष-1 ■ वर्ष -42 ■ अंक-123 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 31 जुलाई 2026 ■ मूल्य-2.00 रुपये


## असाधारण हालात में पैलेट गन चलाना अधिकार

**नई दिल्ली,30 जुलाई।** दिल्ली स्थित जंतर मंतर पर कॉकरोच जनता पार्टी ने पेपर लीक के खिलाफ प्रदर्शन किया था। इसके तहत ही 20 जुलाई को संसद तक मार्च का ऐलान किया गया था। तब आरोप लगाए गए हैं कि पुलिस ने छात्रों को रोकने के लिए लाठीचार्ज का इस्तेमाल किया था। जंतर मंतर पर प्रदर्शन के दौरान घायल हुए छात्रों को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है। शीर्ष न्यायालय ने गुरुवार को साफ किया है कि पैलेट गन के छर्रों से जख्मी हुए लोगों का इलाज दिल्ली सरकार कराएगी। साथ ही सरकार को भी हथियारों के इस्तेमाल के रिकॉर्ड रखने के लिए कहा गया है। 20 जुलाई को सीजेपी के बैनर तले पेपर लीक के खिलाफ संसद मार्च किया गया था।

सीजेआई सूर्यकांत की अगुवाई वाली बेंच याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी। इसमें जस्टिस जॉयमाला बागची और जस्टिस वी मोहाना भी शामिल रहे। कोर्ट ने सरकार को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं कि घायलों को उचित इलाज मिले। इस दौरान खासतौर से पैलेट गन से घायल होने वालों का जिक्र किया गया है।



**घायलों का इलाज कराने सुको का सरकार को आदेश**

कोर्ट ने कहा, 'दिल्ली सरकार घायल याचिकाकर्ता और अन्य लोगों का इलाज कराएगी।' शीर्ष अदालत ने पूर्व केंद्रीय पुलिस आयुक्त और भारतीय पुलिस सेवा के सेवानिवृत्त अधिकारी यशोवर्धन आजाद और पैलेट से घायल दो लोगों की उस याचिका में की गई एक मांग पर भी सवाल उठाया, जिसमें कानून-व्यवस्था की स्थिति से निपटने के लिए धातु वाले पैलेट गन के इस्तेमाल पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का अनुरोध किया गया है। कोर्ट ने पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो के परामर्श का हवाला देकर कहा कि असाधारण परिस्थितियों में पुलिस को पैलेट गन के इस्तेमाल का अधिकार है। हालांकि, पीठ ने कहा कि वह 20 जुलाई को कॉकरोच जनता पार्टी की अगुवाई में हुए विरोध प्रदर्शन के दौरान पैलेट गन के इस्तेमाल पर मामले की सुनवाई करने के लिए तैयार है। एडवोकेट वृंदा ग्रोवर की दलीलों पर गौर कर सुप्रीम कोर्ट ने प्रदर्शन के दौरान तैनात आरएएफ यानी रैपिड एक्शन फोर्स के हथियारों के उपयोग का रिकॉर्ड सुरक्षित रखने का निर्देश दिया। संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत दायर जनहित याचिका आजाद और दो ऐसे व्यक्तियों ने संयुक्त रूप से दायर की है, जिनका दावा है कि 20 जुलाई को मध्य दिल्ली में आयोजित 'संसद चलो' प्रदर्शन के दौरान वे पैलेट लगने से घायल हुए थे। याचिका में घटना में कथित रूप से घायल हुए सभी लोगों को उचित मुआवजा, समुचित चिकित्सा सुविधा और पुनर्वास की सुविधा मुहैया कराने का भी अनुरोध किया गया है।

## भारत को कॉमनवेल्थ गेम्स में तीसरा गोल्ड

**नई दिल्ली,30 जुलाई।** दिलीप महादु गावित ने कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में छठे दिन भारत को तीसरा गोल्ड मेडल दिलाया। उन्होंने पुरुषों की पैरा 100 मीटर रेस में 10.71 सेकेंड का समय लेकर पहला स्थान हासिल किया। भारत के ही मोहम्मद बासिल ने 10.83 सेकेंड के साथ सिल्वर मेडल जीता, जबकि इंग्लैंड के केविन सैंटोस ने 10.85 सेकेंड के साथ ब्रॉन्ज अपने नाम किया। गावित से पहले भारत के लिए महिलाओं के पैरा शॉटपुट एफ 57 इवेंट में शर्मिला धनकड़ और रविवार को वेटलिफ्टिंग के 48 किलोग्राम इवेंट में मीराबाई चानू गोल्ड मेडल जीत चुकी हैं। इससे पहले छठे दिन लॉन्ग जंपर मुरली श्रीशंकर ने 8.09 मीटर की छलांग लगाकर सिल्वर मेडल जीता। वह पुरुषों की लंबी कूद में लगातार दो कॉमनवेल्थ गेम्स में सिल्वर जीतने वाले पहले भारतीय बने। इस इवेंट का गोल्ड जमैका के तजय गेल ने 8.15 मीटर की छलांग के साथ जीता। छठे दिन के मुकाबले समाप्त होने के बाद भारत के खाते में 3 गोल्ड, 9 सिल्वर और 3 ब्रॉन्ज समेत कुल 15 मेडल हो गए हैं।

### 32 महीने का पेंशन एरियर्स 120 दिन में देने के निर्देश

**रायपुर,30 जुलाई।** छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट ने रिटायर्ड शासकीय कर्मचारियों और पेंशनरों को बड़ी राहत दी है। कोर्ट ने राज्य सरकार को 1 जनवरी 2006 से 31 अगस्त 2008 तक के 32 महीने का पेंशन एरियर 120 दिनों के भीतर देने का आदेश दिया है। हाई कोर्ट ने 2006 से पहले रिटायर हुए पेंशनरों को वित्तीय लाभ सीमित करने वाले शासन के परिपत्र को भेदभावपूर्ण मानते हुए उस सीमा तक निरस्त कर दिया। अदालत ने कहा कि समान परिस्थितियों में पेंशनरों के साथ अलग-अलग व्यवहार नहीं किया जा सकता। इस फैसले से हजारों पात्र पेंशनरों को बड़ा वित्तीय लाभ मिलने की उम्मीद है।

### युवक की चाकू मारकर हत्या

**डोंगरगढ़,30 जुलाई।** राजनांदगांव जिले के डोंगरगढ़ शहर में पुरानी रंजिश खूनी वारदात में बदल गई। मंगलवार रात हुए हमले में एक युवक की चाकू लगने से मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। यह पूरा मामला डोंगरगढ़ थाना क्षेत्र के कस्मीरी पारा का है। पुलिस के अनुसार, शाहरुख खान ने शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि 28 जुलाई की रात करीब 9 बजे वह अपने भाई फारुख खान, दोस्त सुमित विश्वकर्मा उर्फ बोंगो और धनु यादव उर्फ धनेश के साथ कस्मीरी पारा में था। इसी दौरान पुरानी रंजिश के चलते आरोपी अभय निषाद हाथ में लकड़ी का डंडा लेकर पहुंचा और गाली-गलौज करते हुए सभी पर हमला करने दौड़ा। भागने के दौरान वह गिर पड़ा, जिसके बाद आरोपी ने उसके सिर पर लकड़ी के डंडे से हमला कर दिया। इसके बाद आरोपी ने अपने पास मौजूद चाकू से धनु के पेट में वार कर दिया। गंभीर रूप से घायल धनु यादव को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही डायल-112 और थाना डोंगरगढ़ पुलिस मौके पर पहुंची। घायल शाहरुख की शिकायत पर थाना डोंगरगढ़ में अपराध क्रमांक 419/2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 109 एवं 103(1) में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई।

### पीओके की सड़कों पर लाशों का लगा अंबार

**कराची,30 जुलाई।** सरकार और पाकिस्तान के सेना प्रमुख फ़ील्ड मार्शल आसिम मुनीर के ख़िलाफ़ सरकार-विरोधी प्रदर्शन जारी हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने निहत्थे प्रदर्शनकारियों पर गोलीबारी की, जिसमें 30 से ज़्यादा लोगों की मौत हो गई। सैकड़ों अन्य लोगों के भी घायल होने की ख़बर है। रिपोर्ट्स में यह भी आरोप लगाया गया है कि कार्रवाई के बाद कई शव लापता हो गए हैं। ख़बरों के अनुसार, पूरे पीओके में इंटरनेट सेवाएँ भी बंद कर दी गई हैं। हालाँकि, इन दावों की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हुई है। चल रही अशांति के बीच, पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में प्रदर्शनकारियों को "दुश्मन" बताया। उन्होंने भारत का उदाहरण देते हुए कहा कि उनसे कोई बातचीत नहीं होगी। आसिफ ने कहा उनके साथ कोई बातचीत नहीं होगी।" उनके इस बयान का समर्थन शहबाज़ शरीफ़ के विशेष सलाहकार राणा सनाउल्लाह खान ने भी किया और सरकार के रुख़ का बचाव किया। राणा सनाउल्लाह ने कहा जिन लोगों को पाकिस्तान ने पाला-पोसा, वे अब राज्य को ही चुनौती दे रहे हैं।



## सालों बाद बाबा कुलेश्वरनाथ महादेव मंदिर में चढ़ा पानी

**रायपुर,30जुलाई ■ तरुण छत्तीसगढ़**

प्रदेश में हो रही लगातार बारिश से नदियां उफान पर है। इसकी एक झलक राजिम धाम में देखने को मिल रही है, जहां महानदी का जलस्तर बढ़ने से सालों बाद त्रिवेणी संगम स्थित प्रसिद्ध बाबा कुलेश्वर नाथ महादेव मंदिर में वर्षों बाद पानी चढ़ा है। गरियाबंद जिले में लगातार 60 घंटे से हो रही बारिश से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। सिकासेर जलाशय से 60 हजार क्यूसेक पानी छोड़ने के कारण राजिम के त्रिवेणी संगम स्थित प्रसिद्ध बाबा कुलेश्वर नाथ महादेव मंदिर में वर्षों बाद पानी चढ़ा है। बढ़ते जल स्तर को देखते हुए जिला प्रशासन अलर्ट मोड पर है। नदी के तटीय क्षेत्र और निचली बस्तियों में सतर्क रहने मुनादी कराई जा रही है।भारी बारिश की वजह से गरियाबंद जिले में पैरी नदी भी उफान पर है, जिसकी वजह से नेशनल हाइवे 130 सी में बीते 24 घंटे से वाहनों की आवाजाही बाधित है। आलम यह है कि भारी बारिश की वजह से हाइवे पर पंटोरा के पास जलभराव की वजह से रायपुर-गरियाबंद मार्ग पर यात्री बसों के पहिये थम गए हैं। प्रशासन ने एहतियातन बेरिकेड्स लगाकर वाहनों की आवाजाही रोक दी है। लगातार बारिश से रायपुर में भी नदी-नाले उफान पर हैं। मौसम विभाग का अनुमान है कि आने वाले तीन दिनों तक मौसम इसी प्रकार से रहेगा। लगातार बारिश से खारुन नदी में पानी का बहाव इतना ज्यादा है कि महादेव घाट पर नदी के ऊपर बने पुल तक पानी पहुंच चुका है।

### फॉरेस्ट परिसर में खड़ी बोलेरो पर गिरा विशाल पेड़

**गरियाबंद,30जुलाई।** जिले में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश अब जान-माल के लिए भी खतरा बनती जा रही है। बुधवार देर रात गरियाबंद वन विभाग परिसर में खड़ी एक बोलेरो वाहन पर अचानक विशाल पेड़ गिर गया। पेड़ का वजन इतना अधिक था कि बोलेरो पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। गनीमत रही कि घटना के समय वाहन में कोई मौजूद नहीं था, जिससे बड़ा हादसा टल गया। जानकारी के मुताबिक, तेज बारिश और लगातार भीग रही जमीन के कारण पेड़ों की जड़ें कमजोर हो गई हैं। इसी वजह से देर रात एक के बाद एक दो बड़े पेड़ धराशायी हो गए। इनमें से एक पेड़ सीधे बोलेरो पर गिरा, जबकि दूसरा भी पास में गिरने से आसपास का क्षेत्र प्रभावित हुआ।

### गांव में घुसा महानदी का पानी, 6 लोगों का रेस्क्यू

**आरंग,30 जुलाई।** महानदी के ऊपरी कैचमेंट इलाकों में हो रही लगातार भारी बारिश के कारण नदियां उफान पर हैं। महानदी का जलस्तर तेजी से बढ़ने के कारण आरंग क्षेत्र के तटीय गांव निसदा में बाढ़ का पानी घुस गया है। स्थिति उस समय चिंताजनक हो गई, जब गांव के बीचों-बीच जलभराव बढ़ने से एक ही परिवार के 06 सदस्य अपने ही घर में चारों तरफ से पानी से घिर गए। आनन-फानन में मौके पर पहुंची एसडीआरएफ की टीम ने किसी तरह सभी का रेस्क्यू किया। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन हरकत में आया और आरंग एसडीएम अभिलाषा पैकरा, तहसीलदार बाबूलाल कुर्रे और थाना प्रभारी हरीश साहू दल-बल के साथ तुरंत मौके पर पहुंचे। फंसे हुए लोगों को सुरक्षित बाहर निकालने के लिए प्रशासन द्वारा एसडीआरएफ (स्टेट डिजास्टर रिस्पॉन्स फोर्स) की टीम को बुलाया गया है।



### उदंती नदी पर 9 करोड़ का निर्माणाधीन पुल ढहा

**गरियाबंद,30 जुलाई।** छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले में पिछले 50 घंटे से लगातार हो रही मूसलाधार बारिश का असर अब विकास कार्यों पर भी देखने को मिल रहा है। उदंती नदी पर ओडिशा सरकार की ओर से बनाया जा रहा निर्माणाधीन पुल तेज बहाव और भारी बारिश के चलते भरभराकर गिर गया। यह पुल छत्तीसगढ़ और ओडिशा के बीच संपर्क का महत्वपूर्ण माध्यम बनने वाला था। करीब 9 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित हो रहा यह पुल गरियाबंद जिले के अमलीगांव को ओडिशा के चार गांवों से जोड़ने के उद्देश्य से बनाया जा रहा था। लगातार हो रही बारिश के कारण उदंती नदी का जलस्तर बढ़ गया, जिससे निर्माणाधीन पुल तेज बहाव का दबाव नहीं झेल सका और अचानक ढह गया।



## बाढ़ से गौठान में फंसे परिवार को नगर सेना ने बचाया

**गरियाबंद,30 जुलाई।** सुहागपुर के गौठान में बाढ़ के पानी से घिरे एक परिवार को नगर सेना की टीम ने चार घंटे तक चले रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद सुरक्षित बाहर निकाल लिया, लेकिन खतरा अभी टला नहीं है क्योंकि उसी गौठान में करीब 300 गायें अब भी बाढ़ के पानी के बीच फंसी हुई हैं। दरअसल, लगातार हो रही मूसलाधार बारिश ने जिले के सुहागपुर गांव को संकट में डाल दिया। गौठान में बुधवार दोपहर से एक परिवार बाढ़ के पानी के बीच फंसा हुआ था। शाम करीब पांच बजे इसकी सूचना जिला प्रशासन और नगर सेना की टीम को मिली। हालात इतने खराब थे कि गौठान तक पैदल पहुंचना संभव नहीं था। इसके बाद रेस्क्यू बोट मंगाई गई और देर शाम शुरू हुआ ऑपरेशन रात तक चलता रहा। नगर सेना के जवानों ने आधे किलोमीटर से ज्यादा दूरी बोट से तय की। कई बार बोट बीच रास्ते में बंद भी हुई,

**300 मवेशी अब भी संकट में**



लेकिन दूसरी तरफ खड़े जवान टॉर्च की रोशनी से रास्ता दिखाते रहे। आखिरकार करीब चार घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद पांच लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। रेस्क्यू किए गए परिवार में 5 साल, 3 साल और 2 साल के मासूम बच्चे भी शामिल थे। जैसे ही पूरा परिवार सुरक्षित किनारे पहुंचा, मौके पर मौजूद लोगों ने 'जय बजरंगबली' के जयकारे लगाए। घंटों तक मौत के साये में रहने के बाद परिवार के चेहरों पर राहत और मुस्कान साफ दिखाई दी। यह ऑपरेशन जिले के इतिहास का पहला ऐसा देर रात फ्लड रेस्क्यू ऑपरेशन रहा, जिसे नगर सेना की टीम ने पूरी सफलता के साथ पूरा किया। मौके पर थाना प्रभारी, तहसीलदार और जिला प्रशासन के अधिकारी लगातार मौजूद रहे और पूरे अभियान की निगरानी करते रहे। हालांकि पांच लोगों को सुरक्षित बचा लिया गया है, लेकिन संकट अभी खत्म नहीं हुआ है। सुहागपुर गौठान में करीब 300 गायें अभी भी बाढ़ के पानी के बीच फंसी हुई हैं। लगातार हो रही बारिश के कारण पूरा गौठान पानी से घिर चुका है। जिला प्रशासन हालात पर लगातार नजर बनाए हुए है।

## सेक्स सीडी कांड में भूपेश बघेल को अंतरिम राहत

**बिलासपुर,30जुलाई।** छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को सेक्स सीडी कांड मामले में हाईकोर्ट से बड़ी अंतरिम राहत मिली है। हाईकोर्ट ने इस मामले में सीबीआई की विशेष अदालत में चल रही आगे की कार्यवाही पर रोक लगा दी है। यह अंतरिम आदेश जस्टिस राधाकिशन अग्रवाल की अदालत ने जारी किया है। भूपेश बघेल ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर 24 जनवरी 2026 को सीबीआई की विशेष अदालत द्वारा पारित आदेश को चुनौती दी थी। विशेष अदालत ने अपने पूर्व के आरोपमुक्ति आदेश को रद्द करते हुए बघेल के खिलाफ आरोप तय करने का निर्देश दिया था। याचिका में भूपेश बघेल की ओर से विशेष अदालत के उस आदेश पर आपत्ति जताई गई थी, जिसमें पहले दिए गए आरोपमुक्ति आदेश को निरस्त कर उनके खिलाफ मामले में आरोप तय करने की दिशा में कार्यवाही करने का निर्देश दिया गया था। अब हाईकोर्ट ने मामले की सुनवाई के दौरान सीबीआई की विशेष अदालत में चल रही आगे की कार्यवाही पर अंतरिम रोक लगा दी है। इससे फिलहाल बघेल के खिलाफ इस मामले में विचारण न्यायालय स्तर पर आगे की प्रक्रिया थम गई है।बता दें कि मामला वर्ष 2017 में तत्कालीन मंत्री एवं भाजपा विधायक राजेश मूणत की कथित रूप से अश्लील सीडी तैयार कर उसे प्रसारित कर उनकी छवि धूमिल करने के आरोपों से जुड़ा है। जांच सीबीआई को सौंपे जाने के बाद एजेंसी ने भूपेश बघेल सहित अन्य आरोपियों के खिलाफ आपराधिक साजिश, जालसाजी, फर्जी इलेक्ट्रॉनिक अभिलेख का उपयोग तथा अश्लील सामग्री के प्रकाशन एवं प्रसारण जैसी धाराओं में आरोपपत्र प्रस्तुत किया था। मामले में मार्च 2025 में विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट ने पर्याप्त प्रथम दृष्टया साक्ष्य नहीं मिलने का हवाला देते हुए भूपेश बघेल को डिस्चार्ज (आरोपमुक्त) कर दिया था। हालांकि जनवरी 2026 में सीबीआई के विशेष न्यायाधीश ने उस आदेश को पलटते हुए उनके खिलाफ आरोप तय करने का निर्देश दिया, जिसके खिलाफ बघेल ने हाईकोर्ट का रुख किया।हाईकोर्ट में लगी याचिका की सुनवाई के दौरान बघेल ने तर्क दिया कि पुनरीक्षण अदालत ने अपने अधिकार क्षेत्र से आगे बढ़कर न केवल आरोपमुक्ति आदेश को पलटा, बल्कि आरोपों की प्रकृति भी बदल दी, जबकि ऐसा अधिकार केवल विचारण न्यायालय को उचित चरण पर ही प्राप्त है।

**हाईकोर्ट ने ट्रायल पर लगाई रोक**



## हाईकोर्ट ने रद्द किया सीएमओ का निलंबन आदेश

**बिलासपुर,30 जुलाई।** नगरीय प्रशासन विभाग के अफसरों ने गंडई नगर पालिका के सीएमओ के निलंबन आदेश जारी कर दिया। निलंबन से पहले आरोप पत्र भी जारी नहीं किया गया। आलम ये कि अनुशासनात्मक कार्रवाई भी लंबित नहीं थी। अपने आप में गजब निलंबन आदेश को हाई कोर्ट ने रद्द कर दिया है। बिना आरोप पत्र जारी किए और ना ही किसी प्रकार की अनुशासनात्मक कार्रवाई लंबित थी। इसके बाद भी राज्य शासन ने सीएमओ को निलंबित करने का आदेश जारी किया। अपने आप में अजूबा इस आदेश को सीएमओ अविनाश देवांगन ने अधिवक्ता संदीप दुबे व मानस वाजपेयी के माध्यम से छत्तीसगढ़ बिलासपुर हाई कोर्ट में चुनाती दी थी। याचिका की सुनवाई जस्टिस बीडी गुरु के सिंगल बेंच में हुई। याचिकाकर्ता अविनाश देवांगन की ओर से पैरवी करते हुए अधिवक्ता संदीप दुबे ने कोर्ट को बताया, याचिकाकर्ता को छत्तीसगढ़ शहरी नगरपालिका (कार्यकारी, इंजीनियरिंग, स्वास्थ्य) सेवा भर्ती एवं सेवा शर्तें नियम, 2017 के नियम 33 के तहत शक्तियों का प्रयोग करते हुए निलंबित किया गया है। उन्होंने प्रस्तुत किया कि निलंबन के विवादित आदेश के अवलोकन से यह स्पष्ट होता है कि निलंबन की तिथि में याचिकाकर्ता के विरुद्ध कोई अनुशासनात्मक कार्यवाही लंबित नहीं थी और न ही उसे कोई आरोपपत्र जारी किया गया था। यह तर्क दिया गया है कि किसी भी लंबित अनुशासनात्मक कार्यवाही के अभाव में नियम 33 के तहत शक्ति का प्रयोग स्वयं नियम के विपरीत है।



## अजिंक्य रहाणे ने क्रिकेट को कहा अलविदा

**नई दिल्ली,30 जुलाई।** भारत के अनुभवी बल्लेबाज और 2020-21 बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में टीम इंडिया को ऐतिहासिक जीत दिलाने वाले अजिंक्य रहाणे ने गुरुवार (30 जुलाई) को क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास की घोषणा कर दी। इसके साथ ही उनका पेशेवर क्रिकेट करियर समाप्त हो गया। रहाणे ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर एक भावुक वीडियो साझा करते हुए अपने फैसले की जानकारी दी। संन्यास की घोषणा करते हुए रहाणे ने लिखा, "कैप नंबर 278 अब यहीं तक। वर्षों तक मिले आपके प्यार और समर्थन के लिए दिल से धन्यवाद। मैं हमेशा आपका आभारी रहूंगा।" रहाणे ने अपने शुरुआती संघर्षों को याद करते हुए कहा कि डोंबिवली के एक छोटे से लड़के के रूप में उन्होंने केवल अभ्यास करने के उद्देश्य से सफर शुरू किया था।



## सरकार ने फिटमेंट फैक्टर पर संसद में अपनी बात रखी

**नई दिल्ली,30 जुलाई।** केंद्र सरकार ने पहली बार 8वें केंद्रीय वेतन आयोग के फिटमेंट फैक्टर पर संसद में अपनी बात रखी है। हालांकि, सरकार ने कर्मचारी संघों की मांगों पर कोई जवाब नहीं दिया है, लेकिन उसने यह स्पष्ट कर दिया है कि आयोग स्वतंत्र है और सरकार को उसके आंतरिक विचार-विमर्श के बारे में जानकारी नहीं दी जा रही है।

राज्यसभा में एक प्रश्न के जवाब में वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने कहा कि सरकार ने 3 नवंबर 2025 को 8वें केंद्रीय वेतन आयोग के गठन और उसके कार्यक्षेत्र की अधिसूचना जारी की थी। उन्होंने स्पष्ट किया कि "3 नवंबर 2025 के संकल्प में कहा गया है कि 8वां केंद्रीय वेतन आयोग अपनी प्रक्रिया स्वयं तैयार करेगा।"राज्यसभा सांसद जावेद अली खान ने पूछा था कि क्या कर्मचारी संघों ने फिटमेंट फैक्टर की गणना के लिए फैमिली यूनिट की संख्या तीन से बढ़ाकर पांच करने की मांग की है, जिसमें कर्मचारियों के माता-पिता को भी शामिल किया जाए।

उन्होंने आयोग की बैठकों, कर्मचारी संघों के साथ विचार-विमर्श और इन मांगों पर सरकार की प्रतिक्रिया के बारे में भी जानकारी मांगी। मंत्री ने स्पष्ट किया कि "आयोग के कार्यक्षेत्र में यह प्रावधान नहीं है कि आयोग सरकार को अपनी प्रगति, विचाराधीन सिफारिशों की प्रकृति या अपनी विचार-विमर्श प्रक्रिया के दौरान परामर्श प्रक्रिया के बारे में अपडेट रखेगा।" इसके परिणामस्वरूप सरकार के पास आयोग द्वारा आयोजित बैठकों की संख्या, अब तक किन कर्मचारी संघों से परामर्श किया गया है, या क्या ऐसी मांगों पर चर्चा हुई है, इसकी कोई जानकारी नहीं है।

## विपक्ष मुद्दाविहीन, गैर-जिम्मेदाराना व्यवहार कर रहा : नड्डा

**नई दिल्ली,30 जुलाई।** गुरुवार को केंद्रीय मंत्री और राज्यसभा में सदन के नेता जेपी नड्डा ने विपक्ष पर जानबूझकर संसद की कार्यवाही में बाधा डालने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार हर मुद्दे पर चर्चा करने के लिए तैयार है, लेकिन विपक्ष के पास उठाने के लिए कोई ठोस मुद्दा नहीं है। राज्यसभा को संबोधित करते हुए नड्डा ने कहा कि मॉनसून सत्र की शुरुआत से ही विपक्ष का ध्यान सदन के कामकाज में बाधा डालने पर रहा है। नड्डा ने कहा कि विपक्ष का रवैया नकारात्मक रहा है। सत्र शुरू होने के बाद से ही उनका पूरा ध्यान सदन को सुचारू रूप से चलने देने के बजाय उसकी कार्यवाही में बाधा डालने और रुकावट पैदा करने पर रहा है। मैंने देखा है कि विपक्ष के पास कोई ठोस मुद्दा नहीं है। उनकी आदत है कि वे लगातार अपने मुद्दे बदलते रहते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार संसद में चर्चा के लिए हमेशा तैयार रही है और विपक्ष पर बहस से बचने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि सरकार की तरफ़ से मैं एक बात साफ़ करना चाहता हूँ: पीएम मोदी के नेतृत्व वाली सरकार हर मुद्दे पर चर्चा करने के लिए तैयार है--और यह सिर्फ़ मौजूदा सत्र तक ही सीमित नहीं है। पिछले सभी सत्रों में, सरकार हमेशा हर मामले पर चर्चा के लिए तैयार रही है, और जब भी चर्चा हुई है, विपक्ष को शर्मिंदगी उठानी पड़ी है और मुँहतोड़ जवाब मिला है क्योंकि उनके पास कोई ठोस मुद्दा नहीं होता। दिन के कामकाज का ज़िक्र करते हुए, नड्डा ने कहा कि राज्यसभा में चर्चा होनी थी और विपक्ष की बार-बार अपनी माँगें बदलने की आलोचना की।

# हाई स्कूल नेउरगांव कला में साइकिल मिलते ही छात्राओं के चेहरे खिले

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा, 30 जुलाई।** सरस्वती सायकिल योजना अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल नेउरगांव कला में बालिकाओं को निःशुल्क सायकिल वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि मनीराम साहू सासंद प्रतिनिधि नरेश चंद्रवंशी, जनभागीदारी अध्यक्ष और समिति के सदस्य सहित पंचायत प्रतिनिधि मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरुआत मां विद्यादायिनी की पूजा अर्चना, सरस्वती वंदना से की गई। अतिथियों के स्वागत के बाद प्राचार्य अशोक वर्मा ने छात्राओं व अतिथियों को राज्य शासन की महत्वकांक्षी योजना सरस्वती निशुल्क साइकिल योजना की जानकारी दी।जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि मनीराम साहू ने अपने उद्बोधन में बच्चों को अपनी शुभकामनाएं प्रदान करते हुए कहा कि राज्य शासन की महती योजना अंतर्गत निःशुल्क साइकिल वितरण से बालिकाएं अब अधिक आत्मविश्वास, आत्मनिर्भरता, उत्साह के साथ स्कूल आना जाना करेंगी। बच्चों को मन लगाकर अध्ययन करने तथा शासन द्वारा स्कूलों में दिए जाने वाले विभिन्न सुविधाओ का लाभलेते हुए अपने उज्वल भविष्य निर्माण करने की प्रेरणा प्रदान किए।सांसद प्रतिनिधि नरेश चंद्रवंशी ने छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सभी लाभांवित बालिकाएं अब समय पर शाला पहुंचेगी और अपनी भविष्य की रास्ता गढ़ेगी। इस योजनांतर्गत मिलने वाली सायकल से बेटियों को प्रोत्साहन मिला है, दूर दराज से आने वाली बालिकाओं को सुविधा होगी एवं परेशानी से छुटकारा मिलेगी साथ ही समय की

भी बचत होगी। छात्राओं को इस योजना के वजह से शाला आने जाने में बहुत सहूलियत होगी। जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष केदार पटेल ने बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने की बात कही, वहीं आशु चंद्रवंशी ने इस योजना को बालिका शिक्षा के लिए वरदान बताया। उन्होंने कहा कि साइकिल प्राप्त करने के बाद छात्राओं के चेहरों पर जो खुशी और आत्मविश्वास दिखाई दिया, वही इस योजना की सबसे बड़ी सफलता है। बेटियों की मुस्कान इस बात का प्रमाण है कि सरकार की योजनाएं वास्तव में ज़रूरतमंद लोगों तक पहुँच रही हैं और उनके जीवन में सकारात्मक परिवर्तन ला रही हैं।अपने घर से स्कूल तक का सफर पैदल तय करने वाली बेटियां को साइकिल मिली तो उनके चेहरे खुशी से खिलखिला उठे। इन दिनों शिक्षा विभाग की निःशुल्क सरस्वती साइकिल वितरण योजना के तहत साइकिलें बांटी जा रही है।साइकिल वितरण कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि मनीराम साहू, सासंद प्रतिनिधि नरेश चंद्रवंशी, जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष केदार पटेल, आशु चंद्रवंशी, जितेंद्र चंद्रवंशी, संजय पटेल, खगेश चंद्रवंशी, भाईराम पटेल, सरपंच विवेकानंद चंद्रवंशी, उपसरपंच प्रतिनिधि मदनबिहारी चंद्रवंशी, विद्यालय के प्राचार्य अशोक वर्मा रामसेवक धुर्वे, अनुराधा मिश्रा, शिक्षक रघुनंदन राम चंद्रवंशी, विरेंद्र मरकाम, लक्ष्मण प्रसाद देवांगन, सहित विद्यालय के सभी विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# पाइप लाइन के लिए खोदे गए गड्ढे से जान जाने का खतरा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 30 जुलाई।** शिव सेना (उद्धव बाला साहब ठाकरे) के भिलाई जिला अध्यक्ष राजू गुप्ता ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि भिलाई 3 क्षेत्र में अकलोरडीह चौंक वार्ड 3 न्यू पानी टंकी के सामने सड़क के किनारे पाईप लाईन बिछाने के लिए खोदे हुए गड्ढे से जान माल का खतरा बना रहता है गड्ढों में पानी भरा रहने से कईयों की जान भी जा चुकी प्रशासन अपनी कुम्भकरणीय नींद से जागा नहीं इस सड़क मार्ग से भारी मात्रा बड़ी ट्रेलर ट्रक स्कूल की बसें अन्य वाहनों का आना जाना लगा रहता है अकलोरडीह गाँव से कर्मचारी मजदूर फैक्ट्रियों में काम करने के लिए सैकड़ों की संख्या में इसी सड़क मार्ग से आते-जाते हैं सड़क किनारे मिट्टी होने के कटाव लम्बें चौड़े गड्ढे में राहगीर उसमें समा सकते हैं जून महीने में अकलोरडीह चौंक राम राम धर्म काँटा के सामने सीमेंटीकरण सड़क को जेसीबी मशीन से तोड़कर गहरा कर उसमें पानी के पाईप लाईन को बिछाया गया था ठेकेदार की लापरवाही के कारण उस गड्ढे में गिरने से दो व्यक्तियों की मौत हो गई आनन फानन में खोदे गये गड्ढे में मुरम डालकर उसे बराबर कर छोड़ दिया दोबारा गड्ढे नाली में तब्दील हो गई है और कई लोग गड्ढों में उछलकर चोटिल हो रहे हैं

## एक नजर

### पैसे न देने पर मारपीट,युवक गिरफ्तार



**भिलाई, 30 जुलाई (तछसं.)।** भिलाई सुपेला टीआई एस एन सिंह ने बताया कि प्रार्थी ने थाना सुपेला में रिपोर्ट दर्ज करायी कि वह अपने घर के बाहर बैठा था। इसी दौरान मोहल्ले का निवासी राहुल यादव वहां पहुंचा और विवाद करते हुए शराब पीने के लिए पैसे की मांग करने लगा प्रार्थी के द्वारा पैसे नहीं होने की बात कहने पर आरोपी ने अश्लील गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी तथा अपने पास रखे धारदार हथियार को दिखाकर भयभीत किया? इस के बाद आरोपी ने हाथ-मुक्कों से मारपीट की बीच-बचाव करने आए रूपचंद रात्रे के साथ भी आरोपी ने हाथापाई की? रिपोर्ट पर थाना सुपेला में धारा 296, 115(2), 351 (3), 119 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया। विवेचना के दौरान आरोपी राहुल यादव को घेराबंदी कर गिरफ्तार किया गया तथा न्यायालय में प्रस्तुत कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया। आरोपी के विरुद्ध गुण्डा बदमाश होने के कारण बाउण्ड ओवर की कार्रवाई भी की जा रही है ।

### 43 पौवा सहित युवक गिरफ्तार



**भिलाई, 30 जुलाई।** भिलाई जामुल टीआई राकेश खुटेश्वर ने बताया कि थाना जामुल पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि बीडीसी चौक पुलिया के पास आदिवासी नगर छावनी क्षेत्र में एक व्यक्ति अवैध रूप से शराब बिक्री करने के उद्देश्य से ग्राहकों की तलाश कर रहा है सूचना मिलते ही थाना जामुल थाने पुलिस ने टीम गठित कर बताए गए स्थान पर घेराबंदी की पुलिस टीम ने मौके पर एक संदिग्ध व्यक्ति को पकड़कर पूछताछ की। उसने अपना नाम पिंटू बिषार (35 साल ) निवासी जोन-02, उड़िया मोहल्ला पुरानी शराब भट्टी के पास खुर्सीपार बताया तलाशी लेने पर उसके कब्जे से एक बैग में रखी 43 पौवा अवैध शराब बरामद की है।

### 22 नाबालिग वाहन चलाते पकड़े गए

**भिलाई, 30 जुलाई (तछसं.)।** जिले के प्रमुख चौक-चौराहों, विद्यालयों के आसपास तथा व्यस्त मार्गों पर सघन वाहन जांच की गई। जांच के दौरान आज कुल 22 नाबालिग वाहन चालक बिना वैध ड्राइविंग लाइसेंस के वाहन चलाते हुए पाए गए, इसके साथ ही विगत तीन दिनों में कुल 89 नाबालिग वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई की जा चुकी है अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात कौशलेंद्र देव पटेल ने बताया कि बैठक में यातायात पुलिस अधिकारियों ने अभिभावकों को विस्तार से बताया कि कम उम्र के बच्चे वाहन संचालन के लिए आवश्यक मानसिक परिपक्वता, अनुभव एवं त्वरित निर्णय क्षमता विकसित नहीं कर पाते। सड़क पर अचानक उत्पन्न होने वाली परिस्थितियों में सही निर्णय नहीं ले पाने के कारण वे स्वयं तथा अन्य लोगों के लिए गंभीर दुर्घटनाओं का कारण बन सकते हैं अधिकारियों ने सड़क दुर्घटनाओं के वास्तविक उदाहरणों के माध्यम से अभिभावकों को समझाया कि बच्चों को कम उम्र में वाहन उपलब्ध कराना उनके जीवन को अनावश्यक जोखिम में डालना है। साथ ही यह भी अवगत कराया गया।

# आयुक्त ने किया निर्माण कार्यों, सफाई व्यवस्था और आमा तालाब का निरीक्षण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 30 जुलाई।** आयुक्त सुश्री सुरूचि सिंह ने शहर में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों, प्रस्तावित निर्माण स्थलों, तालाबों, सफाई व्यवस्था तथा आईटीआई परिसर में संचालित कंप्यूटर न्यूमेरिकल कंट्रोल (सीएनसी) कार्य का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने निर्माण कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने और शहर की सफाई व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने कॉलोनी विकास शुल्क मद से अनुष्ठा रेसिडेंसी में किए जा रहे निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को कार्य में तेजी लाने, गुणवत्ता सुनिश्चित करने तथा निर्धारित मानकों के अनुरूप जल्द से जल्द निर्माण कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए, ताकि कॉलोनी वासियों को आवश्यक मूलभूत सुविधाओं का लाभ मिल सके। इसके बाद आयुक्त ने अयप्पा नगर में प्रस्तावित विकास कार्य स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने स्थल की आवश्यकताओं का अवलोकन करते हुए संबंधित अधिकारियों को सभी आवश्यक औपचारिकताएं शीघ्र पूरी कर निर्माण कार्य प्रारंभ कराने के निर्देश दिए। आयुक्त ने कोहका स्थित आमा तालाब का भी निरीक्षण कर तालाब एवं आसपास के क्षेत्र की स्वच्छता व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करने और परिसर को स्वच्छ एवं व्यवस्थित बनाए रखने के निर्देश दिए। वहीं वार्ड क्रमांक 24 फौजी नगर में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करते हुए अधिकारियों को विशेष सतर्कता बरतने तथा सार्वजनिक स्थानों पर कचरा फेंकने और अवैध डम्पिंग करने वालों पर कड़ी कार्रवाई करते हुए भारी जुर्माना लगाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने आईटीआई परिसर में संचालित कंप्यूटर न्यूमेरिकल कंट्रोल (सीएनसी) कार्य की भी समीक्षा की। उन्होंने कार्य की प्रगति की जानकारी लेते हुए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने तथा प्रशिक्षण गतिविधियों को बेहतर ढंग से संचालित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त एवं जोन आयुक्त दिनेश कोसरिया, अमरनाथ दुबे, ऐशा लहरे, कार्यपालन अभियंता संजय अग्रवाल, संजय वर्मा, अरविन्द शर्मा, सहायक अभियंता फत्तेलाल साहू, श्वेता वर्मा, चंद्रकांत साहू, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, उप अभियंता पुरुषोत्तम सिन्हा, बसंत साहू तथा जोन स्वास्थ्य अधिकारी अंकित सक्सेना सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# पावस काव्य गोष्ठी में कवियों ने कविताएं सुना कर बांधा समां



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 30 जुलाई।** साहित्य सृजन परिषद के तत्वावधान में रामनगर में पावस ऋतु पर आधारित पावस काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वर्षा, प्रकृति, प्रेम और सामाजिक सरोकारों से जुड़ी विविध रचनाओं की प्रभावशाली प्रस्तुति ने श्रोताओं को बंधे रखा। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्कृत विद्वान आचार्य डॉ. महेश चन्द्र शर्मा ने की। मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. हंसा शुक्ला, प्राचार्या, स्वामी श्री स्वरूपानंद सरस्वती महाविद्यालय उपस्थित रहीं। विशिष्ट अतिथियों में आरंभ के अध्यक्ष प्रदीप भट्टाचार्य, समाजसेवी घनश्याम कुमार देवांगन तथा शिक्षाविद् काशीनाथ वर्मा शामिल रहे। शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन-अर्चन, दीप प्रज्ज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। इसके बाद साहित्य सृजन परिषद के अध्यक्ष एवं कवि एन.एल. मौर्य प्रीतम ने स्वागत उद्बोधन देते हुए वैदिक काल में नारी की प्रतिष्ठा और सम्मान का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि जिस समाज में नारी का सम्मान होता है, वहीं देवत्व का वास होता है। मैत्रेयी और गार्गी जैसी विदुषियों का उदाहरण देते हुए उन्होंने वर्तमान समय की सम्मानित महिलाओं को भी नारी रत्न की संज्ञा दी। इस अवसर पर उन्होंने परिषद का प्रतिवेदन भी प्रस्तुत किया।

### छात्रा ने खुदकुशी की

**भिलाई, 30 जुलाई।** भिलाई कुम्हारी थाना क्षेत्र के एक 11 वीं कक्षा की छात्रा ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली आत्महत्या का कारण अज्ञात है कुम्हारी पुलिस ने बताया कि जंजगिरी निवासी लता साहू (17 साल ) ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया आत्महत्या का कारण अज्ञात है।

### लोगों को डराने वाले गिरफ्तार

**भिलाई, 30 जुलाई।** भिलाई वैशाली नगर थाना क्षेत्र के हथियार लेकर लोगों को डराने धमकाने वाले तीन युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है वैशाली नगर टीआई राजकुमार लहरे ने बताया कि मुखबिर सूचना पर रामनगर मुक्तिधाम तालाब के पास एक युवक हाथ में धारदार हथियार लेकर राहगीरों और लोगों डरा-धमका रहा

# पदोन्नति में लगातार देरी से शिक्षकों में गुस्सा, वरिष्ठता में वरीयता की उठाई मांग

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 30 जुलाई।** छत्तीसगढ़ में शिक्षा विभाग की लंबे समय से लंबित पदोन्नति प्रक्रिया निर्धारित समय-सीमा में पूरी नहीं होने से प्रदेशभर के शिक्षकों और कर्मचारियों में असंतोष बढ़ता जा रहा है। शिक्षा मंत्री द्वारा 30 जून तक पदोन्नति प्रक्रिया पूर्ण करने के निर्देश दिए गए थे, लेकिन विभागीय स्तर पर प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकी। अब इसे 15 अगस्त तक पूरा किए जाने की संभावना जताई जा रही है। लगातार बढ़ती समय-सीमा को लेकर शिक्षक जवाबदेही तय करने की मांग कर रहे हैं। शिक्षकों का कहना है कि पदोन्नति में हो रही देरी का सीधा असर उनके वेतनमान, वरिष्ठता, सेवा लाभ और भविष्य के कैरियर पर पड़ रहा है। वहीं विद्यालयों में बड़ी संख्या में रिक्त पद होने से शैक्षणिक एवं प्रशासनिक कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं। शिक्षकों ने शासन से पारदर्शी, नियम सम्मत और समयबद्ध तरीके से पदोन्नति प्रक्रिया पूरी करने की मांग की है। इस बीच टेट उत्तीर्ण कल्याण शिक्षक संघ ने शासन के समक्ष मांग रखी है कि राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद के प्रावधानों तथा सर्वोच्च न्यायालय के विभिन्न निर्णयों की भावना के अनुरूप टेट उत्तीर्ण शिक्षकों को वरिष्ठता सूची में वरीयता प्रदान की जाए। संघ का कहना है कि शिक्षक पात्रता परीक्षा शिक्षक की न्यूनतम व्यावसायिक योग्यता का प्रमाण है, इसलिए पदोन्नति और वरिष्ठता निर्धारण में इसका समुचित महत्व दिया जाना चाहिए। संघ ने यह भी मांग की है कि पदोन्नति प्रक्रिया पूरी करने से पहले वरिष्ठता सूची से संबंधित सभी आपत्तियों और वैधानिक पहलुओं का निराकरण किया जाए, ताकि भविष्य में किसी प्रकार के विवाद या न्यायालयीन स्थिति उत्पन्न न हो। शिक्षकों का कहना है कि शासन को स्पष्ट नीति अपनाकर सभी पात्र शिक्षकों के हितों की रक्षा करनी चाहिए। संघ ने चेतावनी दी है कि यदि टेट उत्तीर्ण शिक्षकों को वरिष्ठता में वरीयता देने और उनके अधिकारों के संरक्षण संबंधी मांगों की अनदेखी की गई, तो प्रदेशव्यापी लोकतांत्रिक एवं चरणबद्ध आंदोलन शुरू किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन और संबंधित विभाग की होगी।

# 1242 म्यूल खातों की पहचान कर 117 लोग किए गए गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**दुर्ग, 30 जुलाई।** दुर्ग जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में साइबर ठगी एवं ऑनलाइन सट्टे में प्रयुक्त 1242 म्यूल बैंक खातों की पहचान कर 117 खाताधारक एवं 05 म्यूल एजेंट को गिरफ्तार कर लगभग तीन करोड़ की राशि होल्ड की गई है दुर्ग डीआईजी विजय अग्रवाल ने बताया कि साइबर अपराध एवं ऑनलाइन सट्टे के बढ़ते मामलों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने तथा इन अपराधों के वित्तीय नेटवर्क को ध्वस्त करने के उद्देश्य से दुर्ग पुलिस ने 1 जनवरी से 29 जुलाई तक विशेष अभियान संचालित किया। अभियान के दौरान पुलिस मुख्यालय तकनीकी सेवा (साइबर), भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र, राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल, विभिन्न राज्यों से प्राप्त शिकायतों एवं बैंकिंग संस्थानों से प्राप्त सूचनाओं का तकनीकी एवं वित्तीय विश्लेषण किया गया। जांच में यह पाया गया कि साइबर ठगी, डिजिटल अरेस्ट, फर्जी निवेश, शेयर ट्रेडिंग फ्रॉड, ऑनलाइन गेमिंग, ऑनलाइन सट्टा, कस्टमर केयर फ्रॉड एवं अन्य साइबर अपराधों से प्राप्त अवैध धनराशि को छिपाने एवं आगे स्थानांतरित करने के लिए म्यूल बैंक खातों का व्यापक रूप से उपयोग किया जा रहा था। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में संचालित बैंक खातों के लेन-देन, केवाईसी दस्तावेज, मोबाइल नंबर, इंटरनेट बैंकिंग लॉग, यूपीआई ट्रांजेक्शन एवं अन्य डिजिटल साक्ष्यों के परीक्षण के उपरांत 18 प्रकरणों में कुल 1242 म्यूल बैंक खातों की पहचान कर अपराध पंजीबद्ध किए गए। उक्त कार्रवाई के दौरान अब तक 117 खाताधारकों एवं 05 म्यूल एजेंटों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। साथ ही विभिन्न साइबर ठगी एवं ऑनलाइन सट्टा प्रकरणों से संबंधित लगभग 3 करोड़ की डिस्प्यूट राशि पर होल्ड लगाया गया, जिससे उक्त धनराशि के आगे हस्तांतरण एवं निकासी को समय रहते रोका जा सका। वर्तमान में लगभग 2000 अन्य संदिग्ध म्यूल बैंक खातों का तकनीकी एवं वित्तीय विश्लेषण जारी है। इन खातों से जुड़े खाताधारकों, एजेंटों तथा अन्य सहयोगियों की पहचान कर उनके विरुद्ध भी चरणबद्ध कार्रवाई की जा रही है।

## समाचार संक्षेप

### पाटन मंडल भाजपा ने गुरु रविदास की जयंती मनाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**उतई , 30 जुलाई।** जिला भाजपा दुर्ग द्वारा संत रविदास जी की 650 वी जयंती पूरा जिला में मनाने के संबंध में निर्णय लिया गया था कि आज गुरु पूर्णिमा के दिन प्रत्येक गुरु रविदास जी के मंदिर में दीप उत्सव मना कर गुरु रविदास जी की जीवन परिचय उनके कार्यों को याद करने के लिए निर्देशित किया गया था इस अवसर पर पाटन मंडल द्वारा भी पाटन के मंदिर में गुरु रविदास जी के 650 वी जन्मदिन के अवसर पर बड़े धूमधाम के साथ दीप उत्सव का कार्यक्रम रखा गया था इस अवसर पर मंडल के अध्यक्ष रानी बंछोर शक्ति केंद्र प्रभारी हर प्रसाद आडिल वरिष्ठ भाजपा नेता केशव बंछोर बीजेपी युवा मोर्चा के अध्यक्ष कुणाल वर्मा भाजपा महिला मोर्चा के युनिका वर्मा अतीश सपहा सहित वरिष्ठ एवं कनिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे इस अवसर पर समाज की भी सक्रिय कार्यकर्ता लोगों की योगदान रहा है जिसमें प्रमुख रूप से बृज लहरी मोहन लहरी पुजारी मोती लहरी सुशीला त्रिवेणी चंदा चित्रलेखा रीना वंदना राजकुमार लोकेश्वरी लहरी प्रमुख है ।

### एसपी-3 में 10 वर्षों बाद सी-3 चेन कन्वेयर का सफल पुनरुद्धार



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 30 जुलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के सिंटर प्लांट-3 (एसपी-3) ने वर्ष 2016 से बंद पड़े सी-3 चेन कन्वेयर का पूर्णतः इन-हाउस संसाधनों से सफल पुनरुद्धार कर पुनः संचालन शुरू कर दिया है। पुनर्निर्मित कन्वेयर का उद्घाटन 28 जुलाई को महाप्रबंधक (मैकेनिकल) आई. वी. रमना ने किया। लंबे समय तक निष्क्रिय रहने से कन्वेयर जंग ग्रस्त और अनुपयोगी हो गया था। एसपी-3, सीएमएम, मैकेनिकल एवं इलेक्ट्रिकल टीमों ने संयुक्त प्रयास से चेन लिंक, स्प्रॉकेट, फ्लाइट सेक्शन, मोटर और कंट्रोल पैनल का पुनरुद्धार कर सफल ट्रायल रन के बाद इसे पुनः कमीशन किया। मुख्य महाप्रबंधक सजीव वर्गीस, महाप्रबंधक प्रभारी राहुल बिजुरकर एवं सुनील कुमार सहित अनेक अधिकारियों की उपस्थिति में परियोजना की सराहना की गई।

### एआई कैटेलिस्ट थीम पर क्विज प्रतियोगिता आयोजित




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 30 जुलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के मानव संसाधन-ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग द्वारा एचआरडीसी में क्वेस्ट ऑन तिमाही बोनांजा क्विज का आयोजन किया गया। एआई कैटेलिस्ट थीम पर आधारित इस प्रतियोगिता में संयंत्र के विभिन्न विभागों के 110 से अधिक कर्मचारियों ने दो सदस्यीय टीमों के रूप में भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य कर्मचारियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, जनरेटिव एआई, साइबर सुरक्षा एवं डिजिटल तकनीकों के प्रति जागरूक करना था। मुख्य अतिथि कार्यपालक निदेशक पवन कुमार ने कहा कि एआई औद्योगिक कार्यप्रणाली में तेजी से बदलाव ला रहा है। प्रतियोगिता में निवेश विजयन और गरेश कोडुरु की टीम प्रथम, आशीष अग्रवाल एवं निखिल आहूजा की टीम द्वितीय तथा सुधांशु जमवाल एवं नागेश्वर राव एन. की टीम तृतीय स्थान पर रही। विजेता एवं उत्कृष्ट प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम में स्वर्गीय संजय शामकुवर की स्मृति को भी नमन किया गया। उनकी धर्मपत्नी एवं महाप्रबंधक जयश्री शामकुवर ने प्रतियोगिता का प्रायोजन किया। संचालन ऐमन अली और हिमांशु वर्मा ने, जबकि समन्वय नीरजा शर्मा एवं सुष्मिता पाटला ने किया।

### शिकायत पर प्रापर्टी डीलर गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 30 जुलाई।** भिलाई मोहन नगर थाने पुलिस ने बंदूक की नोंक पर जमीन हड़पने और अवैध प्लाटिंग करने वाले प्रॉपर्टी डीलर आरोपी लखन सिंह को प्रार्थी की शिकायत के बाद गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को पकड़कर पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। प्रार्थी की शिकायत पर मोहन नगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 296, 351 (2) के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया था मोहन नगर थाने पुलिस में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी लखन सिंह को गिरफ्तार कर लिया है मोहन नगर पुलिस ने बताया कि शिकायतकर्ता मालवीय नगर निवासी प्रविन्दर सिंह चाने ने शिकायत की थी कि आरोपी लखन सिंह ने उनकी कीमती जमीन को कम दामों में हड़पने के लिए उसे डराया धमकाया और बंदूक की नोंक पर जबरन दस्तखत करवा लिए थे पीड़ित का आरोप है कि लखन सिंह निवासी डिपरा पारा पोटिया रोड ने अपने ऑफिस में बिठाकर लाइसेंस बंदूक की नोंक पर सौदा करने और सरकारी मूल्य पर रजिस्ट्री कराकर बाजार मूल्य का पैसा बाद में देने की धमकी दी। आरोपी ने प्रार्थी को कागजात पढ़ने का मौका भी नहीं दिया और जबरन उस पर हस्ताक्षर करा लिए वहीं रजिस्ट्री की कॉपी भी नहीं दी थी। प्रार्थी ने आरोप लगाया था कि उसके मैसेज और कॉल के जरिए झूठे मामले में फंसाने की धमकी उसे दी गई थी।

# रिसाली का दशहरा मैदान 2 करोड़ से संवरेगा,3.27 करोड़ के विकास कार्यों का भूमिपूजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**रिसाली,30 जुलाई।** दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने नगर पालिक निगम रिसाली के दशहरा मैदान को संवारने भूमिपूजन किया। 1 करोड़ 83 लाख 32 हजार से दशहरा मैदान का कायाकल्प किया जाएगा। विधायक ने बुधवार को निगम क्षेत्र के अलग-अलग वार्डों में 327.52 लाख का भूमिपूजन किया। विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि प्रदेश सरकार ने अपने संकल्प को पूर्ण बिना भेदभाव के कर रही है। दलगत राजनीति से ऊपर उठकर उनका प्रयास है कि जनता के हित में विकास हो। यही वजह है कि उन्होंने दशहरा मैदान को संवारने का उद्देश्य पूरा किया। आज के बाद रिसाली सेक्टर वार्ड 08 स्थित दशहरा मैदान का दशा और दिशा दोनों बदल जाएगा। दशहरा मैदान का स्वरूप बिलकुल अत्याधुनिक होगा। 1 करोड़ 83 लाख 32 हजार की राशि से मैदान का सौंदर्यीकरण किया जा रहा है। उन्होंने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आज गुरू पूर्णिमा है और देश में अगर कोई मार्ग दिखाने वाला है तो वह गुरू ही है। आज का दिन ऐतिहासिक है। उन्होंने तुलनात्मक बातें करते हुए कहा कि भारत एक ऐसा देश है जहां सारे धर्म को स्थान मिलता है। प्राचीन काल की सभ्यता आज भी विद्यमान है। प्रदेश सरकार ने जो संकल्प लिया है उसे बिना भेदभाव के पूर्ण कर रही है। भूमिपूजन कार्यक्रम में नेता प्रतिपक्ष शैलेन्द्र साहू, पार्षद शीला नारखेड़े, माया यादव, धर्मेन्द्र भगत, सारिका साहू, रमा साहू, मनीष यादव, सविता ढवस, सुनंदा दीपक चंद्राकर, सीमा साहू, सरिता देवांगन, मण्डल अध्यक्ष अनुपम साहू, राजू जंघेल आदि उपस्थित थे। दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने संत रवि दास जयंती और गुरू पूर्णिमा के अवसर पर 300 दीप जलाऐं। इस अवसर पर भाजपा मण्डल पदाधिकारी के अलावा जिला मुख्यालय से आए पार्षद शिवेन्द्र परिहार के अलावा पार्षद गण उपस्थित थे। विधायक ने कहा कि रवि दास की 650वीं जयंती पूरे देश में एक साथ मनाया जा रहा है। यह दीप समरसता उनको समर्पित है। दुर्ग ग्रामीण विधायक सबसे पहले वार्ड 06 रूआबांधा सेक्टर पहुंचे। उन्होंने यहां पर 37.67 लाख से होने वाले विकास कार्य का भूमिपूजन किया। इसी तरह वार्ड 05 एचएससीएल रूआबांधा में 53.39 लाख एवं वार्ड 07 रिसाली सेक्टर पूर्व में 33.68 और वार्ड 08 रिसाली सेक्टर पश्चिम में 202.78 लाख का भूमिपूजन किया।

## संक्षिप्त समाचार

### गुरु पूर्णिमा पर चित्रकूट धाम पहुंचे डॉ. अरविंद नाथ तिवारी, गुरु पूजन कर लिया आशीर्वाद

**चित्रकूट/ रायपुर ,30 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़)।** गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर गरियाबंद जिले के भारतीय जनता पार्टी चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिला संयोजक डॉ. अरविंद नाथ तिवारी अपने परिवार सहित चित्रकूट धाम पहुंचे। यहां उन्होंने अपने पूज्य गुरु महंत राम जी दास का विधिवत गुरु पूजन कर



उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। डॉ. तिवारी ने गुरु चरणों में नमन करते हुए अपने क्षेत्र की सुख-समृद्धि, जनकल्याण, भारतीय जनता पार्टी की निरंतर प्रगति, संगठन की मजबूती तथा आगामी समय में सफलता और विजय के लिए विशेष आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि गुरु का मार्गदर्शन जीवन को सही दिशा देता है और उनका आशीर्वाद समाज एवं राष्ट्र के कल्याण का आधार होता है। चित्रकूट प्रवास के दौरान डॉ. तिवारी एवं उनके परिवार ने पवित्र मंदाकिनी नदी की संध्या आरती में सहभागिता की। इसके साथ ही उन्होंने भगवान श्रीराम की तपोभूमि चित्रकूट के प्रमुख धार्मिक स्थलों का दर्शन किया। इस दौरान हनुमान धारा एवं भगवान श्री कामतानाथ धाम पहुंचकर पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया।डॉ. तिवारी ने भगवान श्रीराम, भगवान श्री कामतानाथ एवं अपने पूज्य गुरु महंत राम जी दास से क्षेत्र, प्रदेश और देश की उन्नति, सुख-समृद्धि, शांति तथा जनसेवा के कार्यों में सफलता की प्रार्थना की। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी की निरंतर प्रगति और संगठन की मजबूती के लिए भी मंगलकामना की। गुरु पूर्णिमा के इस पावन अवसर पर पूरे परिवार ने श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ पूजा-अर्चना कर देश, प्रदेश और समाज में सुख, शांति, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की।

### आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ का मुनाफा 27.8% बढ़ा

**मुंबई ,30 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़)।** आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में शानदार प्रदर्शन करते हुए 386 करोड़ रुपए का शुद्ध मुनाफा दर्ज किया, जो पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 27.8% अधिक है। कंपनी ने इस दौरान ग्राहकों को दावों और मैच्योरिटी के रूप में कुल 4,666 करोड़ रुपए का भुगतान किया।कंपनी के अनुसार, पहली तिमाही में उसके रिटेल प्रोटेक्शन (टर्म प्लान) कारोबार में 60.4% की वृद्धि दर्ज की गई। वहीं 99.3% क्लेम सेटलमेंट रेशियो के साथ कंपनी ने उद्योग में अपनी मजबूत स्थिति बनाए रखी। मृत्यु दावों के तहत 1,306 करोड़ रुपए और मैच्योरिटी व सर्वाइवल बेनेफिट्स के रूप में 3,360 करोड़ रुपए ग्राहकों को दिए गए।एमडी एवं सीईओ अनुप बागची ने कहा कि कंपनी का मुख्य फोकस ग्राहकों को तेज और बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराना है। उन्होंने बताया कि कंपनी भविष्य में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), डिजिटल तकनीक और नए इनोवेशन के जरिए सेवाओं को और बेहतर बनाएगी। साथ ही, निदेशक मंडल ने कंपनी का नाम बदलकर 'आईसीआईसीआई लाइफ इंश्योरेंस लिमिटेड' करने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी है, हालांकि इसके लिए नियामकीय स्वीकृतियां मिलना अभी बाकी हैं।

### कैशलेस चिकित्सा योजना का स्वागत पेंशनरों को शामिल करने की मांग

**रायपुर ,30 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़)।**भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ, छत्तीसगढ़ ने राज्य सरकार की प्रस्तावित कैशलेस चिकित्सा सुविधा योजना का स्वागत करते हुए इसमें पेंशनरों और पारिवारिक पेंशनरों को भी शामिल करने की मांग की है। महासंघ के प्रांताध्यक्ष वीरेन्द्र नामदेव और प्रदेश महामंत्री प्रवीण कुमार त्रिवेदी ने कहा कि चिकित्सा प्रतिपूर्ति की जटिल व्यवस्था समाप्त कर कैशलेस उपचार लागू करना सराहनीय कदम है, लेकिन योजना से पेंशनरों को बाहर रखना उचित नहीं है।महासंघ का कहना है कि सर्वाधिक चिकित्सा आवश्यकता पेंशनरों और पारिवारिक पेंशनरों को होती है। इसलिए उन्हें भी कर्मचारियों की तरह ई-हेल्थ कार्ड, सूचीबद्ध अस्पतालों में कैशलेस उपचार तथा सीजीएचएस पैकेज दरों का लाभ मिलना चाहिए।वीरेन्द्र नामदेव ने कहा कि "पेंशन कोई अनुग्रह नहीं, बल्कि सेवा के बदले अर्जित अधिकार है। चिकित्सा सुरक्षा भी उसी अधिकार का स्वाभाविक विस्तार है।" महासंघ ने मुख्यमंत्री से योजना में सभी पेंशनरों को शामिल करने का आग्रह किया है।

### गुरु पूर्णिमा पर वरिष्ठ अधिवक्ता सतीश चंद्र श्रीवास्तव हुए सम्मानित

**बलौदाबाजार ,30 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़)।** गुरु पूर्णिमा के अवसर पर नगर के वरिष्ठ अधिवक्ता सतीश चंद्र श्रीवास्तव को जूनियर अधिवक्ताओं द्वारा शॉल, श्रीफल, गुलदस्ता और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में



अधिवक्ताओं, समाजसेवियों और गणमान्य नागरिकों ने उपस्थित होकर श्रीवास्तव जी के विधि क्षेत्र में दिए गए योगदान और मार्गदर्शन की सराहना की। वक्ताओं ने कहा कि सतीश चंद्र श्रीवास्तव ने दशकों तक अपनी निष्ठा, ईमानदारी और कानूनी ज्ञान से न केवल न्यायालय में बल्कि समाज में भी गुरु की भूमिका निभाई है। उनके द्वारा कई जूनियर अधिवक्ताओं को तैयार किया गया है जो आज जिले एवं प्रदेश में अपनी सेवाएं दे रहे हैं।इस अवसर पर श्रीवास्तव जी ने कहा कि गुरु-शिष्य परंपरा हमारे समाज की सबसे बड़ी पूंजी है।

### सिर्फ पूल पार्टी के वायरल पोस्टर नहीं, पूरे नेटवर्क की सच्चाई सामने आए: इदरीस गांधी

**रायपुर, 30 जुलाई।** छत्तीसगढ़ उर्दू अकादमी के अध्यक्ष इदरीस गांधी ने कहा कि रायपुर शहर में पिछले कई दिनों से पूल पार्टी से जुड़े पोस्टर और प्रचार सामग्री सोशल मीडिया पर लगातार वायरल हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस केवल वायरल पोस्टरों तक सीमित न रहे, बल्कि यह भी पता लगाए कि इन्हें किसने तैयार किया, किसने प्रचारित किया और इनके पीछे कौन लोग सक्रिय हैं।इदरीस गांधी ने कहा कि यदि होटल, रिसॉर्ट, फार्म हाउस अथवा अन्य स्थानों पर कानून और निर्धारित नियमों के विपरीत इस प्रकार के आयोजन किए जा रहे हैं, तो पूरे मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। आयोजन से प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से जुड़े सभी लोगों की जिम्मेदारी तय कर कानून के अनुसार सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में ऐसी गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके।

# छत्तीसगढ़ में विकसित होंगे 4 नए औद्योगिक पार्क

**रायपुर, 30 जुलाई.** छत्तीसगढ़ में औद्योगिक विकास और रोजगार के नए अवसरों को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार ने चार नए औद्योगिक पार्क (मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर) विकसित करने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। मुख्य सचिव श्री विकासशील की अध्यक्षता में आयोजित उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के अंतर्गत औद्योगिक विकास योजना की राज्य स्तरीय समिति की बैठक में इस प्रस्ताव को औपचारिक मंजूरी प्रदान की गई। समिति की दूसरी बैठक के दौरान प्रदेश के चार जिलों में औद्योगिक पार्क स्थापित करने के प्रस्तावों पर विस्तार से चर्चा की गई और उन्हें स्वीकृति दी गई। राजनांदगांव जिले में स्पेशल मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर, पटेवा, धमतरी जिले में मल्टी सेक्टर मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर, धूम्रपाली, जांजगीर-चांपा जिले में मल्टी सेक्टर मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर, सलखान और बस्तर जिले में मल्टी सेक्टर मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर, नियानार में औद्योगिक पार्क स्थापित करने के प्रस्तावों पर स्वीकृति दी गई।

भारत औद्योगिक योजना केंद्र सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है, जिसे छत्तीसगढ़ सरकार ने अपनी औद्योगिक विकास नीति के तहत प्रभावी रूप से लागू किया है। राज्य में इस योजना के सुचारू संचालन और विभिन्न परियोजनाओं को समयबद्ध मंजूरी देने के लिए राज्य स्तरीय समिति का गठन किया गया है। बैठक में राज्य के प्रमुख विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों ने हिस्सा लिया, जिनमें डॉ. रोहित यादव (सचिव, वित्त विभाग), श्री अंकित आनंद (सचिव, आवास एवं पर्यावरण विभाग), श्री रजत कुमार (सचिव, वाणिज्य एवं उद्योग विभाग), डॉ. सारांश मित्तर (सचिव, ऊर्जा विभाग), सुश्री इफ्फत आरा (विशेष सचिव, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग) सहित अन्य संबंधित विभागों के उच्चाधिकारी शामिल थे।

# लोक परीक्षा संशोधन विधेयक ऐतिहासिक कदम, युवाओं के भविष्य को मिलेगी सुरक्षा : मुख्यमंत्री विष्णु देव साय

**रायपुर 30 जुलाई.**मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने लोकसभा में लोक परीक्षा (अनुचित साधन निवारण) संशोधन विधेयक, 2026 के पारित होने का स्वागत करते हुए इसे देश के करोड़ों युवाओं के सुरक्षित भविष्य, ईमानदार प्रतिभा और पारदर्शी परीक्षा व्यवस्था की दिशा में एक ऐतिहासिक एवं दूरदर्शी कदम बताया है। उन्होंने कहा कि आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार युवाओं के सपनों, उनके परिश्रम और उनके भविष्य की रक्षा के लिए निरंतर ठोस एवं प्रभावी निर्णय ले रही है। यह संशोधन उसी दृढ़ संकल्प का प्रमाण है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाएं करोड़ों युवाओं की वर्षों की मेहनत, आशाओं और विश्वास का आधार होती हैं। प्रश्नपत्र लीक, नकल माफिया और संगठित परीक्षा अपराध जैसी गतिविधियां न केवल योग्य अभ्यर्थियों के साथ अन्याय करती हैं, बल्कि पूरे परीक्षा तंत्र की विश्वसनीयता को भी प्रभावित करती हैं। ऐसे अपराधों पर कठोर और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के उद्देश्य से लाया गया यह संशोधन परीक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाएगा।मुख्यमंत्री ने कहा कि संशोधन विधेयक के माध्यम से परीक्षा संबंधी अपराधों के विरुद्ध दंडात्मक प्रावधानों को और अधिक कठोर बनाया गया है। इससे परीक्षा माफिया, संगठित आपराधिक गिरोहों तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता में शामिल तत्वों के विरुद्ध प्रभावी कानूनी कार्रवाई का मार्ग और मजबूत होगा। साथ ही परीक्षा आयोजित करने वाली एजेंसियों एवं सेवा प्रदाताओं की जवाबदेही भी और अधिक सुनिश्चित होगी, जिससे पूरी प्रक्रिया अधिक पारदर्शी, उत्तरदायी और विश्वसनीय बनेगी।

# अंतरराज्यीय लुटेरा गिरोह का पर्दाफाश, चार आरोपी गिरफ्तार, 26 लाख का माल बरामद

■ तरुण छत्तीसगढ़

**बलौदाबाजार।** भाटापारा ग्रामीण पुलिस ने सराहनीय कार्रवाई करते हुए सराफा कारोबारियों को निशाना बनाने वाले अंतरराज्यीय लुटेरा गिरोह का पर्दाफाश कर चार शातिर आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से हथियार, वाहन, मोबाइल फोन तथा लूट का माल सहित करीब 26 लाख रुपये की संपत्ति बरामद की है।पुलिस के अनुसार, 16 जुलाई 2026 को ग्राम रोहरा निवासी एवं दीपक ज्वेलर्स के संचालक बलराम सोनी से रोहरा हाई स्कूल के पास चार नकाबपोश बदमाशों ने हमला कर लगभग 13 किलोग्राम चांदी, 70 ग्राम सोना तथा अन्य सामान, जिसकी कीमत करीब 12 लाख रुपये बताई गई है, लूट लिया था। मामले में भाटापारा ग्रामीण थाने में अपराध दर्ज कर विशेष जांच दल गठित किया गया।पुलिस अधीक्षक गौरव राय



(आईपीएस) के निर्देशन में गठित टीम ने एक हजार से अधिक सीसीटीवी फुटेज खंगाले। साइबर सेल ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) आधारित वीडियो एवं डेटा विश्लेषण तकनीक की मदद से आरोपियों की गतिविधियों का रूट तैयार किया। तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर की सूचना के आधार पर दबिश देकर चारों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।गिरफ्तार आरोपियों की पहचान बबलू पाण्डेय उर्फ शत्रुहन, जयदीप गुप्ता, जिआ उल हक और गंगासागर पाण्डेय के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार सभी आरोपी उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के रहने वाले हैं तथा उनके खिलाफ हत्या, हत्या के प्रयास, आर्म्स एक्ट, लूट, डकैती और चोरी सहित 100 से अधिक गंभीर मामले दर्ज हैं।पुलिस ने आरोपियों से एक पिस्तौल, एक देशी कट्टा, जिंदा कारतूस, तलवार, एक स्कॉर्पियो, दो मोटरसाइकिल, चांदी के जेवर, नकदी और मोबाइल फोन जब्त किए हैं। पुलिस का कहना है कि गिरोह की अन्य वारदातों और नेटवर्क की जांच जारी है तथा आरोपियों को न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड पर पूछताछ की जाएगी। साथ ही पुलिस ने व्यापारियों और आम नागरिकों से सुरक्षा के लिए सीसीटीवी लगाने, किरायेदारों का सत्यापन कराने तथा संदिग्ध गतिविधियों की तत्काल सूचना पुलिस को देने की अपील की है।

# एन एस एम पब्लिक स्कूल अंबागढ़ चौकी में मना गुरु पूर्णिमा पर्व

■ तरुण छत्तीसगढ़

**राजनांदगांव , 30 जुलाई ।** गुरु पूर्णिमा के पुण्य अवसर पर एन एस एम पब्लिक स्कूल , अंबागढ़ चौकी में नन्हें बच्चों ने अपने गुरुओं के सम्मान में श्लोक वाचन कर श्रद्धा प्रकट की । वेद व्यास जी के तैल चित्र पर पूजा अर्चना कर बच्चों ने गुरु महिमा का गान किया । सभी बच्चों ने पीले वस्त्र धारण कर धार्मिक अनुष्ठान जैसे दृश्य से शिक्षकों का मन मोह लिया । एन एस एम पब्लिक स्कूल के प्राचार्य डॉ.सूर्यकांत मिश्रा ने बताया कि स्कूल संचालन का यह तीसरा वर्ष है , जहां वर्तमान में कक्षा छठवीं तक के 115 बच्चे अध्ययन कर रहे हैं ।



नांदगांव शिक्षा मंडल , राजनांदगांव द्वारा संचालित उक्त स्कूल के सीबीएसई पंजीयन की प्रक्रिया पूर्ण की जा चुकी है । स्कूल में एनसीईआरटी द्वारा लागू पाठ्यक्रम से शिक्षा प्रदान की जा रही है । आज व्यास पूर्णिमा के अवसर पर स्कूल के बच्चों ने अपने नन्हें मुख से गुरु वंदना प्रस्तुत कर अपने शिक्षकों का दिल जीत लिया । वेद व्यास जी के चरणों में प्रणाम कर बच्चों ने जब गुरुर्ब्रह्मा गुरुर्विष्णु ...का उच्चारण शुरू किया तो ऐसा प्रतीत होने लगा मानो गुरुकुल में शिष्यों को गुरु श्लोक वाचन की शिक्षा प्रदान कर रहे हों । पूजा अर्चना पश्चात सभी बच्चों एवं शिक्षक - शिक्षिकाओं तथा अन्य स्टाफ को प्रसाद का वितरण कर आयोजन का समापन किया गया।

# निकाय क्षेत्र के अधिक से अधिक घरों में सोलर पेनल लगाने प्रशासन सक्रिय

■ तरुण छत्तीसगढ़

**राजनांदगांव 30 जुलाई।** राजनांदगांव जिले के ग्रामीण व निकाय क्षेत्र में केन्द्र सरकार की महत्वकाक्षी योजना प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना का अधिक से अधिक लाभ देने सोलर पेनल लगाने शासकीय सहित निजी संस्थाओं को प्रेरित किया जा रहा है।



जनमानस को योजना का लाभ लेने प्रेरित करने की कडी में आज निगम सभागृह में आंगनबाडी कार्यकर्ताओ की बैठक लेकर निगम आयुक्त श्री जी.आर. मरकाम ने योजना की विस्तृत जानकारी देकर सोलर पेनल लगाकर लाभ लेने की अपील की। साथ ही उन्होंने निगम सीमाक्षेत्र के आंगनबाडी उन्नयन तथा बाडी विकास के लिए विस्तार से चर्चा किए। बैठक मे आयुक्त श्री मरकाम ने प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री सूर्यघर-मुफ्त बिजली योजना बिजली के बिल से मुक्ति दिलाने तथा ऊर्जा संरक्षण के लिए प्रभावशाली माध्यम है। योजनांतर्गत सोलर पेनल लगाना, अपने घर की छत पर ही ऊर्जा का उत्पादन करने का ससक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि राजनांदगांव निकाय क्षेत्र सहित जिले में अधिक से अधिक लोगो को योजना का लाभ देने सोलर पेनल लगाने प्रेरित किया जा रहा है। उन्होंने योजना की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि तीन किलो वाट का सोलर पेनल घर में लगाने से प्रतिदिन 12 यूनिट बिजली पैदा होती है, इसको लगाने से बिजली बिल शुन्य हो जाता है। उन्होंने कहा कि आंगनबाडी कार्यकर्ताओं का मानदेय कम है जिसके आधार पर इसे लगाने में आर्थिक कठिनाई आ सकती है, इसके निदान के लिए बैंक से लोन देने का भी प्रावधान है, इसमे केन्द्र व राज्य सरकार से सब्सिडी भी मिलती है। उन्होंने सभी आगनबाडी कार्यकर्ताओं से सोलर पेनल लगाकर बिजली बिल शुन्य कर आर्थिक लाभ उठाने की अपील की। बैठक में सोलर पेनल लगाने वाली कार्यकर्ताओ ने अपना अनुभव साझा कर बिजली बिल शुन्य होने की जानकारी दी। बैठक में आयुक्त श्री मरकाम ने आगनबाडी केन्द्रो के उन्नयन के लिए भी चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निकाय क्षेत्र में लगभग 156 आंगनबाडी केन्द्र है।

# महापौर मधुसूदन यादव ने मोहारा फिल्टर प्लांट का किया निरीक्षण

■ तरुण छत्तीसगढ़

**राजनांदगांव 30 जुलाई।** महापौर श्री मधुसूदन यादव आज सुबह निगम अध्यक्ष श्री टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा, शिक्षा विभाग के प्रभारी सदस्य व मोहारा के पार्षद श्री आलोक श्रोती, कनिष्ठ सभापति श्री संदीप बघेल के साथ मोहारा फिल्टर प्लांट का निरीक्षण कर निगम अधिकारी तथा प्लांट संचालक कम्पनी के अधिकारी से कहा कि अति आवश्यक सेवा देने वाली संवेदनशील स्थल प्लांट में सावधानी बरतते हुऐ व्यवस्था सुदृढ़ रखा जाए जिससे किसी प्रकार की अप्रिय स्थिति निर्मित न हो। महापौर श्री यादव ने फिल्टर प्लांट का निरीक्षण कर अधिकारियो से चर्चा किए। उन्होंने कहा कि कल रात्रि अचानक क्लोरिंन गैस रिसाव की स्थिति निर्मित हो गयी थी, जिसे समय में काबू कर लिया गया था। प्लांट कर्मियो की सजगता से स्थिति सामान्य हुई और किसी प्रकार की अप्रिय घटना घटित नही हुई। उन्होंने कहा कि फिल्टर प्लांट संवेदनशील स्थल है, जहॉ सावधानी बरतने के



साथ साथ सुरक्षा एवं अन्य आवश्यक व्यवस्था सुदृढ होनी चाहिए, इसका विशेष ध्यान रखा जाए और इस प्रकार की घटना न हो इसके लिए सभी तैयारिया दुरूस्त रखा जाए। महापौर ने तकनीकि अधिकारियो तथा प्लांट संचालक से सभी पहलुओ पर चर्चा कर सावधानी बरतने तथा एलर्ट रहने के निर्देश दिए। दो दिनो से लगातार बारिश को ध्यान में रखकर एलम, ब्लीचिंग तथा अन्य समाग्री का पर्याप्त भण्डारण रखने निर्देशित किए। उन्होंने कहा कि फिटकरी सहित अन्य समाग्री में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने निगम तथा कम्पनी के अधिकारियो से कहा कि पेयजल सप्लाई में किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो इसका विशेष ध्यान रखा जाए तथा क्लोरिंन की नियमित रूप से पीएचई विभाग से जॉच कराई जाए। इस दौरान कार्यपालन अभियंता (संविदा) श्री यू.के.रामटेके, प्र.सहायक अभियंता श्रीमती गरिमा वर्मा, सहित निगम व कम्पनी के अधिकारी उपस्थित थे।

### गुरु पूर्णिमा पर नगर के जनप्रतिनिधियों ने लिया अनिल अग्रवाल का आशीर्वाद

**तिल्दा-नेवरा,30 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़)।** भाजपा जिला संगठन में विभिन्न दायित्वों का निर्वहन करते हुए श्री अनिल अग्रवाल जी ने भाजपा की विचारधारा से सैकड़ों कार्यकर्ताओं को जोड़ा और



उन्हें संगठन का कामकाज सिखाया। उनके मार्गदर्शन में सैकड़ों कार्यकर्ता आज जनता का प्रतिनिधित्व कर तिल्दा शहर क्षेत्र की सेवा कर रहे हैं।गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर नगर के समस्त जनप्रतिनिधिगण उनके निवास पहुंचे और उन्हें बधाई देते हुए आशीर्वाद प्राप्त किया। साथ ही शाल एवं श्रीफल भेंट कर उनका सम्मान किया।

### बाढ़ प्रभावित जिले के 5 पुल आवागमन हेतु बंद

**बलौदाबाजार,30 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़)।** जिले में विगत 24 घण्टे से रुक -रुक कर हो रही बारिश से नदी -नाले का जल स्तर बढ़ गया है जिससे कई पुल और चेक डेम में बाढ़ की स्थिति निर्मित हो गई है। जिला प्रशासन द्वारा सतर्कता बरतते हुए बाढ़



ग्रस्त 5 पुलों को आवागमन के लिये बंद कर दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार विकासखंड पलारी स्थित महानदी अमेठी घाट में पुल से 2 फीट ऊपर पानी बह रहा है, भाटापारा सुहेला मार्ग जमुनिया नाला पुल में 1 फिट ऊपर पानी, सुहेला में भंवरगढ़ -बरडीह मार्ग जमुनिया नाला पुल एवं शिकारी केशली मारह जमुनिया नाला में 1-1 फिट ऊपर पानी, बलौदाबाजार विकासखंड के अचानकपुर चेक डेम में 2 फिट ऊपर पानी है।इन सभी 5 पुलों में प्रशासन द्वारा आवागमन बंद कर दिया गया है। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने सभी एसडीएम एवं तहसीलदारों को पुल -पुलियों में बाढ़ की स्थिति पर कड़ी निगरानी एवं ग्रामीणों को एहतियात बरतने सम्बन्धी सूचना देने कोटवारो के माध्यम से मुनादी कराने के निर्देश दिये है,वहीं बाढ़ प्रभावित पुलों में बेरीकेटिंग एवं कर्मचारी तैनात करने के भी निर्देश दिये है। इसके साथ ही राहत एवं अपादा प्रबंधन,होमगॉर्ड,पुलिस की टीम को भी अलर्ट रहने निर्देशित किया है।

### नेत्रदान से दो जिंदगियों को मिलेगी नई रोशनी

**बलौदाबाजार,,30 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़)।**जिले के भाटापारा विकासखंड अंतर्गत ग्राम जरहागांव में नेत्रदान के माध्यम से मानवता और सामाजिक उत्तरदायित्व की प्रेरणादायक मिसाल देखने को मिली। दिवंगत श्रीमती रोहिणी वर्मा के परिजनों ने उनकी अंतिम इच्छा एवं मानव सेवा की भावना का सम्मान करते हुए उनका नेत्रदान कराया। इस पुनीत कार्य से दो दृष्टिबाधित व्यक्तियों के जीवन में पुनः उजाला आने की उम्मीद जगी है।मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य



अधिकारी डॉ. राजेश अवस्थी, खंड चिकित्सा अधिकारी भाटापारा डॉ. राजेंद्र माहेश्वरी तथा नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. सुषमा माहेश्वरी के मार्गदर्शन में नेत्रदान की संपूर्ण प्रक्रिया सफलतापूर्वक संपन्न हुई।नेत्र सहायक अधिकारी पद्मिनी सिंगरौल द्वारा नेत्र सुरक्षित रूप से निकाले गए। नेत्र सहायक अधिकारी शारिक हैदरी एवं किस्मत गुलेरी द्वारा प्राप्त नेत्रों को सुरक्षित रूप से नेत्र बैंक तक पहुँचाया गया। इस पुण्य कार्य में दिवंगत श्रीमती रोहिणी वर्मा के परिजन मोतीराम वर्मा, हरिकिशन वर्मा, पूना राम वर्मा सहित परिवार के सभी सदस्यों ने सक्रिय सहयोग प्रदान किया। नेत्र रोग विशेषज्ञ और सीएमएचओ डॉ राजेश अवस्थी ने बताया कि नेत्रदान महादान है। मृत्यु के उपरांत किया गया नेत्रदान दो नेत्रहीन व्यक्तियों को नई रोशनी प्रदान कर सकता है। उन्होंने आमजन से अपील की कि वे अपने परिवार के सदस्यों के साथ नेत्रदान का संकल्प लें और मृत्यु के पश्चात इस महान दान के माध्यम से किसी के जीवन में उजाला लाने का प्रयास करें। इस अवसर पर दिवंगत श्रीमती रोहिणी वर्मा के परिवार के अन्य सदस्यों ने भी भविष्य में नेत्रदान करने का संकल्प लिया। यह पहल समाज में नेत्रदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने और अधिक से अधिक लोगों को इस महादान के लिए प्रेरित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण संदेश है।

# सरकार लोगों का संदेह दूर करने निरंतर प्रयास करे

लोकतंत्र में विपक्ष की अपनी अहम भूमिका होती है। वह एक राजनीतिक दल होता है इसलिए वह तो राजनीति के लिए मुद्दे की तलाश में रहता है कई बार उसके पास कोई राजनीतिक मुद्दा नहीं होता है तो किसी भी ऐसी बात जिससे जनता को किसी तरह की परेशानी होती है, वह राजनीति का मुद्दा ही नहीं बड़ा राजनीतिक मुद्दा बनाने का प्रयास करता है। विपक्ष पर अक्सर यह आरोप लगाया जाता है कि वह अहम मुद्दों पर राजनीति करता है तो यानी वह गलत कर रहा है। विपक्ष राजनीतिक दल है तो वह राजनीति तो करेगा ही और जो राजनीतिक दल सत्ता में है, उसे कई मामलों में गलत,असफल बताने कई तरह के आरोप तो लगाएगा ही। जब तक वह सत्तारूढ़ दल को गलत नहीं बताएगा,उसकी आलोचना नहीं करेगा अपने समय की अपनी सरकार को सही नहीं बताएगा,तो इसे सत्ता में आने का मौका जनता कैसे देगी। चाहे सत्तारूढ़ दल हो या विपक्ष दोनों एक दूसरे को एक दूसरे से बेहतर बताने का प्रयास हमेशा करते हैं जो सत्ता में रहता है वह बताता रहता है कि हम सत्ता में है तो हम पिछली सरकार से क्या बेहतर कर रहे हैं। इसी तरह विपक्ष में जो राजनीतक दल रहता है वह बताता रहता है हमारी सरकार के समय हमने क्या बेहतर किया था। इस सरकार के कारण वर्तमान में जनता को क्या परेशानी हो रही है और जो भी परेशानी है उसके लिए यही सरकार जिम्मेदार है। गर्मी के समय वैसे ही दो महीने बिजली बिल ज्यादा आता है,बिजली की दर बढऩे के कारण भी थोड़ा बहुत बिजली बिल ज्यादा आ रहा होगा लेकिन विपक्ष ज्यादा बिजली बिल के लिए स्मार्ट मीटर लगाने को एक कारण बताकर राजनीति कर रहा है। और लोगों के मन में संदेह पैदा कर रहा है कि यह स्मार्ट मीटर लगाने के कारण है। लोगों को इसका विरोध करना चाहिए और सरकार से मांग करनी चाहिए कि वह नए मीटर की जगह पुराना मीटर लगाए ताकि लोगों का बिजली बिल पहले की तरह कम आए। इसके लिए कांग्रेस नेता आंदोलन कर रहे हैं, धरना प्रदर्शन कर रहे हैं।बिजली दफ्तरों का घेराव किया जा रहा है। राजनीति के जवाब में सत्तारूढ़ दल व सरकार को काउंटर राजनीति करनी चाहिए और ध्यान रखा जाना चाहिए वह विपक्ष की राजनीति से बेहतर हो। विपक्ष अगर स्मार्ट बिजली मीटर को लेकर लोगों के मन में संदेह पैदा कर रहा है तो सत्तारूढ़ दल व बिजली विभाग व सरकार का काम होना चाहिए कि वह लोगों के मन में स्मार्ट बिजली मीटर को लेकर जो भी संदेह है उसे दूर करे और बताए कि यह नया स्मार्ट मीटर पुराने मीटर से बेहतर है तो कैसे बेहतर है।बिजली विभाग की तरह से पहली बार संदेह दूर करने के लिए बताया गया था कि गर्मी के दो महीने बिजली बिल ज्यादा बिजली खपत होने के कारण आया है यानी यह बताने की कोशिश की गर्मी में बिजली की खपत ज्यादा हुई इसलिए बिजली बिल ज्यादा आया है।पहली बार बिजली विभाग की तरफ से इसे साबित करने के लिए कोई आंकड़ा नहीं दिया गया इससे लोगों को संदेह दूर नहीं हुआ। उनको संदेह था कि नए मीटर के कारण, नए मीटर में किसी गड़बड़ी के कारण उनका बिजली बिल ज्यादा आ रहा है। उस पर राजनीतिक आंदोलन कर इस शक को और बढ़ा दिया कि बिजली बिल ज्यादा स्मार्ट मीटर के कारण आ रहा है और इसे बदलने की जरूरत है। जहां भी पुराने मीटर की जगह नया मीटर लगाने का प्रयास किया जा रहा है तो लोग नया मीटर का विरोध यह कहकर कर रहे हैं कि इससे ज्यादा बिल आएगा,हम नहीं लगवाएंगे। इसी वजह से कई मोहल्लों में नया मीटर लगाने का काम नहीं हो पा रहा है। अब दूसरी बार बिजली विभाग की तरफ से लोगों का संदेह दूर करने के लिए फिर कहा गया कि गर्मी में बिजली खपत ज्यादा होने के कारण बिजली बिल दो महीने ज्यादा आया है इस बार उसने तुलनात्मक आंकड़े दिये कि मई जून की तुलना में जुलाई में बिजली खपत कम हुई है तो बिजली बिल कम आया है और उसने बिजली खपत के आंकड़ों से यह साबित भी किया कि मई जून की तुलना में बिजली की खपत 28 से 53 प्रतिशत घटी है इसलिए बिजली बिल कम आया है। इसी के साथ जिन लोगों ने मीटर तेज चलने की शिकायत की है उनके यहां चेकमीटर लगाकर बताया जा रहा है कि देखों दोनों मीटर में कोई फर्क नहीं है यानी मीटर सही है, बिजली की खपत जितनी हो रही है, मीटर उतना ही बता रहा है। बिजली कंपनी के अनुसार अब तक प्रदेश में पांच हजार शिकायते मिली है उनमें से 4500 शिकायतों की जांच चेकमीटर लगाकर की गई है और लोगों को बताया गया है कि मीटर ठीक है।बिजली कंपनी की तरफ से कहा गया है जिनको भी लगता है उनका मीटर तेज रहा है वह अपने मीटर में चेक मीटर लगाकर जांच करा सकते हैं, इसके लिए बिजली विभाग में आवेदन कर सकते हैं। लोगों के संदेह को दूर करने का रही तरीका यही है कि जिस तरह से भी उनका संदेह दूर हो सकता है सरकार व बिजलीविभाग को दूर करने का प्रयास करना चाहिए और निरंतर करना चाहिए। विपक्ष का काम राजनीति करना है तो वह तो करेगा ही।

## विश्लेषण

# यह हार नहीं, लंबी रणनीति का हिस्सा है

**योगेश गोस्वामी राजनीतिक सामाजिक विचारक**



भाजपा के चाणक्य अमित शाह चुप हैं शांत है उनकी चुपी बहुत मायने रखती है श ऐसा क्या हुआ कि अमित शाह जी ने एक बार भी इस आंदोलन में एक बार भी अपना मौन नहीं तोड़ा ....सबके अपने अपने विचार हैं मेरा मत है ये हार नहीं है, एक लम्बी योजना का के क्रियान्वयन से पहले की खामोशी है.यह सम्भव है कि आंदोलन समाप्त होने पर आयोजित हुई प्रेस कॉन्फ्रेंस में जे. पी. नड्डा का उतरा हुआ चेहरा देखकर मुझ जैसे प्रखर राष्ट्रवादियों को अतिशय पीड़ा हुई थी यह भी सम्भव है कि सौरभ दास और आशुतोष रांका और अभिजीत दीपके के चेहरे की ख़ुशी ने आपको एक गहरी निराशा में धकेल दिया हो। यह भी सम्भव है कि आपके मुँह से भी वैसी ही गालियां निकल रही हो.

**नीम का पत्ता कड़वा है............**

**लेकिन यहाँ आपको रुकना होगा।**

और भारतीय जनता पार्टी और नरेन्द्र मोदी का इतिहास समझना होगा इसमें तो किसी को कोई संदेह नहीं कि नरेन्द्र मोदी राष्ट्रवाद से दीक्षित व्यक्ति हैं और उन्हें राष्ट्रवाद की समझ फेसबुक / इंस्टाग्राम या X से नहीं मिली है। लेकिन किसी भी विचार की सेवा और उसका प्रसार केवल आक्रमण से नहीं होता। तलवार के साथ ढाल भी महत्वपूर्ण होती है। ढाल का सबसे बेहतर प्रयोग हम ने किसान आंदोलन, शाहीन बाग़ और रोहित वेमुला जैसे मुद्दों पर देख चुके हैं। लेकिन तलवार का प्रयोग भी हमने 370, राम मंदिर और ऑपरेशन सिंदूर के समय देखा है। यह एक रणनीतिक कार्य है, जो बहुत कुछ देख समझकर लिया गया फैसला प्रतीत होता है। मेरी नजर पुराने आंदोलन से तुलना करे तो वर्तमान आंदोलन दरअसल कोई आंदोलन है ही नहीं ऐसा प्रतीत होता है चौदह से लेकर अठारह की आयु के वर्ग के बच्चों के भीतर उठी हुई एक असंतुष्ट चिंगारी भर है, जिसका इलाज बहुत आसानी से किया जा सकता था। सम्भवतः पहले दिन ही किया जा सकता था। लेकिन नहीं किया गया। यह इस सरकार की मंशा है कि हमें इस राष्ट्र पर कम से कम अभी तीस - चालीस बरस शासन और करना है। और तीस - चालीस बरस शासन करने के लिए बीच बीच में



किसी न किसी वर्ग की मांग के आगे झुककर जनता तक यह सन्देश पहुँचाना ज़रूरी है कि हम आपकी आलोचना का आदर करते हैं। साथ ही यह भी कि हम फासिस्ट नहीं हैं। (जो कि हैं भी नहीं) समस्या यह है कि भारतीय जनता पार्टी के समर्थक एक जल्दबाज़ी में दिखाई देते हैं। वे नरेन्द्र मोदी को जादू की छड़ी समझते हैं। हालांकि स्वयं को जादू की छड़ी के रूप में प्रस्तुत करके ही मोदी सत्ता में आए थे। लेकिन वे तब भी जानते थे कि इस राष्ट्र की नस नस में उपभोक्तावाद, तुष्टिकरण, राष्ट्रद्रोह, आत्मघृणा और आत्मपीड़ा का ज़हर घुल चुका है। उन्हें पूरा एक दशक लगा एक सामान्य हिन्दू के मन में यह भाव भरने के लिए कि वह किसी भी मंच पर खुलकर कह सके :

**हाँ! मैं हिन्दू हूँ! गर्व से कहूँगा मैं हिन्दू हु** -यह आत्मविश्वास दशकों पहले लुप्त हो चुका था। भीतर एक मवाद भरा था कि इस महादेश में वामपंथी, लिब्रल्स और बौद्धिक आतंकवादियों के समक्ष हमारी हैसियत कुछ भी नहीं है। इस मवाद को बाहर निकालने के लिए ओपरेशन ज़रूरी था लेकिन यह एक बार में होने वाला ओपरेशन नहीं था। यह क्रमिक सर्जरी थी। जो हुई, और सफलतापूर्वक हुई।

इस सर्जरी के दौरान मरीज़ों के हाथ-पाँव फूल जाने तय थे। यह डर भी बैठ जाना स्वाभाविक था कि हमारा उपचार ठीक से नहीं हो रहा है। लेकिन यह सब हुआ। धीरे धीरे हुआ। आगे भी होता रहेगा।

सवाल यह है कि इस आंदोलन में जिस नेता की दाढ़ी मूंछ भी न निकली, वह मोदी को दबा गया। यहाँ आप पूरी तरह से ग़लत हैं और भ्रमित हैं। नरेन्द्र मोदी जैसा व्यक्ति, जो पिछले पच्चीस बरसों से भारत के मुख्य मीडिया, उसके नैरेटिव, खतरनाक जातिवाद वर्ग, बौद्धिक आतंकवादियों के सिण्डिकेट को तोड़कर सत्ता पर काबिज़ है, वह अच्छी तरह जानता है कि नालायकों के बराबर नालायक नहीं हुआ जाता। वैसे भी एक मंत्री सरकार नहीं है। कोई नहीं बता सकता कि जे पी नड्डा और जीतेन्द्र सिंह की अमित शाह और नरेन्द्र मोदी से क्या बात हुई होगी।

ध्यान में रखना ज़रूरी है कि इस समय अमित शाह बिलकुल चुप हैं। वे किन कड़ियों को जोड़ रहे हैं और तोड़ रहे हैं, कोई नहीं जानता। न कोई यह जानता है कि अमित शाह और नरेन्द्र मोदी के भीतर क्या खिचड़ी पक रही है। आज जो इस्तीफ़ा हुआ, वह हमारे लिए आश्चर्यजनक नहीं है। वह हमसे कहीं अधिक कॉकरोचों के लिए आश्चर्य का विषय है। जब विपक्ष को सूचना मिली कि धर्मेंद्र प्रधान ने इस्तीफ़ा दे दिया तो उनके चेहरे पर बारह बज गए थे ये क्या हुआ पूरे विपक्ष के मन में एक ही सवाल था : "मोदी मान गया?... ! कैसे मान गया?" इस एक फैसले से विपक्ष के कितने सपने ध्वस्त हो गए, इसकी कल्पना केवल वे ही कर सकते हैं.

दिल्ली में जंतर मंतर पर असल में क्या खेल रचा जा रहा था। इसका खुलासा आने वाले 6 माह में होगा. अब बहुत ज़रूरी बात। हमें क्या करना चाहिए। हम जो राष्ट्रवादी हैं। जो वामपंथियों को पूरी तरह निस्तेज कर देना चाहते हैं, उन्हें पूरी तरह बर्फ़ हो जाना चाहिए। पहले भी इस सरकार ने किसी राष्ट्र विरोधी तत्व को नहीं छोड़ा है। यदि छोड़ा होता तो सीटें कम आने के बावजूद राज्य दर राज्य मोदी लहर न होती। कम से कम बंगाल तो नहीं ही जीता जा सकता था। इसलिए ठंडे रहिये। राष्ट्रद्रोहियों को, उनके समर्थक लोगों को , केवल देखिये और मजा लीजिए । उनका जश्न देखिये। देखिये कि वे मोदी की माँ की..... / परिवार को / देश के लिए अपशब्द .. का नारे लगाने वाली जेन ज़ी को कैसे शाबासी दे रही हैं।

यह एक तात्कालिक विजय का आभास भर है। उन्हें इस आभास में रहने दीजिये। यही तो वर्तमान सरकार की योजना है.

**उक्त विचार लेखक के निजी विचार है**

## राशिफल

मेष राशि आज का दिन आपके लिए मंगलमय रहेगा। संतान की परीक्षा के परिणाम आपको खुशी देंगे और कार्यक्षेत्र में आप लोगों का दिल जीतने में सफल होंगे। परिवार में एकजुटता बनी रहेगी और आय में वृद्धि से मन प्रसन्न रहेगा। हालाँकि किसी परिवार सदस्य की सेहत आपको चिंता दे सकती है और मित्र निवेश को लेकर सुझाव दे सकते हैं।

वृषभ राशि आज का दिन उन्नति की राह पर बढ़ने का रहेगा। परिवार के लिए लिए गए निर्णय पर कभी-कभी पछतावा हो सकता है। किसी से बिना सोचे-समझे वादा न करें, वाणी में संयम रखें। रहन-सहन सुधारने की कोशिश करेंगे और मन की कोई इच्छा पूरी होने से प्रसन्नता का ठिकाना नहीं रहेगा।

मिथुन राशि आज का दिन मिलाजुला रहेगा। मेहनत का फल मिलेगा और बिजनेस में पार्टनर पर नजर रखना जरूरी होगा। निवेश करते समय सावधानी बरतें। रुके हुए काम पूरे होंगे। राजनीति में कदम रखने वालों को सतर्क रहना होगा, क्योंकि लोग आपकी छवि को चुनौती दे सकते हैं।

कर्क राशि आज नई प्रॉपर्टी की खरीदारी लाभदायक होगी। कार्यक्षेत्र में मनपसंद काम मिलेगा और संतान के साथ पिकनिक की योजना बन सकती है। उधार लिया हुआ धन वापस लिया जा सकेगा। माता-पिता की सेहत पर थोड़ा ध्यान दें और परिवार में भाई-बहनों से चल रही खटपट का समाधान निकालेंगे।

सिंह राशि आज का दिन धन-धान्य में वृद्धि लेकर आएगा। घर में नया वाहन लाना संभव है। जीवनसाथी आपके कामों में सहयोग देंगे। पिताजी से कार्यों पर बातचीत लाभकारी रहेगी। किसी काम को लेकर संशय है तो उसमें जल्दबाजी न करें। परिवार में नए मेहमान का आगमन खुशी लेकर आएगा।

कन्या राशि आज सकारात्मक परिणाम मिलेंगे। कामों को कल पर न टालें और बॉस के सुझाव पर अमल करें। घर का रिनोवेशन शुरू हो सकता है और मांगलिक कार्यक्रम की तैयारियां चल सकती हैं। धार्मिक कार्यों में मन लगेगा और पुराने मित्र से मिलने की खुशी होगी।

तुला राशि आज सोच-समझकर निर्णय लेने का दिन है। विद्यार्थी विदेश पढ़ाई के अवसर पा सकते हैं। सरकारी मामलों में लापरवाही से बचें। धन-धान्य में वृद्धि से मन प्रसन्न रहेगा। योजना बनाकर काम करें और दिखावे में न फंसें, नहीं तो समस्याएं बढ़ सकती हैं।

वृश्चिक राशि आज अचानक लाभ का दिन है। प्रॉपर्टी डील से अच्छा मुनाफा होगा और बिजनेस में बदलाव लाभदायक रहेंगे। माताजी से किसी बात को लेकर खटपट हो सकती है। वाहन सावधानी से चलाएं और अटका हुआ धन मिलने की पूरी संभावना है।

धनु राशि आज का दिन मौज-मस्ती भरा रहेगा। मित्र से सलाह लें और बिजनेस पार्टनरशिप लाभदायक रहेगी। जीवनसाथी नई नौकरी प्राप्त कर सकते हैं। परिवार में पार्टी का आयोजन माहौल खुशनुमा करेगा। घूमने-फिरने के दौरान महत्वपूर्ण जानकारी मिलेगी और विरोधी की बातों में न फंसें।

मकर राशि आज लेन-देन में समझदारी दिखाएं। आय और व्यय में संतुलन बनाए रखें। सहयोगी की बुरी बात से मन परेशान हो सकता है, लेकिन काम पर फोकस बनाए रखें। उन्नति के रास्ते पर बढ़ेंगे। शारीरिक समस्या है तो टेस्ट कराएं।

कुंभ राशि आज का दिन बढ़िया रहेगा। अच्छे सोच का लाभ उठाएँ और राजनीति में नया काम शुरू कर सकते हैं। आय-व्यय में संतुलन रखें। सहयोगी की बुरी बात से मन विचलित न हो और विरोधी की बातों में न आएं। परिवार में किए गए वादे पूरे करें।

मीन राशि आज मन में काम को लेकर उथल-पुथल रहेगी, जिससे काम में देरी हो सकती है। कार्यक्षेत्र में झूठा आरोप लग सकता है। विद्यार्थी पढ़ाई में लापरवाही न करें। संतान से किए वादे पूरे करें। पुराना कर्ज चुका सकेंगे और धन-धान्य में वृद्धि होगी।

## सू- दोकू क्र.114

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 6 | 3 | | 8 | | 1 | | 4 |
| 8 | | | 3 | | 4 | | 7 | |
| | 4 | | | 5 | | 8 | | |
| 3 | | 8 | | | 1 | | 4 | |
| | 1 | | | 4 | | 9 | | 7 |
| | | 4 | | | 2 | | 1 | |
| 1 | | | | 3 | | 4 | | 8 |
| | 8 | | 2 | | 9 | | 3 | |
| | | 9 | | 1 | | 2 | | 5 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.113 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 7 | 9 | 2 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 |
| 2 | 1 | 8 | 3 | 7 | 6 | 9 | 5 | 4 |
| 7 | 6 | 4 | 5 | 2 | 8 | 1 | 3 | 9 |
| 3 | 8 | 1 | 6 | 9 | 7 | 2 | 4 | 5 |
| 9 | 2 | 5 | 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 |
| 8 | 3 | 7 | 9 | 6 | 4 | 5 | 2 | 1 |
| 5 | 4 | 2 | 8 | 3 | 1 | 7 | 9 | 6 |
| 1 | 9 | 6 | 7 | 5 | 2 | 4 | 8 | 3 |
| 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 9 | 6 | 7 | 2 |

## शब्द सामर्थ्य -114

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. तकलीफ, कष्ट, कठिनाई, परेशानी 3. सरल, सहज 6. ज्ञान प्राप्त करना, शिक्षा लेना 7. विवश, लाचार 8. अत्यधिक ठंडा, सुस्त 9. अच्छे ढंग में गाया जाने वाला सुंदर गीत 11. सूर्य, सूरज 13. वस्त्र आदि धारण कराना 15. अप्रसन्न, नाखुश 16. खिंचाव, आकर्षण शक्ति (उ.) 18. एक रंग, आसमानी रंग 22. सेवा-सत्कार, आवभगत 23. सर्प, सांप, लकड़ी आदि की मूर्ति बनाना।

**ऊपर से नीचे**

1. हृदर, उर 2. शिष्टता, भद्रता, विवेक (उ.) 3. अंततः, अंततोगत्वा 4. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 5. आवागमन, गमनागमन 7. पुरुष 8. घोड़े की तेज चाल, तेज गति की दौड़ 10. लूटपाट, डकैती 12. बबार्दी, तबाही 14. नासिका, श्वसनइंद्रीय 17. आखेटक, अरेही 19. योग्य, काबिल 20. कामदेव की पत्नी, प्रेम, आनंद 21. रात्रि, निशा।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | 3 | | 4 | ■ | 5 |
| | ■ | | ■ | | ■ | 6 | | |
| ■ | 7 | | | | ■ | | ■ | |
| 8 | | ■ | ■ | | ■ | 9 | 10 | |
| | ■ | ■ | ■ | 11 | 12 | ■ | | ■ |
| 13 | | | 14 | ■ | 15 | | | ■ |
| | ■ | ■ | 16 | 17 | | ■ | 18 | 19 |
| ■ | 20 | ■ | ■ | | ■ | 21 | ■ | |
| 22 | | | | | ■ | 23 | | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 113 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| चु | स्त | ■ | मु | ■ | सं | स्था | न | ■ |
| ग | ■ | म | र्दा | न | गी | ■ | त | म |
| ली | प | ना | ■ | ■ | त | न | ■ | ■ |
| ■ | ना | ना | ■ | ■ | ■ | ■ | ज | ■ |
| मा | ह | ■ | रा | ■ | सा | ज | न | ■ |
| न | ■ | स | ह | दे | व | ■ | म | द |
| व | ■ | म | ■ | व | न | ज | ■ | ल |
| ता | क | त | व | र | ■ | मी | ■ | द |
| ■ | ल | ल | क | ■ | क | र | त | ल |

## मोहम्मद रफी- पुण्यतिथि पर विशेष-31 जुलाई

# सुहानी रात ढल चुकी, न जाने तुम कब आओगे.....

**प्रशांत शर्मा**



सुहानी रात ढल चुकी , न जाने तुम कब आओगे, यह गाना मोहम्मद रफी साहब ने गाया है और आज उनकी पुण्यतिथि के मौके पर इसी गाने और इस फिल्म तथा इसके कलाकारों की चर्चा हम यहां कर रहे हैं।

फिल्म थी दुलारी और इसका निर्माण 1949 में हुआ था। फ़िल्म के मुख्य कलाकार थे सुरेश, मधुबाला और गीता बाली। फ़िल्म का निर्देशन अब्दुल रशीद कारदार साहब ने किया था। 1949 का साल गीतकार शक़ील बदायूनी और संगीतकार नौशाद के लिए ढेर सारी खुशियां लेकर आया। 1949 में महबूब ख़ान की फ़िल्म अंदाज़ , ताजमहल पिक्चर्स की फ़िल्म चांदनी रात , तथा ए. आर. कारदार साहब की दो फ़िल्में दिल्लगी और दुलारी प्रदर्शित हुई थीं और ये सभी फ़िल्मों का गीत संगीत बेहद लोकप्रिय सिद्ध हुआ था। फिल्म दुलारी 1 जनवरी 1949 को प्रदर्शित हुई थी। पूरी फिल्म ब्लैक एंड व्हाइट है। आज जब दुलारी के इस गाने की चर्चा हो रही है, तो हम बता दें कि इसी फिल्म में लता मंगेशकर और रफ़ी साहब ने अपना पहला डुएट गीत गाया था और यह गीत था-मिल मिल के गाएंगे दो दिल यहां, एक तेरा एक मेरा । फिल्म में दोनों का गाया एक और युगल गीत था -रात रंगीली मस्त नज़ारे, गीत सुनाए चांद सितारे । लता और रफी की यह जोड़ी काफी पसंद की गई और उसके बाद तो उन्होंने ऐसे- ऐसे यादगार गाने दिए हैं कि यदि उनका जिक्र करते जाएं तो न जाने कितने ही दिन गुजर जाएंगे, लेकिन बातें खत्म नहीं होंगी।

फिल्म में मोहम्मद रफ़ी की एकल आवाज़ में नौशाद साहब ने सुहानी रात ढल चुकी गीत.. -राग पहाड़ी पर बनाया । इसी फ़िल्म का गीत तोड़ दिया दिल मेरा.. भी इसी राग पर आधारित है। राग पहाड़ी नौशाद साहब का काफी लोकप्रिय शास्त्रीय राग रहा है और उन्होंने इस पर आधारित कई गाने तैयार किए हैं। इसमें से जो गाने रफी साहब की आवाज में हैं, वे हैं-

**1.. आज की रात मेरे दिल की सलामी ले ले (फिल्म-राम और श्याम)**
**2. दिल तोडऩे वाले तुझे दिल ढूंढ रहा है (सन ऑफ़ इंडिया)**
**3. दो सितारों का ज़मीं पर है मिलन आज की रात (कोहिनूर)**
**4. कोई प्यार की देखे जादूगरी (कोहिनूर)**
**5. ओ दूर के मुसाफ़िर हम को भी साथ ले ले (उडऩ खटोला)**

फिल्म दुलारी में कुल 12 गाने थे। 14 रील की इस फिल्म में ये गाने कहानी की तरह ही चलते हैं । नायिका मधुबाला के लिए लता मंगेशकर ने अपनी आवाज दी थी। वहीं गीता बाली के लिए शमशाद बेगम ने दो गाने गाए थे। जिसमें से शमशाद बेगम का गाया एक गाना - न बोल पी पी मोरे अंगना , पक्षी जा रे जा...काफी लोकप्रिय हुआ था। नायक सुरेश के लिए रफी साहब ने आवाज दी थी। इसमें से 9 गाने लता मंगेशकर ने गाए जिसमें रफी साहब के साथ उनका दो डुएट भी शामिल है। रफी साहब ने केवल एक गाना एकल गाया और वह है -सुहानी रात ढल चुकी जिसे आज भी रफी साहब के सबसे हिट गानों में शामिल किया जाता है। पूरा गाना इस प्रकार है-

**सुहानी रात ढल चुकी, ना जाने तुम कब आओगे**
**जहां की रुत बदल चुकी, ना जाने तुम कब आओगे**
**अंतरा-1. नज़ारे अपनी मस्तियां, दिखा-दिखा के सो गये**
**सितारे अपनी रोशनी, लुटा-लुटा के सो गये**
**हर एक शम्मा जल चुकी, ना जाने तुम कब आओगे**
**सुहानी रात ढल...**




**अंतरा- 2- तड़प रहे हैं हम यहां, तुम्हारे इंतज़ार में**
**खिजां का रंग, आ-चला है, मौसम-ए-बहार में**
**हवा भी रुख बदल चुकी, ना जाने तुम कब आओगे**
**सुहानी रात ढल......**

गाने में नायक की नायिका से मिलने की बैचेनी और इंतजार का दर्द शकील साहब ने अपनी कलम से बखूबी उतारा है, तो रफी साहब ने अपनी आवाज से इस गाने को जीवंत बना दिया है। गाने में शब्दों का भारी भरकम जाल नहीं है बल्कि बोल काफी सिंपल हैं, जो बड़ी सहजता से लोगों की जुबां पर चढ़ जाते हैं। गाने की यही खासियत इसे आज तक जिंदा रखे हुए है। गाने के शौकीन आज भी किसी कार्यक्रम में इसे गाना नहीं भूलते हैं। राग पहाड़ी के अनुरूप इसका फिल्मांकन भी हुआ है और दृश्य में नायक चांदनी रात में सुनसान जंगल में नायिका का इंतजार करते हुए यह गाना गाता है। दृश्य में एक टूटा फूटा खंडहर भी नजर आता है, तो नायक की विरान जिंदगी को दर्शाता है, जिसे बहार आने का इंतजार है।

दुलारी फिल्म की कहानी कुछ इस प्रकार थी-प्रेम शंकर एक धनी व्यावसायिक का बेटा होता है जिसकी शादी उसके माता-पिता रईस खानदान में करना चाहते हैं। प्रेम शंकर को एक बंजारन लड़की दुलारी से प्यार हो जाता है। यह लड़की बंजारन नहीं बल्कि एक रईस खानदान की बेटी शोभा रहती है, जिसे बंजारे लुटेरे बचपन में उठा लाए थे। यह रोल मधुबाला ने निभाया है। प्रेमशंकर इस लड़की को इस नरक से निकालने के लिए उससे शादी करने का फैसला लेता है। बंजारन की टोली में एक और लड़की रहती है कस्तूरी जिसका रोल गीता बाली ने निभाया है। वह इसी टोली के एक बंजारे लड़के से प्यार करती है, लेकिन उसकी नजर दुलारी पर होती है। प्रेमशंकर के पिता इस शादी के खिलाफ हैं। काफी जद्दोजहद के बाद प्रेमशंकर , दुलारी को इस नरक से निकालने में कामयाब हो जाता है और उनके पिता को भी इस बात का पता चल जाता है कि दुलारी और कोई नहीं उनके ही मित्र की खोई हुई बेटी है जिसे वे बचपन से ही अपनी बहू बनाने का फैसला कर चुके थे। फिल्म के अंत में सब कुछ ठीक हो जाता है और नायक को अपना सच्चा प्यार मिल जाता है। फिल्म में मधुबाला से ज्यादा खूबसूरत गीता बाली नजर आई हैं, लेकिन उनके हिस्से में सह नायिका की भूमिका ही थी। लेकिन फिल्म के प्रदर्शन के एक साल बाद ही उन्हें फिल्म बावरे नैन में राजकपूर की नायिका बनने का मौका मिला और इसके कुछ 5 साल बाद उन्होंने शम्मी कपूर के साथ शादी कर ली। दुलारी फिल्म मधुबाला की प्रारंभिक फिल्मों में से है। मधुबाला ने जब यह फिल्म की उस वक्त उनकी उम्र मात्र 16 साल की थी।

फिल्म की पूरी कहानी चंद पात्रों के इर्द-गिर्द ही घूमती है। सुरेश के पिता के रोल में अभिनेता जयंत थे जिनका असली नाम जकारिया खान था, लेकिन उन्हें जाने-माने फिल्म निर्माता और निर्देशक विजय भट्ट ने जयंत नाम दिया था। विजय भट्ट आज की फिल्मों के निर्माता-निर्देशक विक्रम भट्ट के दादा थे। जयंत के बेटे अमजद खान हैं जिन्हें आज भी गब्बर सिंह के रूप में पहचाना जाता है। फिल्म दुलारी में नायक सुरेश की मां का रोल प्रतिमा देवी ने निभाया था, जो ज्यादातर फिल्मों में मां का रोल में ही नजर आईं। उनकी फिल्मों में अमर अकबर एंथोनी, पुकार प्रमुख हैं। आखिरी बार वे वर्ष 2000 में बनी फिल्म पलकों की छांव में दिखाई दी थीं। मधुबाला के पिता के रोल में अभिनेता अमर थे। अभिनेता श्याम कुमार ने खलनायक का रोल निभाया था, जो बाद में रोटी, जख्मी जैसी कई फिल्मों में खलनायक के रूप में नजर आए।

कभी फुरसत मिले तो इस फिल्म को जरूर देखिएगा, अपने दिलकश गानों की वजह से यह फिल्म दिल तो सुकून देती है। हालांकि अब इसके प्रिंट काफी धुंधले पड़ गए हैं। फिल्म की तकनीक और कहानी आज की पीढ़ी को भले ही पुरानी लगे, लेकिन अपने दौर की यह हिट और क्लासी फिल्म है।

जिले में 48 घंटे से लगातार हो रही मूसलाधार बारिश, प्रशासन अलर्ट मोड पर

# बहा डायवर्जन, छत्तीसगढ़-तेलंगाना संपर्क टूटा, गांव बने टापू, किसान की मौत

राजकुमार कोण्डागुरला

**बीजापुर 30 जुलाई।** जिले में बीते 48 घंटे से लगातार हो रही मूसलाधार बारिश ने जनजीवन पूरी तरह प्रभावित कर दिया है। सबसे गंभीर स्थिति बीजापुर, भोपालपटनम और उसूर जिलों में बनी हुई है, जहां उफनती नदियों और नालों ने कई गांवों का जिला एवं ब्लॉक मुख्यालय से संपर्क पूरी तरह से टूट गया है। कई प्रमुख सड़कें जलमग्न हैं, पुल-पुलियों के ऊपर पानी बह रहा है और राष्ट्रीय राजमार्गों पर यातायात ठप हो गया है। मौसम विभाग ने अगले 48 घंटे तक भारी बारिश के साथ वज्रपात होने की संभावना जताई है।





## बने सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लगी

बीजापुर से हैदराबाद जाने वाली सड़क पर तारलागुड़ा पोटाकेबिन के आगे निर्माणाधीन पुल के पास अस्थायी डायवर्जन तेज बहाव में बह गया। इसके साथ ही राष्ट्रीय राजमार्ग-163 पर छत्तीसगढ़ का तेलंगाना और हैदराबाद से सड़क संपर्क पूरी तरह टूट गया। सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और यात्रियों को बीच रास्ते से ही लौटना पड़ा। निर्माण एजेंसी ने पुल निर्माण के दौरान आवागमन के लिए अस्थायी डायवर्जन बनाया था, लेकिन लगातार बारिश और तेज बहाव के कारण बह गया।

## कई गांवों का संपर्क टूटा, बने टापू जैसे हालात

लगातार बारिश के कारण जल्लावागु नाला उपान पर है। भोपालपटनम ब्लॉक के इन्द्रकालोनी, वरदल्ली, बारेगुड़ा, मट्टीमरका, सेंड्रा, पीलूर, लिंगापुर, वाड़ला, नलमपल्ली, दम्मूर, सकनापल्ली, पोल्लम, सहित कई गांवों का संपर्क पूरी तरह कट गया है। वहीं बीजापुर और उसूर ब्लॉक में चेरपाल नाला, चिंतावागु नदी, और अन्य नदियों के रौद्र रूप में होने कारण ग्रामीणों का आवागमन बंद हो गया है। कई गांवों में टापू जैसे हालात बन गए हैं। इधर चिन्नाकवली, गुड्डीपाल, आदेड, रालापाल, कांडुलनार के लोगों को इलाज, राशन और अन्य जरूरी कार्यों के लिए मुख्यालय तक पहुंचने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई शिक्षक भी स्कूल नहीं पहुंच सके, जिससे शिक्षा व्यवस्था भी प्रभावित हुई है।

## महाराष्ट्र मार्ग भी खतरे में

बारिश का असर राष्ट्रीय राजमार्ग-63 पर भी दिखाई दे रहा है। भोपालपटनम से आसरल्ली तक सड़क जगह-जगह बड़े गड्ढों में तब्दील हो चुकी है। भारी वाहन बेहद धीमी गति से जोखिम उठाकर गुजर रहे हैं। यदि बारिश इसी तरह जारी रही तो महाराष्ट्र से संपर्क भी पूरी तरह बाधित होने की आशंका है।

## प्रशासन अलर्ट, रेस्क्यू अभियान जारी

लगातार बारिश को देखते हुए जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट पर है। नगर सेना और रेस्क्यू टीम नावों के माध्यम से प्रभावित क्षेत्रों में लोगों को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाने में जुटी हुई है। प्रशासन ने लोगों से उफनते नदी-नालों, पुल-पुलियों और क्षतिग्रस्त डायवर्जनों को पार नहीं करने तथा अनावश्यक यात्रा से बचने की अपील की है।मौसम विभाग के अनुसार अगले 48 घंटे तक वज्रपात के साथ अति भारी बारिश होने की संभावना है। ऐसे में जिला प्रशासन लगातार हालात पर नजर बनाए हुए है और किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए सभी विभागों को सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं।

### खेत में सूखा पेड़ गिरने से किसान की मौत



गंगालूर तहसील के ग्राम पंचायत पदमुर के आश्रित ग्राम जारगोया में खेत की जुताई के दौरान 40 वर्षीय किसान अनिराम पेरमा पर अचानक सूखा पेड़ गिर गया। गंभीर रूप से घायल किसान को अस्पताल ले जाने का प्रयास किया गया, लेकिन उफनती नदी के कारण समय पर उपचार नहीं मिल सका और उनकी मौत हो गई। इस घटना से पूरे गांव में शोक का माहौल है।

### जिले में अब तक 484.3 मिमी औसत दर्ज, कुटरू में सर्वाधिक वर्षा

**बीजापुर, 30 जुलाई।** जिले में लगातार हो रही बारिश के बीच अब तक 1 जून से 29 जुलाई 2026 तक 484.3 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। कलेक्टर कार्यालय की भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले की अधिकांश तहसीलों में सामान्य से अधिक बारिश होने से नदी-नाले उफान पर हैं और जनजीवन प्रभावित हुआ है।आंकड़ों के अनुसार कुटरू तहसील में सर्वाधिक 599.5 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। इसके बाद भैरमगढ़ में 598.3 मिमी, बीजापुर तहसील में 587.1 मिमी, भोपालपटनम में 434.2 मिमी, गंगालूर में 432.3 मिमी तथा उसूर में 254.2 मिमी वर्षा रिकॉर्ड की गई है।लगातार हो रही बारिश के कारण जिले के कई नदी-नाले उफान पर हैं। कई ग्रामीण क्षेत्रों का जिला एवं ब्लॉक मुख्यालय से संपर्क टूट गया है, जबकि राष्ट्रीय और ग्रामीण मार्गों पर भी आवागमन प्रभावित हुआ है।

## एक नजर

### पूर्व मंत्री महेश गागड़ा ने शिव मंदिर में दीप प्रज्वलित कर किया अभियान का शुभारंभ



**बीजापुर, 30 जुलाई (तछसं.)।** गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा संत शिरोमणि गुरु रविदास जी महाराज की 650वीं जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित समरसता संकल्प अभियान का शुभारंभ गुरुवार को बीजापुर स्थित शिव मंदिर परिसर में दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री महेश गागड़ा ने अभियान का शुभारंभ करते हुए संत गुरु रविदास जी के समता, सामाजिक न्याय और मानवता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।पूर्व मंत्री महेश गागड़ा ने कहा कि संत गुरु रविदास जी का जीवन सामाजिक समरसता, समानता और मानवता के मूल्यों का जीवंत उदाहरण है। उनके विचार आज भी समाज को जाति, वर्ग और भेदभाव से ऊपर उठकर राष्ट्र निर्माण के लिए एकजुट होकर कार्य करने की प्रेरणा देते हैं।कार्यक्रम के दौरान भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने संत गुरु रविदास जी के बताए मार्ग पर चलने, सामाजिक समरसता को सुदृढ़ करने तथा समाज के अंतिम व्यक्ति तक समानता, सम्मान और सेवा का संदेश पहुंचाने का सामूहिक संकल्प लिया। इस अवसर पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य श्रीनिवास मुदलियार, भाजपा जिला अध्यक्ष घासीराम नाग, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष उर्मिला तोकल, नगर पालिका अध्यक्ष गीता सोम पुजारी, मंडल अध्यक्ष अशोक राव, पार्षद मुन्ना ताती, एर्रन्ना अनमुल, सल्ला प्रताप सहित वरिष्ठ पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### स्व-सहायता समूह की दीदियों को दिया गया राखी बनाने का प्रशिक्षण

**जगदलपुर, 30 जुलाई ।** तीज-त्यौहारों के अवसर पर स्व-सहायता समूह की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उनके लिए अतिरिक्त आय के अवसर सृजित करने की दिशा में ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (ऋस्श्वङ्गढ्ढ) आड़ावाल जगदलपुर द्वारा विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में सातों जनपदों से आई स्व-सहायता समूह की तीस दीदियों को आकर्षक एवं पर्यावरण अनुकूल राखियां बनाने का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान महिलाओं ने धान, चांवल, लालभाजी के बीज, कुकुम्बर (खीरा) के बीज, मयूर पंख, बांस तथा अन्य सजावटी सामग्री से सुंदर एवं कलात्मक राखियां तैयार करना सीखा। प्रशिक्षकों ने उन्हें डिजाइन चयन, रंग संयोजन, गुणवत्ता, पैकेजिंग और बाजार की मांग के अनुरूप उत्पाद तैयार करने की बारीकियों से भी अवगत कराया। प्रशिक्षण पूरा होने के बाद सभी प्रतिभागी दीदियां अपने-अपने जनपदों में लौटकर समूह की अन्य महिलाओं के साथ मिलकर बड़े पैमाने पर राखियां तैयार करेंगी। इससे एक ओर स्थानीय स्तर पर हस्तनिर्मित और प्राकृतिक सामग्री से बनी राखियों की उपलब्धता बढ़ेगी, वहीं महिलाओं को त्यौहारी सीजन में अतिरिक्त आय अर्जित करने का अवसर भी मिलेगा।प्राकृतिक सामग्री से तैयार ये राखियां पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी देती हैं। इन राखियों में स्थानीय संसाधनों का उपयोग होने से बस्तर की पारंपरिक कला और ग्रामीण महिलाओं की रचनात्मकता को भी नई पहचान मिल रही है। ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान का यह प्रयास केवल कौशल विकास तक सीमित नहीं है, बल्कि महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़कर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। इस रक्षाबंधन पर बाजार में स्व-सहायता समूह की दीदियों द्वारा तैयार की गई आकर्षक और पर्यावरण हितैषी राखियां लोगों के बीच विशेष आकर्षण का केंद्र बनने की उम्मीद है।

### मनोनीत एल्डरमैनों ने किया शपथग्रहण

**बीजापुर, 30 जुलाई ।** नगर पालिका परिषद बीजापुर में बुधवार को छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मनोनीत एल्डरमैनों का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ। समारोह में नवनियुक्त एल्डरमैनों ने पद एवं गोपनीयता की शपथ लेकर नगर के विकास और जनसेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। कार्यक्रम में एसडीएम एवं पीठासीन अधिकारी जागेश्वर कौशल ने सभी मनोनीत एल्डरमैनों को विधिवत पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

# नक्सलियों के लगाए प्रेशर आईईडी की चपेट में आए दो किशोर घायल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर 30 जुलाई।** नक्सलियों के द्वारा पूर्व में लगाए गए प्रेशर आईईडी (इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस) की चपेट में आने से दो अलग-अलग घटनाओं में दो ग्रामीण किशोर घायल हो गए। एक घायल को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रेफर किया गया है, जबकि दूसरे घायल को उफनते नाले से सुरक्षा बलों की टीम द्वारा सुरक्षित निकाला गया।

जानकारी के अनुसार, पहली घटना सुकमा जिले के कारीगुंडम गांव के सात-आठ युवक नीलम सराई जलप्रपात घूमने आए थे। जलप्रपात से करीब डेढ़ किमी पहले 13 वर्षीय सोढ़ी देवा अनजाने में माओवादियों द्वारा लगाए गए प्रेशर आईईडी की चपेट में आ गया। विस्फोट में उसके दाहिने पैर की एड़ी गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे तत्काल उसूर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल भेजा गया। चिकित्सकों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए





जगदलपुर रेफर किया है।वहीं दूसरी घटना में ग्राम नम्बी निवासी 15 वर्षीय विनोद कट्टम जंगल में मवेशी चराने के दौरान प्रेशर आईईडी की चपेट में आकर घायल हो गया। लगातार हो रही बारिश के कारण क्षेत्र के नाले उफान पर हैं, जिससे राहत एवं बचाव कार्य प्रभावित हुआ है। सुरक्षा बलों और स्थानीय प्रशासन की टीम की मदद से घायल किशोर को सुरक्षित बाहर निकाला गया है।इन दोनों घटनाओं ने एक बार फिर माओवादी प्रभावित क्षेत्रों में जंगलों और दुर्गम इलाकों में छिपाकर रखे गए विस्फोटकों के खतरे को उजागर कर दिया है। सुरक्षा एजेंसियों ने ग्रामीणों से अपील की है कि वे अनजान स्थानों और जंगलों में सावधानी बरतें तथा किसी भी संदिग्ध वस्तु या गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें।

## तीन करोड़ के गबन मामले में साख समिति का तत्कालीन अध्यक्ष गिरफ्तार

**जगदलपुर।** जगदलपुर में पुलिस जवानों की जमा पूंजी में करोड़ों रुपये के गबन मामले में जांच अब निर्णायक मोड़ पर पहुंच गई है। 5वीं वाहिनी छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल की कर्मचारी कल्याण साख समिति में करीब 3 करोड़ रुपये के कथित फर्जीवाड़े में पुलिस ने तत्कालीन अध्यक्ष और प्रधान आरक्षक शिवाकांत तिवारी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जांच में फर्जी दस्तावेजों के जरिए जवानों की एफडी, लोन की किस्तों और जमा राशि में हेराफेरी के गंभीर आरोप सामने आए हैं। पुलिस का कहना है कि जांच अभी जारी है और इस पूरे नेटवर्क में शामिल अन्य लोगों की भूमिका भी खंगाली जा रही है।5वीं वाहिनी की कर्मचारी कल्याण साख समिति में हुए करोड़ों रुपये के इस घोटाले ने विभाग के भीतर हड़कंप मचा दिया है। विभागीय जांच और ऑडिट में कई वित्तीय अनियमितताएं सामने आने के बाद मामला पुलिस तक पहुंचा। जांच में पता चला कि साख समिति की लिपिकीय और प्रबंधकीय व्यवस्था का दुरुपयोग कर जवानों की जमा पूंजी में कथित हेराफेरी की गईजांच एजेंसियों के मुताबिक फर्जी और कूटरचित दस्तावेज तैयार कर जवानों की फिक्स डिपॉजिट, लोन की किस्तों और अन्य जमा राशियों को निजी खातों में ट्रांसफर किया गया।

# लगातार बारिश को लेकर पूर्व मंत्री महेश गागड़ा की अपील, प्रशासन के साथ मिलकर करें जनसेवा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर 30 जुलाई।** जिले में लगातार हो रही बारिश और संभावित बाढ़ की स्थिति को देखते हुए पूर्व मंत्री महेश गागड़ा ने आम नागरिकों और भाजपा कार्यकर्ताओं से सतर्क रहने तथा प्रशासन के साथ समन्वय बनाकर राहत कार्यों में सहयोग करने की अपील की है।



उन्होंने कहा कि लगातार बारिश के कारण कई क्षेत्रों में सड़क संपर्क प्रभावित हो सकता है। ऐसे में यदि किसी गांव का संपर्क टूटता है या लोगों को सहायता की आवश्यकता होती है, तो स्थानीय एसडीएम, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) और नगर पालिका के मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) से तत्काल संपर्क कर राहत एवं बचाव कार्यों में सहयोग करें।

महेश गागड़ा ने लोगों से अपील की कि बाढ़ या जलभराव की स्थिति में किसी भी हाल में नदी-नालों को पार करने का प्रयास न करें। उन्होंने कहा कि प्रशासन और राहत-बचाव दल पूरी मुस्तैदी से कार्य कर रहे हैं, इसलिए अफवाहों से बचें और प्रशासन के निर्देशों का पालन करें।उन्होंने जनप्रतिनिधियों और भाजपा कार्यकर्ताओं से भी आग्रह किया कि आपदा की इस घड़ी में जरूरतमंद लोगों की हरसंभव मदद करें और प्रशासन के साथ मिलकर राहत एवं बचाव कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाएं।

# कारली के मेंडोली पारा में लगा ट्रांसफार्मर किसान अब बोरवेल से कर सकेंगे सिंचाई



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**गीदम, 30 जुलाई ।** दंतेवाड़ा जिले के गीदम जनपद अंतर्गत आने वाले कारली ग्राम पंचायत के मेंडोली पारा में पिछले लगभग 5 वर्षों से ग्रामीण लो वोल्टेज की समस्या से परेशान थे, 2। वर्षों से लिखित आवेदन देकर ट्रांसफार्मर लगवाने की मांग भी जिला प्रशासन से ग्रामीण कर रहे थे, कलेक्ट्रेट कार्यालय में आवेदन देने के बाद भी गांव में ट्रांसफार्मर नहीं लगाया गया था ऐसे में लो वोल्टेज की समस्या से ग्रामीण एवं किसान परेशान थे, किसानों के लिए बोरवेल से सिंचाई व्यवस्था भी प्रभावित हो रही थी। गांव की इस समस्या को पूर्व सरपंच उमेश कश्यप लगातार उठा रहे थे, तरुण छग ने भी 23 जुलाई को इस समस्या की खबर प्रमुखता से प्रकाशित की थी जिसके बाद 4 दिन के भीतर ही बिजली विभाग के द्वारा ट्रांसफार्मर लगाया गया । इस समस्या का समाधान होते देख ग्रामीणों ने खुशी जाहिर की । इस दौरान पूर्व सरपंच उमेश कश्यप ने कहा कि ग्रामीण पिछले 5 वर्षों से लो वोल्टेज की समस्या से परेशान थे, 2 वर्षों से जिला प्रशासन को लिखित आवेदन भी दे चुके थे अब गांव में ट्रांसफार्मर लग गया है तो लो वोल्टेज की समस्या अब नहीं होगी साथ ही किसानों को भी बोरवेल से सिंचाई की समस्या नहीं होगी, उन्होंने इस समस्या के समाधान होने पर तरुण छग का आभार जताया साथ ही जिला प्रशासन एवं बिजली विभाग का भी आभार जताया ।



### लोकसभा में बस्तर सांसद महेश कश्यप ने उठाए रावघाट रेल परियोजना का मामला

**जगदलपुर, 30 जुलाई।** बस्तर लोकसभा क्षेत्र के सांसद महेश कश्यप ने लोकसभा में केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से बस्तर की रेल कनेक्टिविटी और यात्री सुविधाओं से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर प्रश्न उठाए। सांसद ने रावघाट जगदलपुर रेल परियोजना की वर्तमान प्रगति,बस्तर से नई ट्रेन सेवाएं शुरू करने के प्रस्ताव,किरंदुल विशाखापट्टनम रेलखंड पर यात्री सुविधाओं के विस्तार तथा जगदलपुर रेलवे स्टेशन को विश्वस्तरीय सुविधाओं से विकसित करने की योजना के संबंध में जानकारी मांगी।रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने अपने उत्तर में बताया कि रावघाट जगदलपुर नई रेल लाइन ( लम्बाई 140 किमी) परियोजना 3,513 करोड़ रूपये की लागत से स्वीकृत है। परियोजना के लिए आवश्यक 818 हेक्टेयर भूमि में से 249 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण किया जा चुका हैद्य जगदलपुर पल्ली कुरकानार खंड में निर्माण कार्य प्रारंभ हो चुके हैं,जबकि रावघाट कुरकानार खंड में भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया जारी है।रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यह भी बताया कि बस्तर क्षेत्र की रेल संपर्क व्यवस्था को और मजबूत करने के लिए कई नई रेल लाइनों का सर्वेक्षण किया गया है।

# आज से पवित्र श्रावण मास प्रारंभ, मंदिरों में उमड़े भक्त

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा 30 जुलाई।** आज कृष्ण पक्ष प्रतिपदा से पवित्र श्रावण मास की शुरूआत हो गई है। सावन का पहला दिन होने से आज सुबह से ही अपने प्रिय भगवान भोलेनाथ को जल चढ़ाने शिवालयों में बड़ी संख्या में भक्त पहुंचते रहे। आज से पूरे एक महिने तक शिव भक्त अपने आराध्य देव भगवान भोलेनाथ की भक्ति में समाहित रहेंगे। सावन मास को लेकर शिव भक्तों में खासा उत्साह देखा जा रहा है।

गौरतलब है कि आज से देवों के देव भगवान भोलेनाथ महादेव का सबसे प्रिय मास श्रावण मास की शुरूआत हो गई है। सावन का महिना भगवान शिव की भक्ति और उपासना का सबसे पवित्र समय माना जाता है। इस पूरे महिने में शिवलिंग पर जल अर्पित करना, व्रत रखना और मंत्रों का जाप करना विशेष फलदायी होता है। वर्ष 2026 में सावन की शुरूआत 30 जुलाई से हो रही जो 28 अगस्त को रक्षाबंधन के दिन समापन होगा। आज से बाबा भोलेनाथ के भक्त पूरे एक माह तक शिवजी के आराधना, ध्यान में डूबेंगे। सावन के पहले दिन होने से भक्त आज बड़ी संख्या में मां दंतेश्वरी के मंदिर समेत



शिवालयों में भोलेनाथ को दुग्धाभिषेक एवं जलाभिषेक अर्पित कर पूर्ण भक्तिभाव के साथ पूजा करते करते दिखाई पड़े। अंचल में दो दिनों से हो रही अनवरत बारिश के बावजूद भक्त भोलेनाथ को जलाभिषेक करने अपने अपने नजदीकी शिवालयों में अल सुबह पहुंचे थे। सावन में भगवान भोलेनाथ की विशेष पूजा आराधना का अलग ही महत्व है लिहाजा आज शिवालयों में भोलेनाथ के दर्शन पूजन के लिए भक्तों की काफी भीड़ रही। सुबह से ही शिवालयों में ओम नमः शिवाय की गूंज सुनाई पड़ रही है। शिवभक्त घरों में भी विधि विधान से भगवान शंकर की पूजा अर्चना कर भोलेबाबा को प्रसन्न करने में लगे हुए हैं। बता दें कि इस वर्ष श्रावण मास में कुल 4 सोमवार पड़ रहे हैं जिनमें पहला सोमवार 03 अगस्त, दुसरा सोमवार 10 अगस्त, तीसरा सोमवार 17 अगस्त को और चौथा व आखरी सोमवार 24 अगस्त को पड़ेगा। पहला सोमवार आने में अभी 4 दिन का समय है लिहाजा सावन के पहले ही दिन आज बड़ी संख्या में श्रद्धालु शिवालयों में पहुंच भोलेनाथ को जर्लापण कर बेलपत्र चढ़ाकर उनका आर्शीवाद प्राप्त कर रहे हैं। हिन्दू धर्म में ऐसी मान्यता है कि सावन के महिने में भगवान भोलेनाथ की आराधना पूजा वंदना करने एवं शिवलिंग में जलार्पित करने से भोलेनाथ प्रसन्न होते हैं और वे अपने भक्तों की सभी मनोकामनाएं पुरी करते हैं।

# अंतरराष्ट्रीय बाघ दिवस पर वन्य जीव व बाघ संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करने हुए विविध आयोजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर, 30 जुलाई।** अंतरराष्ट्रीय बाघ दिवस के अवसर पर इंद्रावती टाइगर रिजर्व में वन्यजीव एवं बाघ संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से भव्य कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इंद्रावती टाइगर रिजर्व और नोवा नेचर वेलफेयर सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस आयोजन में जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, पुलिस विभाग, विद्यार्थियों, युवाओं और आम नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। देश के चौथे सबसे बड़े टाइगर रिजर्व में पहली बार इस स्तर पर बाघ संरक्षण को लेकर व्यापक जनभागीदारी देखने को मिली।

### रन फॉर इंद्रावती मैराथन में दौड़े 150 प्रतिभागी

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रन फॉर इंद्रावती मैराथन रही। 5 और 10 किलोमीटर की दो श्रेणियों में आयोजित इस दौड़ में करीब 150 धावकों ने हिस्सा लिया। बीजापुर के अलावा दंतेवाड़ा, बस्तर और कोंडागांव सहित अन्य जिलों से पहुंचे प्रतिभागियों ने तेज बारिश के बावजूद पूरे उत्साह के साथ दौड़ पूरी कर बाघ एवं वन्यजीव संरक्षण का संदेश दिया।



### छात्रों ने दिखाई रचनात्मक प्रतिभा

अंतरराष्ट्रीय बाघ दिवस के अवसर पर चित्रकला, पेंटिंग, कविता और भाषण प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। जिले के नौ विद्यालयों के विद्यार्थियों ने बाघ संरक्षण, जैव विविधता और पर्यावरण संरक्षण विषय पर आकर्षक चित्र, पेंटिंग, कविताएं और प्रभावशाली भाषण प्रस्तुत किए। विद्यार्थियों की रचनात्मक प्रस्तुतियों ने प्रकृति संरक्षण के प्रति नई पीढ़ी की जागरूकता को दर्शाया।

### पुरस्कारों का वितरण जिला पंचायत अध्यक्ष ने किया

समारोह में जिला पंचायत अध्यक्ष जानकी कोरसा मुख्य अतिथि रहीं, जबकि पुलिस अधीक्षक उमेश प्रसाद गुप्ता एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमन कुमार झा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अतिथियों ने बच्चों की प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण की भावना बचपन से विकसित करना भविष्य के सुरक्षित प्राकृतिक परिवेश की मजबूत नींव है। आयोजित प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को पुरस्कार वितरण कर सम्मानित किया गया।

### कलेक्टर ने दिखाई हरी झंडी

मैराथन का शुभारंभ कलेक्टर ने हरी झंडी दिखाकर मैराथन को रवाना किया। उन्होंने कहा कि बाघों और वनों का संरक्षण केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। उन्होंने युवाओं से पर्यावरण संरक्षण के अभियान से जुड़ने का आह्वान किया।

### इन विजेताओं ने मारी बाजी

5 किलोमीटर महिला वर्ग में प्रथम सुनीता कुहरामी, द्वितीय साक्षी नेताम, तृतीय प्रियंशु मिच्छा,

10 किलोमीटर महिला वर्ग, प्रथम पार्वती नेताम, द्वितीय कुसुम सरदुल, तृतीय अंजली करम,

5 किलोमीटर पुरुष वर्ग, प्रथम चम्पेश मरकाम, द्वितीय प्रदीप मरकाम, तृतीय मनजीत मरकाम, 10 किलोमीटर पुरुष वर्ग, प्रथम फूलधर नेताम, द्वितीय भावेश सलाम, तृतीय ललित नाग, चित्रकला एवं पेंटिंग प्रतियोगिता,

कक्षा 5 से 8, प्रथम यश विष्णु, द्वितीय सुनीता तेलम, तृतीय अंश कुमार, चतुर्थ शेरोन बरसा, कक्षा 9 से 12, प्रथम शांति त्रिपाठी, द्वितीय मीनाक्षी एवं प्रयाग (संयुक्त), तृतीय इलाफ फातिमा, कार्यक्रम के सफल आयोजन में इंद्रावती टाइगर रिजर्व के उप निदेशक संदीप बलगा, एसडीओ मनोज बघेल तथा वन विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। वहीं नोवा नेचर वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष एम. सूरज सहित संस्था के सदस्यों ने आयोजन को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई। इंद्रावती टाइगर रिजर्व के उप निदेशक संदीप बलगा ने बताया कि जिले में इंद्रावती टाइगर रिजर्व के तत्वाधान में और कलेक्टर के निर्देशन में सफलतापूर्वक कार्यक्रम आयोजित किया गया। बारिश में भी प्रतिभागियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया है। बाघ, वन और जैव विविधता संरक्षण के लिए भविष्य में भी ऐसे जन-जागरूकता अभियान निरंतर चलाए जाएंगे, ताकि प्रकृति संरक्षण को जन-आंदोलन का स्वरूप दिया जा सके। जंगली जानवरों के शिकार की रोकथाम हेतु लोगों को जागरूक करना और उनके संरक्षण की महत्व को समझा सकें।

### दिव्यांगजनों के सपनों को पूरा करने के लिए छत्तीसगढ़ शासन देगा आसान ऋण, ट्रेनिंग और बाजार की गारंटी

**जगदलपुर 30 जुलाई।** दिव्यांगजनों को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने और स्वावलंबन की दिशा में सशक्त कदम उठाने के लिए छत्तीसगढ़ शासन द्वारा लगातार प्रभावी प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में गुरुवार को कलेक्टोरेट के आस्था कक्ष में दिव्यांगजन वित्त एवं विकास निगम की एक विशेष बैठक आयोजित की गई, जिसमें निगम के अध्यक्ष श्री लोकेश कावड़िया मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान शासन की योजनाओं का लाभ उठाकर समय पर ऋण (लोन) की अदायगी करने वाले ईमानदार एवं सफल हितग्राहियों को सम्मानित किया गया। इसके साथ ही नए व्यवसाय और स्व-रोजगार की इच्छा रखने वाले दिव्यांग हितग्राहियों से सीधे संवाद कर उनकी आवश्यकताओं और योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए अध्यक्ष श्री लोकेश कावड़िया ने बताया कि छत्तीसगढ़ शासन दिव्यांगजनों के कल्याण और उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

# रायगढ़ आगमन पर मुख्यमंत्री साय का आत्मीय स्वागत





■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 30 जुलाई ।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय आज गुरु पूर्णिमा के असवर पर रायगढ़ प्रवास पर पहुंचे। इस अवसर पर वित्त मंत्री एवं रायगढ़ विधायक श्री ओपी चौधरी भी साथ में उपस्थित थे। राजकीय विमान से जिंदल एयरस्ट्रिप पहुंचने पर सीएम एवं वित्त मंत्री का जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों एवं गणमान्य नागरिकों ने उनका आत्मीय स्वागत किया।

मुख्यमंत्री श्री साय के आगमन पर नगर निगम महापौर श्री जीवर्धन चौहान, सभापति डिग्रीलाल साहू, श्री अरुणधर दीवान, पूर्व विधायक श्री विजय अग्रवाल, श्री गुरुपाल भल्ला, श्रीकांत सोमावार, श्री सुभाष पाण्डेय, श्री विकास केडिया, श्री विवेक रंजन सिन्हा एवं श्री पवन शर्मा ने उनका स्वागत किया। इस अवसर पर आईजी श्री राम गोपाल गर्ग, कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री शशिमोहन सिंह, डीएफओ श्री अरविन्द पीएम सहित प्रशासनिक अधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# गुरु का आशीर्वाद प्राप्त कर मुख्यमंत्री साय ने श्रद्धालुओं के साथ पंगत में बैठकर ग्रहण किया भंडारा प्रसाद

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**रायगढ़, 30 जुलाई ।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने बनोरा स्थित अघोर गुरु पीठ ब्रह्मनिष्ठालय पहुंचकर गुरु के दर्शन एवं आशीर्वाद प्राप्त किए। इस दौरान उन्होंने अपनी सादगी और भारतीय सांस्कृतिक परंपराओं के प्रति आस्था का परिचय देते हुए गुरु दर्शन के लिए पहुंचे श्रद्धालुओं के साथ पंगत में बैठकर भंडारा प्रसाद ग्रहण किया। मौके पर वित्त मंत्री एवं रायगढ़ विधायक श्री ओ.पी. चौधरी भी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री का यह आत्मीय और सहज व्यवहार उपस्थित श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं के साथ समान भाव से बैठकर प्रसाद ग्रहण कर सामाजिक समरसता, सेवा और भारतीय आध्यात्मिक परंपरा के मूल्यों को सशक्त संदेश दिया। इस अवसर पर नगर निगम महापौर श्री जीवर्धन चौहान, सभापति श्री डिग्रीलाल साहू, श्री अरुणधर दीवान, पूर्व विधायक श्री विजय अग्रवाल, श्री गुरुपाल भल्ला, श्री श्रीकांत सोमावार, श्री सुभाष पाण्डेय, श्री विकास केडिया, श्री विवेक रंजन सिन्हा, आईजी श्री राम गोपाल गर्ग, कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री शशिमोहन सिंह सहित प्रशासनिक अधिकारी एवं बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## एक नजर

### लकवाग्रस्त किसान भी जुड़ा एग्रीस्टैक से समिति ने घर पहुंचकर कराया पंजीयन

**रायगढ़, 30 जुलाई ।** कृषि सेवाओं के डिजिटलीकरण और किसानों को एकीकृत डिजिटल पहचान उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिले में एग्रीस्टैक किसान पंजीयन अभियान तेजी से संचालित किया जा रहा है। अभियान के तहत यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि कोई भी पात्र किसान पंजीयन से वंचित न रहे। इसी कड़ी में धरमजयगढ़ विकासखंड की खम्हार सहकारी समिति ने लकवाग्रस्त किसान घुरसाय के घर पहुंचकर उनका एग्रीस्टैक किसान पंजीयन कराया। समिति की इस पहल से किसान भविष्य में धान उपार्जन सहित विभिन्न कृषि योजनाओं का लाभ लेने से वंचित नहीं रहेंगे।शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक पात्र किसान की व्यक्तिगत एग्रीस्टैक किसान आईडी बनाई जा रही है। धान उपार्जन, फसल बीमा, कृषि ऋण, अनुदान, सब्सिडी तथा अन्य शासकीय योजनाओं का लाभ पारदर्शी और सुगमता से उपलब्ध कराने के लिए यह पंजीयन आवश्यक किया गया है। जिन खातों में एक से अधिक हिस्सेदार किसान दर्ज हैं, उन सभी का अलग-अलग एग्रीस्टैक पंजीयन कराया जा रहा है। कलेक्टर के निर्देश पर जिले की सभी सहकारी समितियों को यह सुनिश्चित करने कहा गया है कि कोई भी पात्र किसान पंजीयन से वंचित न रहे। इसके लिए समितियां ग्राम कोटवारों के माध्यम से मुनादी, विभिन्न संचार माध्यमों से किसानों को जागरूक करने के साथ-साथ ऐसे किसानों तक भी पहुंच रही हैं, जो बीमारी, वृद्धावस्था या शारीरिक असमर्थता के कारण समिति कार्यालय नहीं पहुंच पा रहे हैं।

### सामुदायिक शौचालय सह दुकान बनी उर्मिला राठिया की आत्मनिर्भरता की पहचान



**रायगढ़, 30 जुलाई ।** स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) केवल गांवों को खुले में शौच से मुक्त बनाने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह स्वच्छता को आजीविका और महिला सशक्तिकरण से जोड़ते हुए ग्रामीण विकास का प्रभावी माध्यम भी बन रहा है। जिले के खरसिया विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत पतरापाली में इसका प्रेरणादायी उदाहरण देखने को मिला है, जहां सामुदायिक शौचालय सह दुकान का मॉडल ग्रामीणों के लिए सुविधा और एक महिला के लिए आत्मनिर्भरता का आधार बन गया है।स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत ग्राम पंचायत पतरापाली में सामुदायिक शौचालय सह दुकान का निर्माण कराया गया। इस पहल का उद्देश्य गांव के लोगों एवं राहगीरों को स्वच्छ, सुरक्षित और सुलभ शौचालय उपलब्ध कराने के साथ-साथ स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर सृजित करना था। निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद दुकान का संचालन ग्राम की निवासी श्रीमती उर्मिला राठिया को सौंपा गया। उन्होंने पूरी लगन और जिम्मेदारी के साथ दुकान का संचालन शुरू किया। दुकान से होने वाली नियमित आय ने उनके परिवार की आर्थिक स्थिति को मजबूत किया और उन्हें आत्मनिर्भर बनने का अवसर मिला। आज वे न केवल अपने परिवार की आय में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं, बल्कि गांव की अन्य महिलाओं के लिए भी प्रेरणा बन गई हैं।

### महिला उद्यमियों को बिहान मिशन ने दिया ऑनलाइन प्रक्रिया का प्रशिक्षण

**रायगढ़, 30 जुलाई ।** छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) जिला इकाई, जिला पंचायत रायगढ़ द्वारा महिला स्व-सहायता समूहों को व्यक्तिगत उद्यम ऋण सुविधा से जोड़ने के उद्देश्य से ऑनलाइन ऋण आवेदन प्रक्रिया पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पंचायत प्रशिक्षण केंद्र रायगढ़ में आयोजित इस प्रशिक्षण में जिले के सातों जनपद पंचायतों के वित्त सखी एवं एफएलसीआरपी ने भाग लिया। दो बैचों में आयोजित प्रशिक्षण के प्रथम चरण में 22 से 24 जुलाई तक जनपद पंचायत धरमजयगढ़, लैलूंगा, पुसौर एवं रायगढ़ के प्रतिभागी शामिल हुए। वहीं द्वितीय चरण में 27 से 29 जुलाई तक खरसिया, तमनार एवं घरघोड़ा जनपद पंचायतों के प्रतिभागियों को प्रशिक्षण दिया गया। दोनों बैचों में लगभग 100 प्रतिभागियों ने ऑनलाइन व्यक्तिगत उद्यम ऋण आवेदन की प्रक्रिया, दस्तावेजों की पूर्ति एवं डिजिटल माध्यम से ऋण आवेदन करने की तकनीकी जानकारी प्राप्त की।बिहान योजना के अंतर्गत स्व-सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए बैंकों के माध्यम से व्यक्तिगत उद्यम ऋण (इंटरप्राइज फाइनेंस) उपलब्ध कराया जाता है। इसके तहत पात्र महिला उद्यमियों को एक लाख रुपये से पांच लाख रुपये तक का ऋण उचित ब्याज दर पर प्रदान किया जाता है।

# गुरु पूर्णिमा पर सरस्वती शिशु मंदिर के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता





**छुरा, 30 जुलाई।** गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर छुरा नगर में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के नव-निर्मित भवन का लोकार्पण समारोह गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राजिम क्षेत्र के विधायक रोहित साहू उपस्थित रहे।अन्य अतिथियों में जिला पंचायत सभापति लेखराज ध्रुवा, नगर पंचायत अध्यक्ष लुकेश्वरी थानसिंह निषाद, नगर पंचायत उपाध्यक्ष शमीम खान,भाजपा मंडल अध्यक्ष खोमन चंद्राकर, पूर्व जनपद अध्यक्ष तोकेश्वरी मांझी, पार्षद संगीता दीक्षित, पार्षद चित्ररेखा ध्रुव, जनपद सदस्य पंकज निर्मलकर, भाजपा ओबीसी मोर्चा जिला महामंत्री थानसिंह निषाद, मानसिंह निषाद ,संचालन समिति के अध्यक्ष विजय गुप्ता एवं व्यवस्थापक श्रीमती संतोषी यादव मंचासीन रहे। इस दौरान विधायक रोहित साहू ने संबोधित करते हुए कहा कि गुरु पूर्णिमा का दिन गुरु और शिष्य की महान परंपरा को नमन करने का दिन है। ऐसे शुभ अवसर पर इस भवन का लोकार्पण होना अपने आप में अद्भुत संयोग है। सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय होने के साथ ही सनातन संस्कारों, नैतिक मूल्यों और राष्ट्रभक्ति की असली पाठशाला है। यहाँ शिक्षा के साथ-साथ चरित्र निर्माण का जो कार्य होता है, वही हमारे देश के उज्ज्वल भविष्य की नींव रखता है। नवनिर्मित भवन से छुरा अंचल के बच्चों को और बेहतर शैक्षणिक वातावरण मिलेगा। जिला पंचायत सभापति लेखराज ध्रुवा ने कहा कि विद्या भारती द्वारा संचालित यह संस्थान वर्षों से ग्रामीण और वनांचल क्षेत्रों में शिक्षा का अलख जगा रहा है। संस्कारयुक्त शिक्षा ही समाज में सकारात्मक बदलाव ला सकती है। नए भवन के निर्माण से बच्चों को आधुनिक सुविधाओं के साथ भारतीय मूल्यों को सीखने का एक सशक्त माध्यम मिला है। नगर पंचायत अध्यक्ष लुकेश्वरी थानसिंह निषाद ने कहा कि छुरा नगर के लिए यह गौरव का क्षण है। शिशु मंदिर ने हमेशा से छुरा का नाम रोशन करने वाले प्रतिभावान नागरिक दिए हैं। नगर पंचायत की ओर से विद्यालय के विकास और छात्र-छात्राओं की हर संभव सहायता के लिए हम सदैव तत्पर रहेंगे। लोकार्पण कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता एवं मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। गुरु पूर्णिमा के उपलक्ष्य में विद्यार्थियों द्वारा अपने आचार्यों का पूजन कर उनका आशीर्वाद लिया गया। इस दौरान स्कूली बच्चों ने मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ, सरस्वती वंदना और देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति प्रदान किए। विद्यालय संचालन समिति के अध्यक्ष विजय गुप्ता एवं व्यवस्थापक श्रीमती संतोषी यादव ने अतिथियों का स्वागत किया और भवन निर्माण की यात्रा व विद्यालय की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने सहयोग देने वाले सभी दानदाताओं और समाजसेवियों का आभार व्यक्त किया।कार्यक्रम के अंत में अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। समारोह में नगर के गणमान्य नागरिक, अभिभावक, शिक्षक-शिक्षिकाएँ और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

# आवारा मवेशियों के चलते किसानों की फसल और राहगीरों की जान दोनों खतरे में



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजिम,30 जुलाई।** एक ओर सरकार गौवंश संरक्षण और निराश्रित पशुओं के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित कर रही है, वहीं दूसरी ओर इन योजनाओं का प्रभाव जमीनी स्तर पर नजर नहीं आ रहा है। गरियाबंद जिले के राष्ट्रीय राजमार्ग-130सी सहित कई ग्रामीण क्षेत्रों में बड़ी संख्या में आवारा मवेशी खुलेआम सड़कों और खेतों में घूमते दिखाई दे रहे हैं। इससे सड़क दुर्घटनाओं का खतरा लगातार बढ़ रहा है, वहीं किसान भी अपनी फसलों की सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं।

लगातार हो रही बारिश के कारण नदी-नाले उफान पर हैं और खेतों में पानी भरा हुआ है। ऐसे समय में किसान धान की फसल को बचाने के लिए दिन-रात मेहनत कर रहे हैं। लेकिन आवारा मवेशियों के खेतों में घुसने से फसलों को नुकसान पहुंच रहा है, जिससे किसानों की चिंता और बढ़ गई है।राष्ट्रीय राजमार्ग-130सी पर सड़क के बीचों-बीच बैठे मवेशी वाहन चालकों के लिए भी गंभीर खतरा बने हुए हैं। विशेषकर रात के समय दुर्घटना की आशंका कई गुना बढ़ जाती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार हादसे होते-होते बचे हैं, लेकिन इसके बावजूद प्रशासन की ओर से कोई प्रभावी कदम नहीं उठाया गया है।ग्रामीणों और किसानों का आरोप है कि गौठानों का संचालन प्रभावी ढंग से नहीं हो रहा है, जिसके कारण निराश्रित मवेशी सड़कों और खेतों में भटक रहे हैं। यदि समय रहते इन पशुओं को सुरक्षित गौठानों में रखने और उनकी समुचित व्यवस्था करने के लिए ठोस पहल नहीं की गई, तो आने वाले दिनों में किसानों की फसल को भारी नुकसान होने के साथ-साथ सड़क दुर्घटनाओं की संख्या भी बढ़ सकती है।स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन से आवारा मवेशियों के संरक्षण, गौठानों के प्रभावी संचालन तथा राष्ट्रीय राजमार्ग और ग्रामीण क्षेत्रों से निराश्रित पशुओं को तत्काल हटाने की मांग की है, ताकि किसानों की मेहनत और आम लोगों की सुरक्षा दोनों सुनिश्चित हो सके।

# सिकासेर जलाशय से छोड़े गए 15 हजार क्यूसेक पानी से राजिम त्रिवेणी संगम का जलस्तर बढ़ा, प्रशासन अलर्ट

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजिम,30 जुलाई।** लगातार हो रही बारिश और सिकासेर जलाशय से पानी छोड़े जाने के कारण राजिम स्थित त्रिवेणी संगम में जलस्तर लगातार बढ़ता जा रहा है। बुधवार को एक बार फिर सिकासेर जलाशय से 15 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा गया, जिससे महानदी, पैरी और सोंढूर नदियों के संगम क्षेत्र में पानी का स्तर तेजी से बढ़ रहा है।

बढ़ते जलस्तर को देखते हुए राजिम एसडीएम, राजिम थाना प्रभारी सहित प्रशासनिक अधिकारियों ने त्रिवेणी संगम पहुंचकर बाढ़ की स्थिति का जायजा लिया। अधिकारियों ने नदी किनारे सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण करते हुए संबंधित विभागों को सतर्क रहने के निर्देश दिए।इधर, गुरुवार से प्रारंभ हो रहे पवित्र श्रावण मास को देखते हुए संगम क्षेत्र में श्रद्धालुओं की संभावित भीड़ के मद्देनजर प्रशासन ने तैयारियों की भी समीक्षा की। अधिकारियों ने घाटों की सुरक्षा, बैरिकेडिंग और श्रद्धालुओं की सुविधा संबंधी व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया।प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि बढ़ते जलस्तर को देखते हुए नदी के किनारे अनावश्यक रूप से न जाएं तथा प्रशासन द्वारा जारी सुरक्षा निर्देशों का पालन करें

# संत रविदास का जीवन समता,सद्भाव,मानवता की मिसाल:शिवरतन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भाटापारा, 30 जुलाई।** संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज जी की 650वीं जयंती वर्ष के पावन अवसर पर भारतीय जनता पार्टी, भाटापारा शहर मंडल द्वारा संत रविदास वार्ड में समरसता संकल्प अभियान के अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, पदाधिकारी एवं वार्डवासी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए भाजपा के वरिष्ठ नेता शिवरतन शर्मा ने सर्वप्रथम गुरु रविदास महाराज जी के प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके पश्चात उन्होंने उपस्थित जनसमूह को सम्बोधित करते हुए गुरु रविदास जी के जीवन और आदर्शों पर विस्तार से प्रकाश डाला। शिवरतन शर्मा ने कहा कि संत शिरोमणि गुरु रविदास जी का संपूर्ण जीवन समता, सद्भाव, मानवता और सामाजिक न्याय की मिसाल है। उन्होंने मन चंगा तो कठौती में गंगा का संदेश देकर यह बताया कि कर्म और चरित्र ही मनुष्य की सबसे बड़ी पहचान है। जाति, धर्म और ऊंच-नीच के भेदभाव को मिटाकर एक समरस समाज की स्थापना करना ही गुरु रविदास जी का मुख्य उद्देश्य था। शिवरतन शर्मा ने आगे कहा आज देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र और राज्य सरकारें उसी समरसता के भाव को लेकर कार्य कर रही हैं। बिना भेदभाव के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक आवास, शौचालय, गैस, बिजली, आयुष्मान और सम्मान पहुंचाने का काम हो रहा है। यही गुरु रविदास जी को सच्ची श्रद्धांजलि है शिवरतन शर्मा ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि इस 650वीं जयंती पर हम सभी संकल्प लें कि गुरु रविदास जी के विचारों को घर-घर, गली-गली तक पहुंचाएंगे। कार्यक्रम को जिला अध्यक्ष आनंद यादव ने भी संबोधित किया, नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने कहा कि गुरु रविदास जी के विचार आज के समय में और भी प्रासंगिक हैं और हमें उनसे प्रेरणा लेकर समाज सेवा करनी चाहिए। इस अवसर पर योगेश अनंत, आशीष जायसवाल, डॉ. मोहन बांधे, कुंजराम कौशले, शिव अनंत, बंटी टंडन, माखन महिलांगे, लाला साहू, सुरेश साहू, जयशंत सहित मंडल के पदाधिकारी, पार्षदगण, मोर्चों के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता, वार्डवासी उपस्थित रहे।

# जिले में चरणबद्ध होगा 18 गौधामों का संचालन



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 30 जुलाई।** जिले में गौधाम योजना के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर जिला कलेक्टोरेट में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने जिले में चरणबद्ध तरीके से 18 गौधामों के संचालन की समीक्षा करते हुए प्रथम चरण में अनुमति प्राप्त 6 पंजीकृत गौधामों का संचालन शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिजीत बबन पठारे, सहायक कलेक्टर श्री गोकुल आर.के., नगर निगम आयुक्त श्री बृजेश सिंह क्षत्रिय, संबंधित विभागों के अधिकारी, गौधाम संचालन समितियों के अध्यक्ष एवं सदस्य तथा नोडल अधिकारी उपस्थित थे।कलेक्टर ने कहा कि गौधामों के शुरू होने से निराश्रित, घुमन्तू पशुओं को सुरक्षित आश्रय मिलेगा तथा गांवों, शहरों और राष्ट्रीय राजमार्गों पर घूमने वाले मवेशियों की समस्या कम होगी। कलेक्टर ने राष्ट्रीय राजमार्गों के किनारे संचालित होने वाले गौधामों के प्रभावी संचालन पर विशेष फोकस करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राजमार्गों पर मवेशियों के बैठने अथवा विचरण के कारण होने वाली सड़क दुर्घटनाओं की संभावना को कम करने में गौधामों की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। इसके लिए संबंधित विभागों को संचालन समितियों के साथ समन्वय स्थापित कर आवश्यक व्यवस्थाएं समयबद्ध रूप से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।बैठक में कलेक्टर ने गौधाम संचालन समितियों के अध्यक्षों एवं सदस्यों से संचालन में आ रही समस्याओं की जानकारी ली।

# म्यूजिक ग्रुप कारवां कार्यक्रम में रफी,लता, मुकेश, किशोर, आशा को दी गई श्रद्धांजलि

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**छुरा,30 जुलाई।** म्यूजिक ग्रुप परिवार छुरा के तत्वाधान में मोहम्मद रफी के पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धांजलि स्वरूप कार्यक्रम म्यूजिक ग्रुप कारवां आयोजित कर हिन्दी सिनेमा के महान फनकारों मो.रफी,लता,किशोर कुमार,और मुकेश को उनके गीत गाकर श्रद्धांजलि दी गई।म्यूजिक ग्रुप परिवार विगत 5 वर्षो से यह आयोजन छुरा नगर में करते आ रहे है,इस वर्ष यह आयोजन 26 जुलाई रविवार को मंडी प्रांगण छुरा में आयोजित हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में ग्रुप के वरिष्ठ सदस्य डा आनंद गुप्ता जी,हरीश ठक्कर जी मंचासीन हुए। सर्वप्रथम अतिथिद्वय द्वारा मां सरस्वती की पुजा अर्चना कर दीप प्रज्वलित किया गया, उसके पश्चात मो. रफी,लता मंगेशकर,आशा भोसले,किशोर कुमार,मुकेश के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित किया गया। स्थानीय ग्रुप सदस्यों के द्वारा रायपुर,अभनपुर,अमलीपदर,राजिम, नवापारा,कोपरा,फिंगेश्वर और गरियाबंद से पधारे फनकारों का स्वागत अभिनंदन कुमकुम अक्षत व पुष्प भेंटकर किया गया। ग्रुप के संस्थापक सदस्य रीझे यादव ने म्यूजिक ग्रुप परिवार के परिकल्पना और सफर के बारे में बताया। इस अवसर पर पधारे अतिथि नगर पंचायत छुरा के पूर्व अध्यक्ष अब्दुल समद खान रिजवी ने कहा कि म्यूजिक ग्रुप की यह पहल सराहनीय है,भागमभाग की जिंदगी में आप लोग संगीत को जिंदा रखे हैं ये हमारे जिले के लिए गौरव की बात है।गीत संगीत का होना आवश्यक है अन्यथा जीवन नीरस हो जाता है।रफी साहब सहित सभी महान कलाकारों के सम्मान में आयोजित कार्यक्रम सराहनीय है। कार्यक्रम की शुरुआत गरियाबंद से पधारे एडवोकेट श्री विजय सिन्हा जी ने शिव भजन हे! शंकर मेरे कब होंगे दर्शन तेरे...गीत गाकर किया। तत्पश्चात श्री नेमीचंद यादव ने शिर्डी वाले साईं बाबा गीत गाकर उपस्थित श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया कार्यक्रम के पहले दौर में अमलीपदर से आए श्री संजय महाडिक ने तुम मुझे यूं भुला ना पाओगे गीत गाकर सबको भावविभोर किया। इसके पश्चात क्रमशः सभी कलाकारों की प्रस्तुति होती रही। जिसमें श्रीमती श्यामा नेताम ने श्री नेमीचंद यादव के साथ रफी साहब का मशहूर गीत दिल पुकारे आ रे आ रे...की प्रस्तुति दी। गरियाबंद के आशीष ठक्कर ने पत्ता पत्ता बूटा बूटा..छुरा निवासी श्री पंकज गुप्ता ने एक रास्ता है जिंदगी...श्री सलीम मेमन ने परदा है परदा... श्री रीझे यादव ने मोहम्मद रफी तू बहुत याद आया....डा आनंद गुप्ता ने आसमान से आया फरिश्ता...श्री सुखसागर कुर्रे ने दिल क्या करे जब किसी को...श्री हुमन सिन्हा ने मेरे नैना सावन भादो...श्री हरीश ठक्कर ने मैंने तेरे लिए ही सात रंग के.... क्रांति साहू ने अजी ऐसा मौका फिर कहां मिलेगा.... श्रीमती सपना कंसारी ने ये मेरा दिल प्यार का दीवाना....श्री हेमन्त विश्वकर्मा ने मुझे इश्क है तुझी से...श्री भगवान सिंह ध्रुव ने देखा ना हाय रे सोचा ने...गीत की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं।भोजन विश्राम पश्चात कार्यक्रम के दूसरे दौर की शुरुआत श्री भगवान सिंह चंद्राकर ने रफी साहब के मशहूर गीत एक बंजारा गाए....गीत गाकर किया। इनके बाद श्री हरिश्चंद्र निषाद ने तुम जो मिल गए हो कि प्रस्तुति दी। रिमझिम बारिश के बीच फिंगेश्वर के मशहूर गायक श्री धनंजय हरित ने आज मौसम बड़ा बेईमान है...गीत गाकर माहौल बना दिया। तत्पश्चात डाक्टर श्रीमती देवश्री नेताम ने आपकी आंखों में कुछ.....गीत की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम देर शाम तक चलता रहा।कार्यक्रम का उत्कृष्ट संचालन शिक्षक एवं योगविद् श्री अर्जुन धनंजय सिन्हा ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए म्यूजिक ग्रुप आयोजन समिति के द्वारा आगंतुकों का आभार प्रकट किया गया और विशेष सहयोग के लिए कलाकारों सहित साउंड सिस्टम के लिए अम्बे किराया भंडार के भुनेश्वर सिन्हा को भेंट उपहार दिया गया।

### सावन की पूर्व संध्या पर मुख्यमंत्री ने कैलाशपति धाम में किया जलाभिषेक

**रायगढ़, 30 जुलाई।** सावन माह के पावन आगमन की पूर्व संध्या पर मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने रायगढ़ प्रवास के दौरान ग्राम-पंडरीपानी स्थित प्रसिद्ध कैलाशपति धाम मनकामेश्वर शिव मंदिर पहुंचकर भगवान भोलेनाथ की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। मुख्यमंत्री ने भगवान मनकामेश्वर महादेव के दर्शन कर शिवलिंग पर जल अर्पित किया और जलाभिषेक करते हुए प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि, शांति एवं खुशहाली के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर वित्त मंत्री एवं रायगढ़ विधायक श्री ओपी चौधरी उपस्थित थे।मुख्यमंत्री श्री साय ने भगवान शिव से छत्तीसगढ़ की निरंतर प्रगति और विकास के साथ प्रदेश के सभी नागरिकों के स्वस्थ, सुखी एवं समृद्ध जीवन की कामना की। उन्होंने प्रदेश में शांति, सौहार्द और समृद्धि बनी रहने तथा जन-जन के जीवन में सुख-समृद्धि आने की प्रार्थना की।

# विश्व हेपेटाईटिस दिवस पर जिला चिकित्सालय में दी बचाव की जानकारी




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव, 30 जुलाई।** विश्व हेपेटाईटिस दिवस पर जिला चिकित्सालय बसंतपुर में जिला स्तरीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में एमडी मेडिसिन डॉ. खुमान सिंह मंडावी ने हेपेटाईटिस के ईलाज के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। जिला नोडल अधिकारी डॉ. बीएल तुलावी ने हेपेटाईटिस के लक्षण एवं बचाव के संबंध में बताया। बुखार, त्वचा पर चखते आना, भूख कम लगना, थकान, अवसाद, गठिया, जोड़ो में दर्द होना हेपेटाईटिस बी के लक्षण है। वही थकान, अनिद्रा, पैरो में सूजन, त्वचा में खुजली, गहरे रंग का पेशाब होना हेपेटाईटिस सी के लक्षण है। हेपेटाईटिस बी एवं सी से बचाव के संबंध में जानकारी दी गई। असुरक्षित व संक्रमिक रक्त के संपर्क में आने से बचे, व्यक्तिगत उपयोग के वस्तुओं का साझा न करें, घाव को सावधानी से ढके, संक्रमिक इंजेक्शन का उपयोग न करें, संक्रमित गर्भवती महिला से शिशु का बचाव हेतु प्रसव के 24 घंटे के भीतर टीकाकारण करवाये, असुरक्षित यौन संबंध से बचे।

इसके साथ ही शासकीय मेडिकल कालेज, जिले के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में हेपेटाईटिस से जागरूकता के लिए हेपेटाईटिस जांच, वैक्सीनेशन एवं काउंसलिंग की गई। संगोष्ठी में सिविल सर्जन डॉ. महेन्द्र प्रसाद, एमडी मेडिसीन डॉ. खुमान सिंह मंडावी, जिला सर्विलेंस अधिकारी डॉ. बीएल तुलावी, पैथोलाजिस्ट डॉ. अनुजा भार्गव, अविन चौधरी, जिला माईक्रोबॉयोलॉजिस्ट वंदना कोसरिया, अखिलेश नारायण सिंह, हेमन्त कुमार साहू, मनीष निमजे एवं समस्त जिला चिकित्सालय के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## एक नजर

### डीजल का अवैध भंडारण करने वाला गिरफ्तार



**बलौदाबाजार, 30 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** आमजनों की शिकायत एवं समस्याओं का त्वरित निराकरण करने हेतु जिले में महत्वाकांक्षी योजना समाधान सेल प्रारंभ किया गया है, जिसकी सहायता से किसी भी प्रकार की सूचना, शिकायत अथवा आपराधिक गतिविधि की जानकारी समाधान सेल हेल्पलाइन नंबर 94792 20392 में व्हाट्सएप अथवा कॉल के जरिए प्रदान की जा सकती है। समाधान सेल के माध्यम से आपराधिक कार्यों में संलिप्त व्यक्तियों की धरपकड़ में भी लगातार कामयाबी मिल रही है। इसी तारतम्य में पुलिस अधीक्षक गौरव राय के कुशल निर्देशन में 28 जुलाई को समाधान सेल में प्राप्त सूचना के आधार पर थाना गिधौरी की पुलिस टीम द्वारा ग्राम हसुवा में ढाबा के पास घेराबंदी कर अवैध रूप से बिक्री करने के लिए डीजल का भंडारण करने वाले 01 आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी से 1040 कीमत मूल्य का 10 लीटर डीजल जप्त किया गया है। आरोपी के विरुद्ध थाना गिधौरी में अपराध क्र. 153/2026 धारा 287 BNS के तहत प्रकरण पंजीबध्द कर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार करते हुए कार्यवाही किया गया है। आरोपी का नाम प्रवीण पंकज पिता बगस राम पंकज उम्र 26 वर्ष निवासी ग्राम मोहतरा थाना गिधौरी है।

## पीएम राहत योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जिला स्तरीय संयुक्त कार्यशाला

# पुलिस और स्वास्थ्य विभाग का साझा कदम, 'गोल्डन आवर' में घायलों की जान बचाना मुख्य उद्देश्य

- सड़क दुर्घटना में पीड़ितों को जिले के सभी शासकीय एवं प्राइवेट अस्पतालों में मिलेगा 1.50 लाख तक का निःशुल्क (कैशलेस) इलाज
- सीएमएचओ डॉ. राजेश अवस्थी एवं डीआरएम मनोज मांडले ने अस्पतालों के प्रबंधकों, डॉक्टरों व थाना प्रभारियों को दी विस्तृत ट्रेनिंग
- आई-आरएडी/ई-डीएआर पोर्टल पर त्वरित प्रविष्टि एवं अस्पताल से प्राप्त रिक्वेस्ट के तत्काल डिजिटल अप्रूवल प्रक्रिया पर दिया गया जोर



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 30 जुलाई।** जिला बलौदाबाजार-भाटापारा में गंभीर सड़क दुर्घटनाओं में पीड़ितों को अति-महत्वपूर्ण समय यानी 'गोल्डन आवर' में त्वरित चिकित्सकीय सहायता एवं आर्थिक राहत उपलब्ध कराकर अनमोल जानें बचाने के उद्देश्य से 'पी.एम. राहत योजना' का प्रभावी संचालन किया जा रहा है। उक्त जनकल्याणकारी योजना का पारदर्शी लाभ जिले के प्रत्येक नागरिक तक पहुँचाने तथा पुलिस व स्वास्थ्य तंत्र के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने के ध्येय से पुलिस अधीक्षक गौरव राय के निर्देशानुसार एवं उप पुलिस अधीक्षक (यातायात) संजय कुमार साहू के मार्गदर्शन में 29 जुलाई को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय बलौदाबाजार के सभागार में एक दिवसीय जिला स्तरीय संयुक्त कार्यशाला का आयोजन किया गया।

शासकीय व निजी अस्पतालों में 1.50 लाख तक कैशलेस इलाजः- कार्यशाला को संबोधित करते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश अवस्थी एवं जिला डीआरएम मनोज मांडले द्वारा उपस्थित चिकित्सकों व पुलिस अधिकारियों को योजना की बारीकियों से अवगत कराया गया। उन्होंने बताया कि सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को पीएम राहत योजना के अंतर्गत 1.50 लाख तक का त्वरित कैशलेस इलाज प्रदान किया जाता है। यह सुविधा जिले के सभी पंजीकृत शासकीय अस्पतालों के साथ-साथ निजी (प्राइवेट) अस्पतालों में भी अनिवार्य रूप से लागू है, ताकि इलाज के अभाव में किसी घायल की जान न जाए।

iRAD/e-DAR पोर्टल एंट्री व ऑनलाइन अप्रूवल की दी गई ट्रेनिंगः- कार्यशाला में DRM मनोज मांडले द्वारा उपस्थित थाना प्रभारियों, विवेचकों और अस्पताल प्रबंधकों को तकनीकी प्रक्रिया का प्रशिक्षण दिया गयाः

1. दुर्घटना के तत्काल बाद iRAD (Integrated Road Accident Database) / e-DAR पोर्टल पर सटीक एंट्री दर्ज करना।
2. अस्पताल में भर्ती मरीज के इलाज हेतु प्राप्त ऑनलाइन रिक्वेस्ट को थाना स्तर पर विवेचकों द्वारा तत्काल तस्दीक (सत्यापन) कर बिना किसी देरी के डिजिटल अप्रूवल प्रदान करना।
3. पुलिस व अस्पताल प्रबंधन के आपसी सामंजस्य से कागजी जटिलताओं को दूर कर इलाज की प्रक्रिया शुरू कराना।

पुलिस एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की गरिमामयी उपस्थितिः- आयोजित जिला स्तरीय कार्यशाला में जिले के समस्त शासकीय/निजी अस्पतालों के प्रबंधक व विशेषज्ञ चिकित्सक, थाना प्रभारी सिटी कोतवाली, थाना पलारी, थाना हथबंद तथा चौकी करहीबाजार, निपनिया, दामाखेड़ा, लिमतरा के थाना प्रभारी एवं दुर्घटना मामलों के विवेचक (Investigating Officers) प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

**'गोल्डन आवर' में जीवन रक्षा सर्वोपरिः** कार्यशाला के अंत में अधिकारियों ने कहा कि सड़क दुर्घटना के बाद का शुरुआती 01 घंटा (गोल्डन आवर) किसी भी घायल के लिए जीवन-मरण का प्रश्न होता है। योजना का मुख्य ध्येय यही है कि वित्तीय या प्रशासनिक रुकावटों के बिना पीड़ित को सर्वोत्तम इलाज मिल सके। बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस एवं जिला प्रशासन ने आम नागरिकों से भी अपील की है कि वे दुर्घटना पीड़ितों की मदद हेतु सहर्ष आगे आएं।

## समाचार संक्षेप

### खराब सड़क और लचर विद्युत प्रबंध के कारण निगम से बेदखल हुई थी कांग्रेस

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



बड़बोले नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले को जमाल खान ने दिलाया याद

**राजनांदगांव, 30 जुलाई।** नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले द्वारा महापौर मधुसूदन यादव पर लगाए गए आरोपों का भाजपा ने तीखा जवाब दिया है। भाजपा सोशल मीडिया उत्तर मंडल के सहसंयोजक जमाल खान ने कहा कि खराब सड़क, बदहाल विद्युत व्यवस्था और मूलभूत सुविधाओं की अनदेखी के कारण जनता ने कांग्रेस को नगर निगम की सत्ता से बाहर का रास्ता दिखाया था। उन्होंने आरोप लगाया कि अब कांग्रेस जनता का विश्वास खोने के बाद अनर्गल बयानबाजी कर रही है।

नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले द्वारा महापौर मधुसूदन यादव पर लगातार किए जा रहे हमलों पर प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा सोशल मीडिया उत्तर मंडल के सहसंयोजक जमाल खान ने कांग्रेस पर तीखा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अपने कार्यकाल की विफलताओं को छिपाने के लिए भाजपा पर बेबुनियाद आरोप लगा रही है जबकि सच्चाई यह है कि खराब सड़कें, चरमराई बिजली व्यवस्था, सफाई और पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं की बदहाली से परेशान जनता ने कांग्रेस को निगम की सत्ता से बेदखल कर दिया था। जमाल खान ने कहा कि नगर निगम चुनाव में जनता ने कांग्रेस को ऐसा जनादेश दिया कि आज वह सत्ता से दूर बैठकर केवल बयानबाजी करने तक सीमित रह गई है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की यही राजनीतिक बेचैनी और सत्ता से दूर होने की पीड़ा नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले के बयानों में साफ दिखाई देती है। उन्होंने कहा कि महापौर मधुसूदन यादव के नेतृत्व में नगर निगम शहर के विकास और मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए लगातार कार्य कर रहा है। राज्य में भाजपा सरकार बनने के बाद कांग्रेस शासन के दौरान उपेक्षित विकास कार्यों को गति मिली है और शहर की अधूरी योजनाओं को पूरा करने की दिशा में गंभीर प्रयास किए जा रहे हैं।

### नीट पर युवाओं की हितैषी बनने का पाखंड कर रही कांग्रेस : गौरीशंकर

**रायपुर, 30 जुलाई।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता गौरीशंकर श्रीवास ने छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग (सीजी-पीएससी) घोटाले और पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में हुई कथित भर्ती अनियमितताओं को लेकर कांग्रेस पर तीखा हमला बोला। भाजपा प्रदेश कार्यालय एकात्म परिसर में आयोजित पत्रकार वार्ता में उन्होंने कहा कि सीजी-पीएससी घोटाला केवल भ्रष्टाचार का मामला नहीं, बल्कि प्रदेश के युवाओं के भविष्य के साथ किया गया बड़ा षड्यंत्र है। श्रीवास ने कहा कि तत्कालीन सीजी-पीएससी अध्यक्ष टामन सिंह सोनवानी की ईडी और सीबीआई द्वारा गिरफ्तारी यह दर्शाती है कि मामले की गंभीरता को जांच एजेंसियां पूरी गंभीरता से देख रही हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की प्रतिबद्धता के कारण सीबीआई और ईडी इस पूरे मामले की परत-दर-परत जांच कर रही हैं।

**राहुल व कांग्रेस पर साधा निशानाः** भाजपा प्रवक्ता ने आरोप लगाया कि भूपेश बघेल सरकार के कार्यकाल में जब युवाओं ने कथित अनियमितताओं के सबूत प्रस्तुत किए, तब उन्हें नजरअंदाज किया गया। उन्होंने दावा किया कि बिलासपुर यात्रा के दौरान राहुल गांधी को भी युवाओं ने सीजी-पीएससी घोटाले से जुड़े दस्तावेज दिए थे, लेकिन कांग्रेस नेतृत्व ने इस मुद्दे पर कोई कार्रवाई नहीं की। उन्होंने कांग्रेस से युवाओं से माफी मांगने की मांग की।

**भर्ती प्रक्रियाओं में अनियमितताओं के लगाए आरोपः** गौरीशंकर श्रीवास ने आरोप लगाया कि वन रक्षक भर्ती की शारीरिक दक्षता परीक्षा में ऐसे रिकॉर्ड दर्ज किए गए, जो विश्व रिकॉर्ड से भी बेहतर बताए गए। उन्होंने विद्युत नियामक आयोग में सहायक निदेशक की भर्ती, असिस्टेंट प्रोफेसर, वन विभाग और छात्रावास अधीक्षक सहित विभिन्न नियुक्तियों में भी भाई-भतीजावाद और अनियमितताओं के आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि एक ओर कांग्रेस नीट परीक्षा को लेकर युवाओं की हितैषी बनने का दावा कर रही है, वहीं दूसरी ओर छत्तीसगढ़ में हुए कथित पीएससी घोटाले पर उसका रुख विरोधाभासी रहा है।

# कानून और शांति व्यवस्था भंग करने वाले पर की गई कार्रवाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव, 30 जुलाई।** पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव सुश्री अंकिता शर्मा (भा.पु.से.) के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर के मार्गदर्शन तथा नगर पुलिस अधीक्षक वैशाली जैन (भा.पु.से.) के पर्यवेक्षण में क्षेत्र में अपराधों की रोकथाम एवं कानून-शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से असामाजिक एवं उपद्रवी तत्वों के विरुद्ध लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है।

इसी क्रम में 29 जुलाई को ग्राम हल्दी से सूचना प्राप्त हुई कि छत्रपाल यादव नशे की हालत में राहगीरों से वाद-विवाद कर उन्हें परेशान कर रहा है, जिससे क्षेत्र की शांति एवं कानून व्यवस्था प्रभावित हो रही थी। सूचना प्राप्त होने पर पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची एवं शिकायत का सत्यापन किया। पूछताछ एवं जांच के दौरान यह पाया गया कि संबंधित व्यक्ति नशे की हालत में राहगीरों से विवाद कर रहा था, जिससे क्षेत्र में कानून एवं शांति व्यवस्था भंग होने तथा किसी संज्ञेय अपराध के घटित होने की प्रबल संभावना निर्मित हो रही थी।



उक्त परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए छत्रपाल यादव, पिता सोमनाथ यादव, उम्र 23 वर्ष, निवासी वार्ड क्रमांक 51, ग्राम हल्दी, पुलिस चौकी सुरगी, थाना बसंतपुर, जिला राजनांदगांव (छ.ग.) के विरुद्ध धारा 170 बीएनएसएस के अंतर्गत गिरफ्तारी की कार्रवाई की गई तथा धारा 126 एवं 135(3) बीएनएसएस के तहत इस्तगासा तैयार कर कार्यपालिक मजिस्ट्रेट, राजनांदगांव के समक्ष प्रस्तुत किया गया। माननीय न्यायालय द्वारा जेल वारंट जारी किए जाने पर आरोपी को जिला जेल, राजनांदगांव में निरुद्ध कराया गया।

राजनांदगांव पुलिस आम नागरिकों से अपील करती है कि कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करें। भविष्य में भी शांति व्यवस्था भंग करने वाले असामाजिक एवं उपद्रवी तत्वों के विरुद्ध इसी प्रकार सख्त एवं वैधानिक कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

# मोटरसाइकिल चोरी का आरोपी गिरफ्तार

## मुखबिर की सूचना पर पुलिस को मिली सफलता, चोरी की स्प्लेंडर प्लस बरामद

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 30 जुलाई।** जिला बलौदाबाजार-भाटापारा में संपत्ति संबंधी अपराधों पर अंकुश लगाने एवं आरोपियों की त्वरित धरपकड़ हेतु पुलिस अधीक्षक गौरव राय के कुशल निर्देशन, में थाना सुहेला पुलिस द्वारा बाइक चोरी की घटना का पर्दाफाश करते हुए एक आरोपी को जप्त वाहन सहित गिरफ्तार किया गया है।

घटना का विवरणः- प्रार्थी धनीराम पटेल (उम्र 35 वर्ष, निवासी कुथुरौद) ने दिनांक 29.06.2026 को थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 27.06.2026 के दोपहर लगभग 12:00 बजे वह अपनी हीरो स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल (क्रमांक CG 22 AJ 5410) को ग्राम मोहरा दैहान के पास होटल के सामने खड़ी कर चाय-नाश्ता करने गया था। वापस आकर देखने पर उसकी मोटरसाइकिल गायब थी, जिसे कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया था। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना सुहेला में अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 115/2026, धारा 303(2) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।



मुखबिर की सूचना पर रेड कार्रवाई एवं जप्तीः- विवेचना के दौरान लगातार संदेही व चोरी गए वाहन की पतासाजी की जा रही थी। इसी क्रम में मुखबिर से सटीक सूचना प्राप्त हुई कि प्रार्थी की चोरी की गई मोटरसाइकिल को ग्राम तरेंगा का एक व्यक्ति चला रहा है।

सूचना पर सुहेला पुलिस टीम द्वारा तत्काल गवाहों के साथ ग्राम तरेंगा पहुँचकर संदेही डगेश्वर यदु उर्फ दद्दू को अभिरक्षा में लेकर कड़ाई से पूछताछ की गई। पूछताछ के दौरान आरोपी ने होटल के सामने से बाइक चोरी करना स्वीकार किया। आरोपी के मेमोरंडम कथन एवं निशानदेही पर उसके घर से चोरी की गई हीरो स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल को जप्त किया गया। आरोपी को 29 जुलाई को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है। गिरफ्तार आरोपी का नाम डगेश्वर यदु उर्फ दद्दू पिता स्व. रेवाराम यदु, उम्र 25 वर्ष, निवासी ग्राम तरेंगा, थाना भाटापारा (ग्रामीण) है। संपूर्ण प्रकरण में आरोपियों की पतासाजी एवं गिरफ्तारी में साइबर सेल बलौदाबाजार से प्र.आर चंद्रभान पांडे, जितेन्द्र साहू, आर. चमन मिथिलेश, गौरी कश्यप, अजय यादव, केशव भट्ट, हेमंत पटेल, मोहन मेश्राम का उत्कृष्ट एवं प्रभावी योगदान रहा है।

### सफाई अपनाओ, बीमारी भगाओ अभियान : निकली स्वच्छता जनजागरूकता रैली

**रायपुर, 30 जुलाई।** नगर पालिक निगम रायपुर के स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित 'सफाई अपनाओ, बीमारी भगाओ' अभियान के तहत जोन क्रमांक 5, 7 और 8 क्षेत्रों में स्वच्छता जनजागरूकता रैली निकाली गई। रैली के माध्यम से नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए स्वच्छ एवं स्वस्थ रायपुर के निर्माण का संदेश दिया गया। इस दौरान नागरिकों ने सामूहिक रूप से स्वच्छता बनाए रखने का संकल्प भी लिया। नगर निगम महापौर मीनल चौबे, स्वास्थ्य विभाग अध्यक्ष गायत्री सुनील चंद्राकर और निगम आयुक्त संबित मिश्रा के निर्देशानुसार आयोजित इस अभियान में संबंधित जोन के अधिकारियों, कर्मचारियों और स्थानीय नागरिकों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। जोन क्रमांक 5 में जोन अध्यक्ष अंबर अग्रवाल, जोन कमिश्नर खीरसागर नायक के मार्गदर्शन एवं जोन स्वास्थ्य अधिकारी संदीप वर्मा की उपस्थिति में रैली निकाली गई।

कार्यालय नगर पालिका परिषद बालोद, जिला- बालोद (छ.ग.)
Phone No: 07749-222008
Fax : 07749-222008
Email: cmobalod@rediffmail.com

क्रमांक/2394/अनुज्ञप्ति/न.पा./2026
बालोद, दिनांक 29/07/2026

ईश्तहार

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, नगर पालिका सीमा क्षेत्रांतर्गत वार्ड क्रमांक 12 गंजपारा बालोद में स्थित रिक्त भूमि खसरा नं. 1076/6, 1077/8, रकबा 0.287 हे. भूमि में भूमि स्वामी पटेल सॉ मिल पार्टनर खेमजी भाई पटेल आ. देवसिंह भाई पटेल के नाम से दर्ज है। उक्त आवेदित भूमि पर आवेदिका श्रीमती निशा पटेल जौ. स्व. दीपक पटेल निवासी वार्ड क्र. 12 गंजपारा बालोद, तहसील व जिला बालोद (छ.ग.) द्वारा 10 वर्षीय लीज/सहमति पत्र के आधार पर आरामिल स्थापित करने के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र मांग किया गया है।

अतः किसी भी दावेदार को इस संबंध में आपत्ति हो, तो वह मूल प्रमाण सहित इस सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता कार्यालय में लिखित दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात् एवं बिना प्रमाण प्रस्तुत दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद बालोद

# ग्राम दर्राटोला राजस्व ग्राम घोषित पर रिकार्ड व पोर्टल में दर्ज नहीं

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दल्लीराजहरा, 30 जुलाई।** धोबेदंड के आश्रित ग्राम दर्राटोला को शासन द्वारा राजस्व ग्राम घोषित किए जाने के बावजूद विभागीय रिकॉर्ड एवं ऑनलाइन पोर्टल पर आज तक राजस्व ग्राम के रूप में दर्ज नहीं किए जाने से ग्रामीणों को राजस्व संबंधी कार्यों में लगातार परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस गंभीर समस्या को लेकर ग्रामवासियों ने भाजपा नेता एवं पूर्व जनपद सदस्य संजय बैस के नेतृत्व में मंगलवार को तहसील कार्यालय पहुंचकर तहसीलदार देवेंद्र नेताम को ज्ञापन सौंपा तथा शीघ्र निराकरण की मांग की।



ग्रामीणों ने बताया कि करीब एक वर्ष पूर्व शासन द्वारा दर्राटोला को राजस्व ग्राम का प्रमाण-पत्र जारी किया जा चुका है, लेकिन आज तक कंप्यूटर रिकॉर्ड एवं विभागीय पोर्टल में गांव का नाम राजस्व ग्राम के रूप में अपडेट नहीं किया गया है। इसके कारण नामांतरण, सीमांकन, जाति, निवास, आय प्रमाण-पत्र सहित अन्य राजस्व एवं शासकीय कार्यों में अनावश्यक बाधाएं उत्पन्न हो रही हैं।

ग्रामीणों ने अपनी समस्या से भाजपा नेता संजय बैस को अवगत कराया। मामले को गंभीरता से लेते हुए बैस स्वयं ग्रामीणों के साथ तहसील कार्यालय पहुंचे और तहसीलदार देवेंद्र नेताम से विस्तार से चर्चा कर तत्काल ऑनलाइन रिकॉर्ड में सुधार कराने तथा शासन के आदेश का शीघ्र पालन सुनिश्चित करने की मांग की।

इस अवसर पर संजय बैस ने कहा कि शासन द्वारा राजस्व ग्राम का दर्जा मिलने के बाद भी यदि विभागीय अभिलेखों में गांव दर्ज नहीं है, तो यह ग्रामीणों के साथ अन्याय है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि दर्राटोला के प्रत्येक ग्रामीण को शासन की योजनाओं एवं राजस्व सुविधाओं का पूरा लाभ मिलना चाहिए और इस विषय में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई कर ग्रामीणों को राहत दिलाने की मांग की।

तहसीलदार देवेंद्र नेताम ने ज्ञापन प्राप्त कर मामले का शीघ्र परीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई एवं ऑनलाइन रिकॉर्ड में संशोधन कराने का आश्वासन दिया।

ज्ञापन सौंपने के दौरान बलवंत साहू, रवि नेताम अध्यक्ष, जनकल्याण समिति, जोहन भंडारी, देवप्रसाद भंडारी, पूरण करपाल, अंजोरी भंडारी सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

कार्यालय नगर पालिका परिषद तिल्दा-नेवरा, जिला-रायपुर (छ.ग.)

क्रमांक/457/लो.नि.वि./न.पा./2026-27 तिल्दा-नेवरा दिनांक 29.07.2026

मैन्युअल निविदा आमंत्रण सूचना (प्रथम)

नगर पालिका परिषद तिल्दा नेवरा जिला रायपुर द्वारा एकीकृत पंजीकृत प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत फर्मों/ठेकेदारों से त्रि-लिफाफा पद्धति में शासकीय पंजीकृत डाक स्पीड पोस्ट के माध्यम से निविदा प्रपत्र I में प्रचलित एस.ओ.आर. पी.डब्ल्यू.डी. भवन 10.06.2026/इलेक्ट्रीकल 2026 से प्रतिशत दर (निविदा जारी दिनांक तक संशोधित दर अनुसार) मुहरबंद लिफाफा में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में निविदा आमंत्रित की जाती हैंः-

1. निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन की अंतिम तिथि :- दि. 19.08.2026 समय सायं 05:00 बजे तक।
2. निविदा प्रपत्र प्रदान करने की अंतिम तिथि :- दि. 21.08.2026 समय सायं 05:00 बजे।
3. निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि :- दि. 24.08.2026 समय सायं 03:00 बजे।
4. निविदा प्रपत्र खोलने की अंतिम तिथि :- दि. 24.08.2026 समय सायं 04:00 बजे।

| क्र. | कार्य का विवरण | निविदा राशि (लाख में) | अमानत राशि (रूपये में) | निविदा प्रपत्र शुल्क | समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | परियोजना कार्यालय के भवन मरम्मत कार्य | 4.80 | 5000.00 | 750.00 | 04 माह |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी विभागीय वेबसाईट http://uad.cg.gov.in से एवं कार्यालय के सूचना पटल में कार्यालयीन समय में प्राप्त की जा सकती हैं।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद तिल्दा-नेवरा

## एक नजर

### छग में पहली बार महतारी वंदन पौधारोपण अभियान

**रायपुर, 30 जुलाई।** छत्तीसगढ़ में आज मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में पहली बार 'महतारी वंदन वृक्षारोपण अभियान' की शुरुआत हो रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान से प्रेरित इस कार्यक्रम का भव्य राज्य-स्तरीय आयोजन बालोद जिले में किया जा रहा है। इस अनोखे अभियान में महतारी वंदन योजना की लगभग 2.45 लाख हितग्राही महिलाएं बढ़-चढ़कर हिस्सा लेंगी। अभियान के तहत महिलाएं अपने घरों, आंगनबाड़ी केंद्रों और अन्य उपयुक्त सार्वजनिक स्थानों पर पौधे लगाएंगी। पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने वाले इस कार्यक्रम में पौधारोपण के बाद अपनी सेल्फी पोर्टल पर अपलोड करने पर डिजिटल प्रमाण-पत्र दिया जाएगा।

### 10 वर्षीया अरुणिमा शर्मा ने गायन में बनाया रिकार्ड




**रायपुर, 30 जुलाई।** रायपुर की 10 वर्षीय बाल गायिका अरुणिमा शर्मा 'आद्या' ने अपनी मधुर आवाज और कड़ी मेहनत से प्रदेश का नाम रोशन किया है। 09 नवंबर 2015 को जन्मी आद्या को हाल ही में इंडिया बुक ऑफ रिकार्ड्स 2026 द्वारा आईबीआर एचीवर का खिताब दिया गया है। इंडिया बुक ऑफ रिकार्ड्स ने आद्या को विभिन्न गायन प्रतियोगिताओं में भाग लेने और 9 प्रमाण पत्र एवं 1 ट्रॉफी जीतने के लिए सम्मानित किया है। इनमें संगीता कला अकादमी, रायपुर द्वारा आयोजित नटरंग महोत्सव में प्रथम पुरस्कार और बस्तर आइडल में द्वितीय उपविजेता का खिताब शामिल है। यह उपलब्धि उन्होंने केवल 10 वर्ष 7 माह की आयु में हासिल की है। आद्या ने कहा, कि मेरा सपना है कि एक दिन लता मंगेशकर जी जैसे देश के लिए गाउँ.

### पेंटिंग स्पर्धा का पुरस्कार वितरण 2 अगस्त को

**रायपुर, 30 जुलाई।** रायपुर प्रेस क्लब द्वारा 'वर्ल्ड प्रेस फ्रीडम डे' के अवसर पर आयोजित पेंटिंग प्रतियोगिता का परिणाम घोषित कर दिया गया है। प्रतियोगिता के विभिन्न वर्गों के विजेताओं को 2 अगस्त 2026, रविवार को दोपहर 2:00 बजे प्रेस क्लब परिसर में आयोजित एक गरिमामय समारोह में पुरस्कृत किया जाएगा। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ शासन के मन्त्रीगण विषेश रूप से उपस्थित रहेंगे। रायपुर प्रेस क्लब के अध्यक्ष मोहन तिवारी ने बताया कि इस प्रतियोगिता का आयोजन स्कूली बच्चों और आम नागरिकों की रचनात्मक प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से तीन अलग-अलग श्रेणियों में किया गया था। निर्णायक मंडल द्वारा गहन मूल्यांकन के बाद विजेताओं का चयन किया गया है।

### 'जंगल की निःशब्द रानी' पुस्तक का विमोचन

**रायपुर, 30 जुलाई।** विश्व बाघ दिवस पर रायपुर प्रेस क्लब के कोषाध्यक्ष एवं स्वदेश के पत्रकार दिनेश यदु द्वारा लिखित पुस्तक 'जंगल की निःशब्द रानी' का विमोचन वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप के करकमलों से किया गया। इस अवसर पर रायपुर प्रेस क्लब के अध्यक्ष मोहन तिवारी, महासचिव गौरव शर्मा तथा वीडियो पत्रकार इकराम कुरैशी सहित अनेक पत्रकार एवं गणमान्यजन उपस्थित रहे। 'जंगल की निःशब्द रानी' एक घायल बाघिन के संघर्ष, उपचार और उसके पुनर्जीवन की प्रेरक कहानी है। यह वही बाघिन है, जो आज अचानकमार टाइगर रिजर्व की शान बन चुकी है। पुस्तक के माध्यम से वन्यजीव संरक्षण, बाघों के महत्व और प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता का संदेश दिया गया है। विश्व बाघ दिवस के अवसर पर इस पुस्तक का विमोचन वन्यजीव संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।

# अब सिर्फ 10% ही लिया जाएगा ब्रोकन चावल



**रायपुर, 30 जुलाई।** मंत्रिमंडलीय उप समिति की बैठक की संपन्न हुई। बैठक को लेकर स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने बताया कि धान खरीदी को अधिक सरल, सुगम और प्रभावी बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं।

**25% नहीं, केवल 10% ब्रोकन चावल लिया जाएगा :** स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि धान खरीदी के दौरान बारदाने की कमी न हो, यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। कोई भी पूल से 25त्न ब्रोकन चावल नहीं लिया जाएगा। अब केवल 10 प्रतिशत ब्रोकन चावल ही लिया जाएगा। इससे यह फायदा होगा कि सेंट्रल पूल और राज्य पूल में धान देने के बाद जो धान बच जाता था, उसे राज्य सरकार नीलाम करती थी। अब नीलामी के लिए धान बचेगा ही नहीं।

उन्होंने बताया कि धान खरीदी को सरल और सुलभ बनाने को लेकर भी चर्चा हुई है। धान मिलिंग और धान खरीदी को लेकर रणनीति बनाई गई है। उप मंत्रिमंडलीय समिति में मंत्री दयालदास बघेल, मंत्री टंकराम वर्मा, मंत्री रामविचार नेताम और श्याम बिहारी जायसवाल शामिल हैं। बता दें कि देशभर में सर्वाधिक मूल्य पर छत्तीसगढ़ में किसानों से धान खरीदा जाता है। राज्य में प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान की खरीदी की जाती है।

## टेंट एंड डेकोर एक्सपो 31 से

**रायपुर, 30 जुलाई।** छत्तीसगढ़ टेंट ओनर्स वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा 31 जुलाई, 1 अगस्त एवं 2 अगस्त 2026 को अमुनिया बैंक्वेट हॉल, रायपुर में सीजी टेंट एंड डेकोर एक्सपो-2026 का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस एक्सपो में देशभर के टेंट एवं डेकोर उद्योग से जुड़े प्रतिष्ठित डीलर अपने स्टॉल लगाएंगे। आयोजन के दौरान आधुनिक तकनीक, नए उपकरणों और कार्यप्रणालियों की जानकारी दी जाएगी, जिससे व्यवसायी कम समय और कम लागत में बेहतर गुणवत्ता के साथ कार्य कर सकेंगे। इसके अलावा मॉडर्न स्टेज, एंट्री गेट, स्टॉल, कार्निवल सेटअप, आधुनिक कैटरिंग प्रोडक्ट्स, लाइटिंग, साउंड सिस्टम तथा अन्य ट्रेंडिंग डिजाइनों की जानकारी भी दी जाएगी। इससे व्यवसायियों को आकर्षक और गुणवत्तापूर्ण सेवाएं उचित लागत पर उपलब्ध कराने में सहायता मिलेगी। इवेंट मैनेजमेंट एवं टेंट व्यवसाय से जुड़े एवं नये जुड़ने वाले सभी लोगों के लिए यह आयोजन अत्यंत उपयोगी रहेगा।

छत्तीसगढ़ टेंट ओनर्स वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष अमरजीत सिंह दुआ ने सभी व्यवसायियों एवं सम्मानीय नागरिकों से इस आयोजन में शामिल होने की अपील की है। प्रेस वार्ता मे संयोजक तरनजीत सिंग होरा, उपाध्यक्ष पारस होरा एवं रिंकू भाकरे सहित अन्य सदयस उपस्थित थे




रायपुर, 30 जुलाई। सावन माह के प्रथम दिवस आज महादेवघाट स्थित हटकेश्वर महादेव का शिवभक्तों ने जलाभिषेक किया।

## स्वास्थ्य मंत्री की लापरवाही से बस्तर में मलेरिया : कांग्रेस

**रायपुर, 30 जुलाई।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी चिकित्सा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष डॉ. राकेश गुप्ता ने स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल को बस्तर संभाग में सेरेब्रल मलेरिया के फैलाव और कांकेर के आदिवासी हॉस्टल में तीन बच्चों की मृत्यु का जिम्मेदार ठहराया है। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी चिकित्सा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष डॉ. राकेश गुप्ता ने केंद्र सरकार से सवाल किया है की पिछले 3 वर्षों में डबल इंजन सरकार द्वारा प्राप्त राशि का विकेंन्द्रिकरण क्यों नहीं किया? आदिवासी हितों का ढोंग करने वाली राज्य सरकार ने स्थानीय स्तर पे खनिज निधि या ष्टस्क्रमद से खरीदी क्यों नहीं की?



प्रदेश की जनता डबल इंजन सरकार के केंद्र के मंत्री और छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य मंत्री से यह जवाब चाहती है कि पिछले तीन वर्षों से यह राशि प्राप्त क्यों आबाटित नहीं हुई?कमीशन खोर जिला कलेक्टरों ने जिला खनिज मद और कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी से मच्छरदानी खरीदने का आदेश क्यों पूरा नहीं किया? छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी चिकित्सा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष डॉ. राकेश गुप्ता ने स्वास्थ्य विभाग और जिला स्तर पर हो रही भारी कमीशन खोरी को इसका कारण बताते हुए कहा है कि केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित मेडिकेटेड मच्छरदानी की रेट पर अधिकारीयों को कमीशन मिलना संभव नहीं था इसीलिए मच्छरदानी की खरीदी नहीं की जा सकी! स्वास्थ्य मंत्री द्वारा मच्छरदानी खरीदी ना होने पर अनभिज्ञता प्रकट करना, आग लगने पर कुआं खोदने जैसा उपक्रम है।

## माँ गोदावरी आश्रम में मनाई गई गुरु पूर्णिमा



**रायपुर, 30 जुलाई।** गोमची स्थित माँ गोदावरी आनंदवन आश्रम में गुरु पूर्णिमा का पावन पर्व श्रद्धा, भक्ति और सामाजिक समरसता के भाव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर आश्रम में निवासरत बुजुर्ग मातृ-पितृजन, और वहां के समस्त समस्त सेवादार लोग उपस्थित रहे और सभी लोगों ने एक होकर मानव श्रृंखला बनाई और जीवनभर प्रेम, सहयोग, भाईचारे तथा एक-दूसरे के साथ मिलकर रहने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में आश्रम ट्रस्टी योगेश तिवारी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

उन्होंने सभी बुजुर्गों एवं उपस्थितजनों के साथ गुरु पूर्णिमा का पर्व मनाया तथा सभी ने अपने-अपने गुरुओं के प्रति श्रद्धा व्यक्त करते हुए उन्हें नमन किया और उनके बताए आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर योगेश तिवारी ने कहा कि गुरु केवल ज्ञान देने वाले नहीं, बल्कि जीवन को सही दिशा दिखाने वाले पथप्रदर्शक होते हैं। गुरु के बिना ज्ञान, संस्कार और जीवन की पूर्णता संभव नहीं है। गुरु हमें सत्य, सेवा, अनुशासन, सदाचार और मानवता का मार्ग दिखाते हैं।उन्होंने कहा कि माँ गोदावरी आनंदवन आश्रम का संदेश है कि यहाँ न कोई जाति का भेद है, न ऊँच-नीच का और न ही कोई अपना-पराया। यहाँ सभी एक परिवार की तरह प्रेम, सम्मान और अपनत्व के साथ रहते हैं। मानव श्रृंखला बनाकर सभी ने यह संकल्प लिया कि समाज में प्रेम, सद्भाव, समानता और मानवीय मूल्यों को आगे बढ़ाने के लिए सदैव मिल-जुलकर कार्य करेंगे।योगेश तिवारी ने कहा कि गुरु पूर्णिमा हमें अपने गुरुजनों, माता-पिता एवं बुजुर्गों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर देती है। समाज तभी मजबूत बनता है जब हम अपने संस्कारों, गुरुओं और वरिष्ठजनों के अनुभवों का सम्मान करते हैं। कार्यक्रम का समापन गुरु वंदना, आशीर्वाद एवं सभी के मंगलमय जीवन की प्रार्थना के साथ हुआ। पूरे आयोजन में श्रद्धा, आत्मीयता, सेवा और सामाजिक समरसता का भाव देखने को मिला।

## एल्यूमिनियम सीढ़ी की कीमत को लेकर विवाद

**रायपुर, 30 जुलाई।** मौदहापारा थाना क्षेत्र में एल्यूमिनियम सीढ़ी की कीमत पूछने के दौरान हुए विवाद ने मारपीट का रूप ले लिया। घटना में फर्नीचर दुकान संचालक और उसके बेटे के साथ मारपीट किए जाने का आरोप है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर एक आरोपी के खिलाफअपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

» **फर्नीचर दुकान संचालक व उसके बेटे से मारपीट एफआईआर दर्ज**

एफआईआर के अनुसार, एमजी रोड स्थित गुरुनानक चौक के पास नवीन फर्नीचर के संचालक नवीन गुप्ता ने शिकायत दर्ज कराई है कि 26 जुलाई को दोपहर करीब 1.30 बजे उनकी दुकान पर ग्राहक शीतल कुमार सैनी एल्यूमिनियम की सीढ़ी का दाम पूछने आया। कीमत बताए जाने पर उसने दाम अधिक होने की बात कही और विवाद शुरू हो गया। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि शीतल कुमार सैनी ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। इसी दौरान बीच-बचाव करने पहुंचे शिकायतकर्ता के पुत्र ऋषभ गुप्ता के साथ भी मारपीट की गई। शिकायत के अनुसार आरोपी ने ऋषभ के बाल पकड़कर खींचे, जिससे उसे पेट, दोनों हाथों और कोहनी में चोटें आईं। वहीं शिकायतकर्ता नवीन गुप्ता के बाएं पैर के अंगूठे और पेट में भी चोट लगने का उल्लेख एफआईआर में किया गया है। शिकायत में दुकान के कर्मचारी मुस्कान कुर्रे तथा आयुष दानी सहित आसपास मौजूद लोगों को घटना का प्रत्यक्षदर्शी बताया गया है। मौदहापारा थाना पुलिस ने आरोपी शीतल कुमार सैनी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), 2023 की धारा 296, 115(2) और 351(2) के तहत अपराध क्रमांक 0120/2026 दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है।

# गारमेंट फेयर का उद्घाटन



**रायपुर, 30 जुलाई।** होलसेल होजियरी एंड रेडीमेड डीलर्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित तीन दिवसीय विशाल रायपुर गारमेंट फेयर 2026 का गरिमामय एवं शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के यशस्वी प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी थे। उन्होंने दीप प्रज्वलित कर इस बहुप्रतीक्षित फेयर का विधिवत शुभारंभ किया।

मुख्य अतिथि के रूप में सभा को संबोधित करते हुए चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी ने आयोजकों को बधाई दी और गारमेंट क्षेत्र के विकास के लिए एक महत्वपूर्ण संदेश दिया रायपुर गारमेंट फेयर केवल एक प्रदर्शनी नहीं, बल्कि हमारे क्षेत्र के गारमेंट एवं होजियरी व्यापारियों के लिए संभावनाओं का एक सशक्त द्वार है। आज के प्रतिस्पर्धी दौर में ऐसे आयोजन स्थानीय व्यापार को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाते हैं। छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स हमेशा व्यापारियों के हितों की रक्षा, उनके व्यावसायिक कौशल को बढ़ावा देने और उन्हें सर्वोत्तम मंच प्रदान करने के लिए कटिबद्ध है। त्र्नस्न’26 निश्चित रूप से प्रदेश के व्यापारिक परिदृश्य को एक नया आयाम और गति प्रदान करेगा। चेम्बर कार्यकारी अध्यक्ष एवं एसोसिएशन के मार्गदर्शक जसप्रीत सिंह सलूजा ने कहा कि त्र्नस्न’26 का आयोजन हमारी व्यापारिक एकजुटता और निरंतर प्रगति का प्रत्यक्ष प्रमाण है। हर वर्ष यह फेयर नए आयाम स्थापित कर रहा है। छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफकॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी के मार्गदर्शन में हम व्यापारियों को एक ऐसा एकीकृत मंच देने में सफल रहे हैं, जहाँ नए रुझानों, बेहतरीन गुणवत्ता और सुलभ व्यापार का बेहतरीन संगम देखने को मिल रहा है।

## छात्राओं को यातायात, साइबर सुरक्षा का दिया गया प्रशिक्षण

**रायपुर, 30 जुलाई।** कमिश्नरेट पुलिस के सड़क सुरक्षा जनजागरूकता अभियान के तहत लक्ष्मी नारायण कन्या विद्यालय, कालीबाड़ी में यातायात, महिला सुरक्षा एवं साइबर सुरक्षा विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

डीसीपी यातायात डॉ. अर्चना झा के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में कक्षा 8वीं से 12वीं तक की करीब 250 छात्राओं, शिक्षकों और विद्यालय प्रबंधन ने भाग लिया। कार्यक्रम में एसीपी ट्रैफिक स्नेहिल साहू ने छात्राओं को साइबर अपराधों से बचाव, सुरक्षित डिजिटल व्यवहार, सोशल मीडिया के जिम्मेदार उपयोग तथा महिला सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं की जानकारी दी। उन्होंने साइबर हेल्पलाइन, साइबर क्राइम पोर्टल, चाइल्ड हेल्पलाइन,



पिंक पेट्रोल, डायल-112, कंट्रोल रूम और अभिव्यक्ति ऐप के उपयोग के बारे में भी बताया।

एसीपी ट्रैफिक सीमा अहिरवार ने सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों की जानकारी देते हुए कहा कि अधिकारों के साथ कर्तव्यों का पालन भी प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। उन्होंने छात्राओं और शिक्षकों से विद्यालय आने-जाने के लिए केवल क्यूआर कोड युक्त ऑटो और ई-रिक्शा का उपयोग करने तथा वाहन का क्यूआर कोड स्कैन कर उसकी जानकारी अभिभावकों से साझा करने की अपील की।

उन्होंने क्विक रिस्पॉन्स टीम, आईटीएमएस और ई-चालान प्रणाली की जानकारी देते हुए छात्राओं से अपने परिवार की ट्रैफिक एंबेसडर बनने और सड़क सुरक्षा का संदेश घर-घर तक पहुंचाने का आग्रह किया। कार्यक्रम में जुड़वा बहनों रक्षा-सुरक्षा ट्विन सेफ्टी एंजेल ने भी यातायात नियमों के पालन के प्रति छात्राओं को जागरूक किया।

**आयोजन** | महंत लक्ष्मीनारायणदास महाविद्यालय में दीक्षारंभ कार्यक्रम का आयोजन

# एआई के जमाने में विद्यार्थी स्वयं बेहतर भविष्य तय करें : बंसल

**रायपुर, 30 जुलाई।** स्थानीय महंत लक्ष्मीनारायण दास महाविद्यालय में नवप्रवेशित विद्यार्थियों के स्वागत एवं उन्हें महाविद्यालयीन जीवन, शैक्षणिक वातावरण और संस्थान की गतिविधियों से परिचित कराने के उद्देश्य से दीक्षारम्भ-2026 कार्यक्रम का आयोजन उत्साह एवं गरिमापूर्ण वातावरण में किया गया। कार्यक्रम में नवप्रवेशित विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।




कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रजत बंसल, विशेष सचिव, मुख्यमंत्री सचिवालय रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रमोद दुबे, पूर्व महापौर, सभापति एवं समाजसेवी ने की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि रजत बंसल ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि महाविद्यालयीन जीवन विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण और भविष्य की दिशा निर्धारित करने का महत्वपूर्ण चरण है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहते हुए निरंतर सीखने, समय का सदुपयोग करने तथा समाज एवं राष्ट्र के विकास में अपनी सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रमोद दुबे ने नवप्रवेशित विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल डिग्री प्राप्त करना नहीं, बल्कि एक जिम्मेदार, संवेदनशील और जागरूक नागरिक बनना है। उन्होंने विद्यार्थियों को महाविद्यालय की गरिमामयी परंपराओं को आगे बढ़ाने तथा अपने आचरण से परिवार, महाविद्यालय और समाज का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. देवाशीष मुखर्जी ने अपने उद्बोधन में नवप्रवेशित विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए कहा कि महाविद्यालय में प्रवेश विद्यार्थियों के जीवन की एक नई और महत्वपूर्ण यात्रा का शुभारंभ है। उन्होंने विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ अनुशासन, संस्कार, नैतिक मूल्यों एवं मानवीय संवेदनाओं को आत्मसात करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयासरत है और विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा एवं क्षमताओं को विकसित करने के लिए उपलब्ध विभिन्न शैक्षणिक, सांस्कृतिक, साहित्यिक एवं सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लेना चाहिए।

## रायपुर में मारपीट व धमकी के 6 मामले दर्ज

**रायपुर, 30 जुलाईं।** राजधानी रायपुर में अलग-अलग थाना क्षेत्रों में मारपीट, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी के कई मामले सामने आए हैं। पुलिस ने विभिन्न घटनाओं में आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। खम्हारडीह थाना क्षेत्र में पावती नगर निवासी बलराम यादव ने शिकायत दर्ज कराई कि उसके भाई ने बिना किसी कारण गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी और हाथ-मुक्का व बेल्ट से मारकर चोट पहुंचाई। मामले में ब्न्ह्स की धारा 296, 351(3) और 115(2) के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

इसी थाना क्षेत्र के रेहजा जनवाना कचना में अनजू कुमार द्विवेदी ने शिकायत की कि आरोपी ने शराब के नशे में गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी और हाथ-मुक्का से मारपीट कर चोट पहुंचाई। पुलिस ने संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया है। सिविल लाइन थाना क्षेत्र के पुराना राजेंद्र नगर में घर की बीच की दीवार को लेकर विवाद हो गया। शिकायतकर्ता रमेश कुमार मोनाडी के अनुसार, आरोपी ने विवाद के दौरान गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दी और हाथ-मुक्का से मारपीट की। पुलिस ने ब्न्ह्स की धारा 296, 351(2) और 115(2) के तहत प्रकरण दर्ज किया है। वहीं तेलीबांधा थाना क्षेत्र में लभांडी चौक के पास निर्माणाधीन मकान में लोहे का पाइप लगाने की बात को लेकर विवाद हुआ। शिकायतकर्ता शहजाद मंसूरी के मुताबिक, आरोपी ने गाली-गलौज और धमकी देने के बाद हाथ-मुक्का तथा पत्थर से हमला कर उसे घायल कर दिया।

टिकरापारा थाना क्षेत्र के मदनी चौक, संजय नगर में भी विवाद का मामला सामने आया। शिकायत के अनुसार, आरोपी महिला ने फरियादिया से उसके बॉयफ्रेंड से बात करने की बात को लेकर विवाद किया। इसके बाद गाली-गलौज, जान से मारने की धमकी और हाथ-मुक्का से मारपीट कर चोट पहुंचाई गई। मामले में आरोपी के साथ दो अन्य लोगों के खिलाफभी प्रकरण दर्ज किया गया है। कोतवाली थाना क्षेत्र में भी दो मामले दर्ज किए गए। नगर निगम गार्डन के पास उधारी के पैसों के लेन-देन को लेकर विवाद में शिकायतकर्ता को गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने का आरोप है।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26